kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-36 ❒ शनिवार, 07 मार्च 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



तृणमूल कांग्रेस की सरकार अब ज्यादा दिन नहीं टिकेगी। उन्होंने राज्य के कुछ अधिकारियों और तृणमूल समर्थित तत्वों को चेतावनी देते हुए कहा कि वे अपने तौर-तरीके सुधार लें, अन्यथा उन्हें इसके परिणाम भुगतने पड़ेंगे।
गिरिराज सिंह

जेवर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट को मिला एरोड्रम लाइसेंस 11

फांसी घर मामला : दिल्ली विधानसभा में आज कुछ ही लोगों के प्रवेश की अनुमति 12

दुनिया में स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता के कारण ऑर्गेनिक और केमिकल-फ्री खाद्य उत्पादों की मांग तेजी से बढ़ रही

# केमिकल-फ्री और नेचुरल फार्मिंग को बढ़ावा देकर कृषि निर्यात बढ़ाने पर जोर : मोदी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि दुनिया में स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता के कारण ऑर्गेनिक और केमिकल-फ्री खाद्य उत्पादों की मांग तेजी से बढ़ रही है और भारत को इस अवसर का लाभ उठाते हुए प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देकर कृषि उत्पादों को निर्यात उन्मुख बनाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कृषि एवं ग्रामीण परिवर्तनङ्क विषय पर आयोजित पोस्ट बजट वेबिनार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि आज वैश्विक स्तर पर ऑर्गेनिक डाइट, ऑर्गेनिक फूड और समग्र स्वास्थ्य देखभाल के प्रति लोगों की रुचि बढ़ रही है। ऐसे में भारत के किसानों के लिए प्राकृतिक खेती और केमिकल-फ्री उत्पाद वैश्विक बाजारों तक पहुंचने का एक ल्लहाईवेङ्क बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार इसके लिए प्रमाणन, प्रयोगशालाओं और आवश्यक ढांचे के विकास पर विचार कर रही है, लेकिन इस दिशा में सभी संबंधित पक्षों को मिलकर प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि केवल एक फसल पर निर्भर रहने से किसानों के लिए जोखिम बढ़ जाता है और आय के विकल्प सीमित हो जाते हैं। इसी कारण सरकार फसल विविधीकरण पर विशेष जोर दे रही है। खाने के तेल और दालों के लिए राष्ट्रीय मिशन तथा प्राकृतिक खेती पर राष्ट्रीय मिशन जैसे प्रयास कृषि क्षेत्र को मजबूत



करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कृषि भारत की दीर्घकालिक विकास यात्रा का एक रणनीतिक स्तंभ है। इसी सोच के साथ सरकार ने पिछले वर्षों में कृषि क्षेत्र को मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए हैं।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत करीब 10 करोड़ किसानों को चार लाख करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय सहायता दी जा चुकी है, जिससे किसानों को आर्थिक सुरक्षा मिली है। उन्होंने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में सुधार के कारण किसानों को उनकी लागत का डेढ़ गुना तक लाभ मिल रहा है। संस्थागत ऋण की पहुंच 75 प्रतिशत से अधिक किसानों तक हो चुकी है। वहीं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत लगभग दो लाख करोड़ रुपये के दावों का निपटारा किया गया है। इन पहलों के कारण किसानों का जोखिम कम हुआ है और कृषि क्षेत्र में आत्मविश्वास बढ़ा है।

## प्रधानमंत्री रविवार को दिल्ली में 33,500 करोड़ की विकास परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन और शिलान्यास

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 8 मार्च को दिल्ली में लगभग 33,500 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, कार्यक्रम से पहले प्रधानमंत्री सरोजिनी नगर में जनरल पूल रेजिडेंशियल अकॉमोडेशन (जीपीआरए) टाइप-5 क्वार्टर्स का दौरा करेंगे और महिला आवंटियों को आवास की चाबियां सौंपेंगे। प्रधानमंत्री लगभग 18,300 करोड़ रुपये की लागत वाली दिल्ली मेट्रो की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इनमें मेट्रो के दो नए कॉरिडोर करीब 12.3 किलोमीटर लंबा मजलिस पार्क-मौजपुर बाबरपुर (पिंक लाइन) कॉरिडोर और लगभग 9.9 किलोमीटर लंबा दीपाली चौक-मजलिस पार्क (मैजेंटा लाइन) कॉरिडोर शामिल हैं। इन नई लाइनों से बुराड़ी, जगतपुर-वजीराबाद, खजूरी खास, भजनपुरा, यमुना विहार, मधुबन चौक, हैदरपुर बादली मोड़, भलस्वा और मजलिस पार्क सहित कई क्षेत्रों के लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। इसके अलावा प्रधानमंत्री दिल्ली मेट्रो के फ़ेज-5 (ए) के तहत तीन नए कॉरिडोर का शिलान्यास भी करेंगे। लगभग 16.10 किलोमीटर लंबाई वाले इन कॉरिडोर में आर.के. आश्रम मार्ग से इंद्रप्रस्थ, एरोसिटी से इंदिरा गांधी एयरपोर्ट टर्मिनल-1 और तुगलकाबाद से कालिंदी कुंज मार्ग शामिल हैं। इन परियोजनाओं से राष्ट्रीय राजधानी के प्रमुख क्षेत्रों के बीच आवागमन और अधिक सुगम होगा तथा नोएडा, दक्षिण दिल्ली और हवाई अड्डे के

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत अनाज, दालों और तिलहन का रिकॉर्ड उत्पादन कर रहा है, लेकिन 21वीं सदी के दूसरे चरण में प्रवेश करते हुए कृषि क्षेत्र में नई ऊर्जा भरना आवश्यक है। इस वर्ष के बजट में इसी दिशा में कई नए अवसर प्रदान किए गए हैं, जो उत्पादकता बढ़ाने और कृषि निर्यात को प्रोत्साहित करने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि वैश्विक बाजार तेजी से खुल रहे हैं और दुनिया की मांग में बदलाव आ रहा है। ऐसे में भारत को अपनी कृषि को निर्यात उन्मुख बनाने पर ध्यान देना होगा। देश के विविध जलवायु क्षेत्रों और समृद्ध एग्रो-क्लाइमेटिक जोन का लाभ उठाकर विभिन्न प्रकार की फसलों का उत्पादन बढ़ाया जा सकता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बजट में उच्च मूल्य वाली कृषि पर विशेष ध्यान दिया गया है। इसके तहत नारियल, काजू, कोको और चंदन जैसी फसलों को क्षेत्रीय आधार पर प्रोत्साहित करने की योजना है। उन्होंने बताया कि दक्षिण भारत के राज्यों, विशेषकर केरल और तमिलनाडु में बड़ी मात्रा में नारियल का उत्पादन होता है,

इज़राइल-ईरान संघर्षः

# केंद्र सरकार ने टीवी न्यूज़ चैनलों की टीआरपी पर 4 हफ्ते की रोक लगाई

अमेरिका-इजराइल के हमले से ईरान में भारी तबाही, लेबनान से भागने लगे लोग

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली । इज़राइल-ईरान संघर्ष के दौरान टीवी न्यूज़ चैनल द्वारा अनावश्यक सनसनीखेज और अनुमानित सामग्री प्रसारित करने के मद्देनजर केन्द्र सरकार ने न्यूज चैनल के टेलीविजन रेटिंग पॉइंट्स (टीआरपी) की रिपोर्टिंग पर चार सप्ताह के लिए रोक लगा दी है।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने शुक्रवार को ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल (बीएआरसी) को निर्देश जारी कर कहा कि इज़राइल-ईरान संघर्ष के दौरान कुछ टीवी न्यूज़ चैनल अनावश्यक सनसनीखेज और भय पैदा करने वाली सामग्री प्रसारित कर रहे हैं, जिससे आम जनता में भय पैदा हो सकता है, विशेष रूप से उन लोगों में जिनके प्रभावित क्षेत्रों में दोस्त और परिवार रह रहे हैं। ऐसे में जनहित में बीएआरसी चार हफ्ते तक न्यूज चैनल की टीआरपी रेटिंग जारी नहीं करें। उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार ने टेलीविजन रेटिंग एजेंसियों के लिए नीति-निर्देश जारी किए थे, जिसके तहत ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल (बीएआरसी) एक पंजीकृत एजेंसी है जो न्यूज चैनलों की हर हफ्ते देखने वालों की संख्या के आधार पर रेटिंग जारी करती है।

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच छिड़े युद्ध का आज सातवां दिन है। इजराइल ने सारी रात ईरान की राजधानी तेहरान पर मिसाइल और रॉकेट दागे हैं। इससे कई जगह आग लग गई। तेहरान की इमारतों से इस समय भी धुआं उठ रहा है।






- ❒ ईरान ने बहरीन व यूएई में अमेजन डेटा सेंटर पर किया हमला
- ❒ ईरान ने बहरीन में इजराइली दूतावास, कतर में एयर बेस को बनाया निशाना
- ❒ इजराइल ने तेहरान और बेरूत पर ताजा हमले किए, ईरान ने जवाब में दागीं मिसाइलें, अमेरिका-इजराइल का ईरान के आजादी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स पर हमला, 12 हजार सीटों की क्षमता वाला इंडोर एरिना पूरी तरह ध्वस्त
- ❒ अमेरिका के पास हथियारों का जखीरा, खामेनेई के उत्तराधिकारी के चयन में शामिल होना चाहते हैं ट्रंप
- ❒ रेलवे टिकट और तत्काल बुकिंग के नियम बदलेंगे, ट्रेन किराए में बढ़ोतरी होगी

यही हाल लेबनान की राजधानी बेरूत का है। राजधानी में दहशत है। लोग लेबनान छोड़कर भागने लगे हैं। इजराइल ने लेबनान में सारी रात हवाई हमले किए। आतंकी समूह हिजबुल्लाह को निशाना बनाया। धमाकों से ईरान का आसमान चमक उठा-सीएनएन की आज दोपहर बाद प्रसारित रिपोर्ट के अनुसार, धमाकों से ईरान का आसमान चमक उठा है। तेहरान धुएं से भर गया है। इजराइल के एक व्यस्त शॉपिंग स्ट्रीट पर किए गए हमले से जानमाल की भारी क्षति हुई है। इजराइल ने स्वीकार किया है कि उसने लेबनान की राजधानी में पूरी रात हिजबुल्लाह के ठिकानों को निशाना बनाया। हमले से पहले स्थानीय निवासियों को इलाका खाली करने की चेतावनी जारी की गई। इस बीच ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई के उत्तराधिकारी के चयन पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि इस प्रक्रिया में उन्हें भी शामिल किया जाए। ट्रंप ने कहा कि गैस की बढ़ती कीमतों से अमेरिका को कोई फर्क नहीं पड़ेगा। भले ही युद्ध से ग्लोबल एनर्जी सप्लाई में रुकावट आ रही हो। उन्होंने कहा कि भारत को समुद्र में फंसे रूसी तेल को खरीदने के लिए 30 दिन की छूट दे दी है। द टाइम्स ऑफ इजराइल अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका और इजराइल ने कहा

## संक्षेप

### भारत की सांस्कृतिक एकात्मता, सामाजिक समरसता में दादागुरु परंपरा का अतुलनीय योगदानः भागवत

जैसलमेर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि भारत की सांस्कृतिक एकात्मता और सामाजिक समरसता में दादागुरु परंपरा का अतुलनीय योगदान है। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने सिखाया है कि जीवन में विविधता है लेकिन केवल विविधता को जगह देने से अनेकता पैदा होती है। जैन दर्शन हमें सिखाता है कि श्रद्धा के साथ किसी भी मार्ग पर चलकर ईश्वर को पाया जा सकता है।डॉ. भागवत ने गच्छाधिपति आचार्य जिनमणिप्रभ सुरीश्वर महाराज की निश्रा में दीप प्रज्ज्वलन कर तीन दिवसीय चादर महोत्सव का शुभारंभ किया। इस दौरान पूरा जैसलमेर दादागुरु जिनदत्त सूरि की भक्ति के रंग में डूबा नजर आया। कार्यक्रम का आयोजन यहां के डेडानसर मैदान में किया गया है। संघ प्रमुख भागवत ने समाज से अपील की कि वे सभी हिंदुओं को एक ही परिवार मानें और ऊंच-नीच के भेदभाव को समाप्त कर देश के लिए जीने का संकल्प लें।महोत्सव का सबसे बड़ा आकर्षण 7 मार्च को होने वाला सामूहिक 'दादागुरु इकतीसा' पाठ है। आचार्य श्री जिनमनोज्ञ सागर जी की प्रेरणा से आयोजित इस संकल्प के तहत विश्वभर में एक साथ 1 करोड़ 8 लाख श्रद्धालु पाठ करेंगे।जैसलमेर जैन ट्रस्ट के अध्यक्ष महेंद्र सिंह भंसाली ने बताया कि 11वीं शताब्दी में आचार्य जिनदत्त सूरी के अग्निसंस्कार के समय उनकी चादर का न जलना एक दैवीय चमत्कार माना जाता है।

### 'फांसी घर' की प्रामाणिकता को लेकर केजरीवाल, गोयल एवं बिड़ला दस्तावेज या प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर पाए : राजपूत

नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, दिल्ली विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष राम निवास गोयल और पूर्व उपाध्यक्ष राखी बिड़ला शुक्रवार को विशेषाधिकार समिति के समक्ष उपस्थित हुए। उन्होंने विशेषाधिकारी समिति के समक्ष 9 अगस्त 2022 को दिल्ली विधानसभा परिसर में उद्घाटित किए गए 'फांसी घर' की प्रामाणिकता से संबंधित मामले में अपना पक्ष रखा।

# 31 मार्च 2026 तक देश नक्सलवाद से मुक्त होगा : अमित शाह

एजेंसी

भुवनेश्वर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि भारत 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों के लगातार अभियानों और केंद्र सरकार के दृढ़ संकल्प के कारण देश अब इस समस्या से मुक्ति के अंतिम चरण में पहुंच चुका है। कटक के मुंडुली में केन्द्रीय औद्यगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के 57वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि केंद्र सरकार देश से नक्सलवाद को पूरी तरह समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, मैं देशवासियों को आश्वस्त करता हूं कि 31 मार्च तक भारत नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा।ङ्क शाह ने कहा कि सुरक्षा बलों के समन्वित और लगातार अभियानों के कारण देश अब दशकों पुरानी इस समस्या से छुटकारा पाने की दहलीज पर खड़ा है।

उन्होंने यह भी कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार तय समयसीमा के भीतर नक्सलवाद को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में सीआईएसएफ की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। शाह ने कहा, चाहे ओडिशा हो, छत्तीसगढ़ हो या तेलंगाना , नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में सीआईएसएफ ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने तथाकथित रेड कॉरिडोर की अवधारणा पर भी प्रहार करते हुए कहा कि सुरक्षा बल उन लोगों को पूरी तरह परास्त कर देंगे जो तिरुपति से पशुपति तक रेड कॉरिडोर बनाने का सपना देखते हैं। उन्होंने कहा, ल्लप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारे सुरक्षा बल इस चुनौती को पूरी तरह समाप्त कर देंगे, जो एक बड़ी उपलब्धि होगी। इससे पहले, अमित शाह भुवनेश्वर पहुंचे, जहां उनका स्वागत ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन माझी, उपमुख्यमंत्री प्रभाती परिडा और राज्य भाजपा अध्यक्ष मनमोहन सामल समेत अन्य नेताओं ने किया। इसके बाद वे सीआईएसएफ के स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मुंडाली रवाना हुए। अपने संबोधन में केंद्रीय गृह मंत्री ने देश की महत्वपूर्ण औद्योगिक इकाइयों और प्रतिष्ठानों की सुरक्षा में सीआईएसएफ के योगदान की सराहना की।



उन्होंने कहा, सीआईएसएफ के 57वें स्थापना दिवस के अवसर पर मैं सभी जवानों और उनके परिवारों को राष्ट्र की सुरक्षा के लिए उनके समर्पण के लिए धन्यवाद देता हूं। भारत को दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए औद्योगिक विकास आवश्यक है और उस विकास की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय स्तर की औद्योगिक सुरक्षा बल की जरूरत होती है। शाह ने कहा कि पिछले 56 वर्षों में

# ममता बनर्जी घुसपैठियों को बचाने के लिए दे रही हैं धरना : गिरिराज सिंह

एजेंसी

कोलकाता । केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वह शहर के बीचोंबीच धरना देकर अल्पसंख्यक समुदाय के घुसपैठियों को बचाने की कोशिश कर रही हैं। एक कार्यक्रम से इतर पत्रकारों से बातचीत में केंद्रीय वस्त्र मंत्री ने कहा कि तृणमूल कंग्रेस की सरकार अब ज्यादा दिन नहीं टिकेगी। उन्होंने राज्य के कुछ अधिकारियों और तृणमूल समर्थित तत्वों को चेतावनी देते हुए कहा कि वे अपने तौर-तरीके सुधार लें, अन्यथा उन्हें इसके परिणाम भुगतने पड़ेंगे। गिरिराज सिंह ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी केवल उन घुसपैठियों को बचाने में लगी हैं जो उनके वोट बैंक का बड़ा हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि एस्प्लानेड इलाके में घुसपैठियों को बचाने के लिए मुख्यमंत्री का धरने पर बैठना शर्मनाक है और पिछले चुनाव में भी ऐसे लोगों की मदद से उन्हें फायदा मिला था, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा।



केंद्रीय मंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की ओर से राज्य को दिए गए लगभग 15 लाख करोड़ के अनुदान का बड़ा हिस्सा तृणमूल कंग्रेस के कार्यकर्ताओं ने हड़प लिया। उन्होंने कहा कि पिछले 15 वर्षों में कई नेताओं ने साइकिल से लग्जरी चारपहिया वाहनों तक का सफर तय कर लिया और भव्य मकान बना लिए। गिरिराज सिंह ने दावा किया कि पहले जहां राज्य की औद्योगिक वृद्धि लगभग 25 प्रतिशत थी, वह घटकर करीब तीन प्रतिशत रह गई है। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले 15 वर्षों में पैदा हुए बच्चों के सिर पर लगभग 80 हजार करोड़ का बोझ आ गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में पहले मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और

## रांची में गैलेक्सिया मॉल स्थित पासपोर्ट ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी, पुलिस और बीडीएस ने की सघन जांच

रांची। झारखंड की राजधानी रांची में एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिलने से पुलिस और प्रशासन अलर्ट हो गया है। इस बार ग्लैक्सिया मॉल में स्थित पासपोर्ट कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। जानकारी के अनुसार, अज्ञात अपराधियों ने ईमेल के माध्यम से धमकी भरा संदेश भेजा, जिसमें रातू रोड स्थित पासपोर्ट कार्यालय को बम से उड़ाने की बात कही गई। धमकी भरा मेल मिलने के बाद पुलिस तत्काल सक्रिय हो गई।

कोतवाली पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस टीम और बम निरोधक दस्ता (बीडीएस) मौके पर पहुंचा और पूरे परिसर की जांच शुरू कर दी। पुलिस और बीडीएस टीम ने पासपोर्ट कार्यालय के अंदर और आसपास के पूरे इलाके की बारीकी से तलाशी ली। मॉल परिसर के अलग-अलग हिस्सों में भी सघन तलाशी अभियान चलाया गया। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कुछ समय के लिए इलाके में सतर्कता बढ़ा दी गई। हालांकि, कई घंटों

सुखोई विमान दुर्घटनाः

# नागपुर के फ्लाइट लेफ्टनेंट पूर्वेश दुरगकर को वीरगति

एजेंसी

नागपुर। असम के कार्बी आंगलोंग जिले में 5 मार्च की रात वायुसेना के सुखोई लड़ाकू विमान के प्रशिक्षण के दौरान दुर्घटनाग्रस्त होने से नागपुर जिले के सपूत फ्लाइट लेफ्टनेंट पूर्वेश दुरगकर और स्क्वॉड्रन लीडर अनुज वीरगति को प्राप्त हुए। वायुसेना से प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुरुवार को नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान यह विमान असम के कार्बी आंगलोंग जिले के घने जंगल और पहाड़ी क्षेत्र से गुजर रहा था कि अचानक रडार से गायब हो गया। थोड़ी ही देर में विमान का जमीन पर नियंत्रण से संपर्क टूट गया। घटना की सूचना मिलते ही तुरंत खोज अभियान शुरू किया गया लेकिन दुर्भाग्यवश दोनों वैमानिकों को बचाया नहीं जा सका। वीरगति प्राप्त फ्लाइट लेफ्टनेंट पूर्वेश दुरगकर मूलतः नागपुर जिले के निवासी थे। उन्होंने भंडारा जिले के शाहपुर



## राजनाथ और राहुल ने असम में विमान हादसे में शहीद जवानों की दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत कई नेताओं ने असम के कार्बी आंगलोंग जिले में हुए लड़ाकू विमान हादसे में वायु सेना के दो पायलटों की शहादत पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने स्क्वाड्रन लीडर अनुज और फ्लाइट लेफ्टिनेंट पूर्वेश दुर्गाकर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को सोशल

मुख्यमंत्री योगी ने 50 क्यूआरटी वाहनों को दिखाई हरी झंडी, कहा-

# पुलिस ने दंगाग्रस्त राज्य को सेफ यूपी बनाया



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को राजधानी लखनऊ में 50 क्यूआरटी वाहनों को हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उनकी सरकार में वर्ष 2017 से 2022 के बीच उत्तर प्रदेश पुलिस के सकारात्मक कार्यों का परिणाम है कि वर्ष 2017 से पहले के अराजक, बिगड़े, दंगाग्रस्त, कर्फ्यू ग्रस्त राज्य को सुरक्षित उत्तर प्रदेश के रूप में परिवर्तित कर एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है और इसी कारण पहली बार कोई सरकार लगातार दूसरी बार सत्ता में आयी है। लोक भवन, लखनऊ में आयोजित एक समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 50 क्यूआरटी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये वाहन होंडा इंडिया फाउंडेशन की ओर से अपने कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) फंड के तहत उपलब्ध कराए गए हैं। इस अवसर पर मुख्य सचिव एसपी गोयल, डीजीपी राजीव कृष्ण, होंडा इंडिया फाउंडेशन के वाइस चेयरमैन समेत शासन-प्रशासन के सभी प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहली बार देखा गया कि लोकतंत्र में कानून व्यवस्था चुनाव का मुद्दा बन सकता है और आज़ादी के बाद पहली बार कोई सरकार अपना 05 वर्ष का कार्यकाल पूरा करने के बाद फिर से दुबारा सत्ता में आयी तो यह पुलिस के उसी प्रयास का परिणाम है, जो 2017 से 2022 के बीच उत्तर प्रदेश में पुलिस ने ऐसा कार्य किया कि वर्ष 2017 से पहले के एक अराजक,

## कानपुर में विचार परिवार की समन्वय बैठक में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी

कानपुर। राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तरीय तमाम मुद्दों को लेकर विचार परिवार की शुक्रवार को कानपुर में एक अहम बैठक हुई। बैठक में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के साथ प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह भी मौजूद रहें। करीब ढाई घंटे चली बैठक में आगामी योजनाओं पर चर्चा हुई और इस दौरान मीडिया की एंट्री नहीं रही। नवाबगंज स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय सनातन धर्म विद्यालय में आयोजित विचार परिवार की बैठक में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को कानपुर पहुंचे। उनका हेलीकॉप्टर चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय परिसर में बने हेलीपैड पर उतरा, जहां भाजपा जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय स्थित शहीद चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर पुष्पाजंलि कर नमन किया। यहां से वह सीधे दीनदयाल विद्यालय पहुंचे जहां प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल आदि के साथ विचार परिवार के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों के साथ राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तरीय तमाम विषयों पर मंथन हुआ। बैठक में आगामी 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को मिला सिक्योरिटी वेटिंग क्लीयरेंस, उड़ानों की शुरुआत का रास्ता साफ

❒ ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी ने किया सुरक्षा मानकों का परीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। योगी सरकार के महत्वाकांक्षी नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) परियोजना को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मिली है। एयरपोर्ट को ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी की ओर से सिक्योरिटी वेटिंग क्लीयरेंस (ट्ठ्ठदफ्द्धष्भ ठ्ठद्गष्ठ्ठद्धद्ध इध्ध्न्धफ्थद्य) मिल गया है। यह प्रक्रिया एयरपोर्ट पर सुरक्षा व्यवस्थाओं की विस्तृत जांच के बाद पूरी की जाती है। इस मंजूरी के साथ ही अब डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) से एयरोड्रम लाइसेंस मिलने का रास्ता साफ हो गया है, जिसके बाद यहां से फ्लाइट ऑपरेशंस शुरू किए जा सकेंगे। प्रदेश सरकार की प्राथमिकता वाली इस परियोजना को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में तेजी से आगे बढ़ाया गया है। योगी सरकार का लक्ष्य जेवर एयरपोर्ट को देश के सबसे आधुनिक और बड़े एयरपोर्ट्स में शामिल करना है, जो उत्तर प्रदेश की आर्थिक प्रगति में अहम भूमिका निभाएगा।यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यीडा) के सीईओ राकेश कुमार सिंह ने बताया कि एयरपोर्ट पर फ्लाइट संचालन शुरू होने से पहले सुरक्षा मानकों का परीक्षण अनिवार्य होता है। इसके लिए ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (बीसीएएस) की टीम एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था, निगरानी प्रणाली, एक्सेस कंट्रोल, यात्रियों और कार्गो की जांच व्यवस्था सहित कई पहलुओं का निरीक्षण करती है। सभी मानकों के अनुरूप पाए जाने पर ही सिक्योरिटी वेटिंग क्लीयरेंस दिया जाता है।सिक्योरिटी वेटिंग अप्रूवल का मतलब है कि एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था उड़ान संचालन के लिए सुरक्षित मानी गई है। इसके बाद ही फ्लाइट शुरू होने की अंतिम प्रक्रिया आगे बढ़ती है। सुरक्षा मंजूरी मिलने के बाद अगला चरण डीजीसीए द्वारा एयरोड्रम लाइसेंस जारी करना होता है। यह लाइसेंस मिलने के बाद ही किसी एयरपोर्ट से व्यावसायिक उड़ानों का संचालन संभव होता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने जेवर एयरपोर्ट को राज्य के सबसे महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट के रूप में विकसित किया है। यह एयरपोर्ट न केवल पश्चिमी उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के लिए एक महत्वपूर्ण एविएशन हब के रूप में उभर रहा है। सरकार का मानना है कि इसके शुरू होने से प्रदेश में निवेश, पर्यटन, लॉजिस्टिक्स और व्यापार को बड़ा बढ़ावा मिलेगा। साथ ही हजारों युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि योगी सरकार का लक्ष्य जल्द से जल्द नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का शुभारंभ कर उसे ऑपरेशनल करने का है।

इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को कई चरणों में विकसित किया जा रहा है। पूर्ण रूप से विकसित होने के बाद यह देश ही नहीं एशिया के सबसे बड़े एयरपोर्ट्स में शामिल हो जाएगा। इसकी क्षमता प्रतिवर्ष करोड़ों यात्रियों को संभालने की होगी और यह उत्तर प्रदेश को वैश्विक एविएशन नेटवर्क से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# प्रयागराज मंडल में गाड़ियों का समयपालन 98.03 प्रतिशत, 17 जोनों में प्रथम स्थान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। प्रयागराज मंडल द्वारा रेल संचालन में निरंतर सुधार एवं यात्रियों को समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किए जा रहे प्रयासों के फलस्वरूप 05 मार्च को मंडल ने समयपालन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त की है। प्रयागराज मंडल पर संचालित मेल-एक्सप्रेस गाड़ियों का समयपालन 98.03 प्रतिशत दर्ज किया गया, जो वर्ष 2026 का अब तक का सर्वोत्तम प्रदर्शन है।

जनसम्पर्क अधिकारी अमित कुमार सिंह ने शुक्रवार को बताया कि 05 मार्च को प्रयागराज मंडल के विभिन्न रेल खंडों पर कुल 254 मेल-एक्सप्रेस गाड़ियां रिपोर्ट हुईं, जिनमें से 249 गाड़ियों का संचालन 100 प्रतिशत समयपालन के साथ सुनिश्चित किया गया। इस प्रदर्शन के परिणामस्वरूप उत्तर मध्य रेलवे ने भारतीय रेलवे के सभी 17 जोनों में 98.52 प्रतिशत समयपालन के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया।उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि मंडल रेल प्रबंधक रजनीश अग्रवाल के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक अकान्शु गोविल के नेतृत्व में परिचालन विभाग सहित मंडल के सभी विभागों के समन्वित प्रयासों का परिणाम है। रेलकर्मियों द्वारा की जा रही मॉनिटरिंग, प्रभावी संचालन प्रबंधन, बेहतर समन्वय तथा त्वरित निर्णयों के कारण गाड़ियों का संचालन समयानुसार सुनिश्चित किया जा सका।इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक ने मंडल के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि यात्रियों को सुरक्षित, सुगम एवं समयबद्ध रेल सेवाएं प्रदान करना भारतीय रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी इसी प्रकार प्रयागराज मंडल भारतीय रेलवे में उत्कृष्टता के नए मानक स्थापित करता रहेगा।वहीं, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक ने कहा कि गाड़ियों के समयपालन को और बेहतर बनाने के लिए मंडल में निरंतर मॉनिटरिंग, परिचालन प्रबंधन में सुधार तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय को और सुदृढ़ किया जा रहा है, जिससे यात्रियों को बेहतर और समयनिष्ठ सेवाएँ उपलब्ध कराई जा सके।

## पेट्रोल डीजल की खेप ड्रम में भरकर भेजा रहा मध्य प्रदेश

**कोरांव, प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज जनपद में डग्गामार बसों के जरिए पेट्रोल और डीजल की कालाबजारी जोरों पर है। कोरांव और बडोखर के पेट्रोल पंप से मध्य प्रदेश के हनुमाना, चाकघाट, रीवा में बड़े-बड़े ड्रमों में ले जाकर बेचा जा रहा है। जबकि खुले में पेट्रोल देना सख्त वर्जित है, लेकिन पेट्रोल पंप संचालक नियमों को ताक पर रखकर निजी फायदा के चक्कर में लगे हैं।मध्य प्रदेश में पेट्रोल-डीजल लगभग 10 रुपये प्रति लीटर महंगा होने के कारण यह कालाबजारी जारी है। जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी के कारण यह कालाबजारी खुलेआम जारी है। ज्वलनशील पेट्रोल की कालाबजारी से आगजनी का खतरा भी बढ़ जाता है, इसलिए इस पर तुरंत कार्रवाई की जरूरत है। स्थानीय क्षेत्र वासियों ने ऐसे गोरखधंधा पर लगाम लगाने की माग की है।

## संदेहास्पद डाटा पर छात्रवृत्ति कार्रवाई, 7 मार्च तक संस्थानों से मांगा प्रत्यावेदन

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** निदेशालय समाज कल्याण, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा शैक्षिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य वर्ग की दशमोत्तर छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति योजना में संदेहास्पद डाटा को लेकर कार्रवाई शुरू की गई है। जिला समाज कल्याण अधिकारी रामशंकर पटेल ने बताया कि संदेहास्पद डाटा कारणों सहित शिक्षण संस्थानों के लॉगिन पर उपलब्ध करा दिया गया है। सभी विश्वविद्यालयों व संबद्ध एजेंसियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने अधीनस्थ शिक्षण संस्थानों से 7 मार्च 2026 तक 100 रुपये के स्टाम्प पेपर पर प्रत्यावेदन आवश्यक प्रपत्रों सहित जिला समाज कल्याण कार्यालय में उपलब्ध कराएं। संस्थानों को अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और सामान्य वर्ग के संदेहास्पद डाटा की अलग-अलग सूची में पात्र और अपात्र छात्रों का स्पष्ट उल्लेख करना होगा। साथ ही संबंधित छात्रों के आवेदन पत्रों की प्रतियां और आवश्यक साक्ष्य भी जमा करने होंगे। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित तिथि तक प्रत्यावेदन जमा नहीं किया गया और पात्र छात्र छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते हैं, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित शिक्षण संस्था की होगी।

## पश्चिम एशिया में युद्ध की स्थिति को लेकर प्रयागराज में कंट्रोल रूम स्थापित

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** पश्चिम एशिया के देशों में युद्ध जैसी स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने जनपद में विशेष कंट्रोल रूम स्थापित किया है। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ने बताया कि जिला आपदा कंट्रोल रूम के सहायता नंबरों पर अब तक 116 लोगों से सूचना प्राप्त हुई है, जिसे राहत आयुक्त कार्यालय को अग्रिम कार्रवाई के लिए भेज दिया गया है। प्रशासन ने अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति का परिवार, रिश्तेदार या परिचित पश्चिम एशिया के देशों में फंसा हुआ है, तो उसका विवरण तुरंत कंट्रोल रूम को उपलब्ध कराएं। इसके लिए व्यक्ति का नाम, पिता का नाम, मोबाइल नंबर, जनपद में निवास, वर्तमान में किस देश में है तथा विदेश जाने का उद्देश्य आदि जानकारी देना आवश्यक होगा। सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं—0532-2641577, 0532-2641578, 9454417588, 7524921390 तथा टोल फ्री 1077।

## मेजा के विशेष विद्यालय में दिव्यांग छात्रों के प्रवेश शुरू



**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित राजकीय समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालय, गेदुराही (मेजा) में शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। विद्यालय में दृष्टिबाधित, श्रवणबाधित और अस्थिबाधित दिव्यांग छात्रों के साथ सामान्य छात्र-छात्राओं को भी कक्षा 6 से 12 तक निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाती है। इच्छुक छात्र या अभिभावक विद्यालय से निःशुल्क प्रवेश फार्म किसी भी कार्य दिवस में सुबह 10 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं। प्रवेश के लिए दिव्यांग प्रमाण पत्र या यूडीआईडी कार्ड, आधार कार्ड, अंकपत्र, स्थानांतरण प्रमाण पत्र, फोटो, आय, जाति व निवास प्रमाण पत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज जमा करने होंगे। प्रवेश से संबंधित जानकारी के लिए प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार (मो. 9648962827) तथा परीक्षा प्रभारी अनिता सरन (मो. 9935480094) से संपर्क किया जा सकता है।

## किशोरी के अपहरण से सनसनी, ग्रामीणों ने किया चक्का जाम

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** यमुनानगर जोन के माण्डा थाना क्षेत्र में एक किशोरी के कथित अपहरण से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर उतरकर चक्का जाम कर दिया, जिससे काफी देर तक यातायात बाधित रहा। ग्रामीणों का आरोप है कि घटना की सूचना के बाद भी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई नहीं की, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ गई। मौके पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। सूचना मिलने पर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द किशोरी की बरामदगी और दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

## जारी चौकी इंचार्ज पर वसूली के आरोप, ट्रांसपोर्टरों में नाराजगी

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** यमुनानगर जोन के माण्डा थाना क्षेत्र स्थित जारी पुलिस चौकी पर तैनात चौकी इंचार्ज पर ट्रकों से अवैध वसूली कराने के आरोप लगे हैं। सूत्रों के अनुसार चौकी के सामने ही कुछ निजी लोग ट्रकों को रोककर 'नो एंट्री' के नाम पर प्रति ट्रक 300 से 500 रुपये तक वसूलते हैं। बताया जा रहा है कि इस वसूली से कई ट्रांसपोर्ट मालिक परेशान हैं और उन्होंने इस मामले में कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह वसूली खुलेआम हो रही है, जिससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। हालांकि इस संबंध में पुलिस अधिकारियों की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

## डायट प्राचार्य राजेन्द्र प्रताप की माताजी का निधन

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) के प्राचार्य व उप निदेशक बेसिक शिक्षा राजेन्द्र प्रताप की वृद्ध माताजी का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनका पैतृक आवास मुगलसराय में शुक्रवार को अंतिम सांस ली। परिजनों के अनुसार वह पिछले काफी समय से अस्वस्थ चल रही थीं। उनके निधन की खबर मिलते ही शिक्षा विभाग तथा परिचितों में शोक की लहर दौड़ गई। कई शिक्षकों, अधिकारियों और शुभचिंतकों ने शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। परिवारजनों ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार पारिवारिक रीति-रिवाजों के अनुसार किया जाएगा।

## अपहरण मामले को लेकर माण्डा क्षेत्र में तनाव, पुलिस पर सवाल

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** माण्डा थाना क्षेत्र में किशोरी के कथित अपहरण की घटना के बाद इलाके में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। ग्रामीणों में घटना को लेकर भारी आक्रोश है और वे पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं। लोगों का आरोप है कि समय रहते पुलिस ने ठोस कार्रवाई नहीं की, जिससे स्थिति बिगड़ गई। मामले को लेकर एसीपी मेजा की कानून व्यवस्था पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। प्रशासन का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी। फिलहाल क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए पुलिस की अतिरिक्त तैनाती की गई है।

## लोकनाथ व्यायामशाला में महिलाओं की अद्भुत होली, दिखा उत्साह

प्रयागराज। शहर के प्रसिद्ध लोकनाथ क्षेत्र में पारंपरिक 'कपड़ा फाड़ होली' के समापन के बाद शुक्रवार को एक नया अध्याय जुड़ गया। लोकनाथ व्यायामशाला परिसर में तीसरे दिन केवल महिलाओं ने होली खेली, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। महिलाओं ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर पारंपरिक गीतों के साथ उत्साहपूर्वक होली मनाई। कार्यक्रम में महिलाओं का उत्साह देखने लायक था और पूरे माहौल में हर्षोल्लास का वातावरण बना रहा। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए कोतवाली पुलिस की विशेष तैनाती की गई थी। पुलिस का बंदोबस्त काफी बेहतर रहा, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। स्थानीय लोगों ने इसे शहर की सांस्कृतिक परंपरा का अनोखा रूप बताया।

# दहेज में बुलेट की मांग ने उजाड़ा परिवार विवाहिता और नवजात की दर्दनाक मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मलिहाबाद, लखनऊ। दहेज में नई बुलेट मोटरसाइकिल की मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों की बेरहमी ने एक परिवार को तबाह कर दिया। शादी के सिर्फ 15 दिन से शुरू हुई प्रताड़ना ने विवाहिता और उसके नवजात बेटे की जान ले ली।

मलिहाबाद कस्बा के मोहल्ला मोहंडन टोला (बाउली) निवासी पीड़ित परिजनों की शिकायत पर दर्ज मुक़द्दमे में बताया गया कि वर्ष 2024 में उन्होंने अपनी बहन नेहा का निकाह मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार दुबग्गा थाना क्षेत्र की पीली कॉलोनी निवासी सद्दाम से किया था। आरोप है कि शादी के करीब 15 दिन बाद से ही पति सद्दाम, सास रिजवाना, ननद शाहीन, रुखसार, गुलशन और नंदोई मज़हर ने दहेज की मांग को लेकर नेहा को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि ससुराल वाले दहेज में नई बुलेट मोटरसाइकिल की मांग कर रहे थे और मांग पूरी न होने पर नेहा के साथ आयेदिन मारपीट करते हुए उसे घर से निकालने की धमकी देते थे। इसी बीच नेहा गर्भवती हो गई, जिसके चलते परिवार ने लोकलाज के कारण कोई कार्रवाई नहीं की। 27 जुलाई 2025 को नेहा ने लखनऊ के जनता अस्पताल में बेटे को जन्म दिया, प्रसव के बाद ससुराल वालो नें मात्र दो घंटे बाद ही उसकी छुट्टी कराकर अस्पताल से घर लेकर चले गये। इसके बाद 2 अगस्त को नेहा की तबीयत बिगड़ने पर ससुरालियों नें परिजनों को फोन कर बुलाया। जब भाई वहां पहुंचा तो ससुराल पक्ष के लोगों ने दोबारा दहेज में नई बुलेट लाने की बात कहते हुए विवाहिता को घर से निकाल दिया। पीड़ित पक्ष के अनुसार 4 अगस्त को नेहा की हालत गंभीर होने पर उसे इलाज के लिए भर्ती कराया गया, जहां वह गहरे सदमे में बताई जा रही। वहीं 1 सितंबर 2025 को इलाज के दौरान नेहा के नवजात बेटे की जीपीएस अस्पताल, बालागंज में मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि घटना के बाद जब उन्होंने ससुराल पक्ष से संपर्क करके नवजात की मौत के बारे में बताया तो आरोपियों ने फोन बंद कर लिया और नंबर ब्लॉक कर दिया। 11 सितंबर को पीड़ित परिजनों ने मलिहाबाद थाने पहुँचकर लिखित तहरीर देकर पति सहित अन्य ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट और अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की। इसी दौरान विवाहिता की तबियत बिगड़ती चली गयी और परिजन उसे मलिहाबाद से लखनऊ तक अलग अलग अस्पतालों में इलाज कराते रहे लेकिन उसकी की हालत में कोई सुधार नही हुआ। परिजनों के मुताबिक़ नेहा इलाज के दौरान नवजात बच्चे की मौत और पति और ससुरालियों की प्रताड़ना के सदमे में थी। बृहस्पतिवार की तड़के अचानक नेहा की तबियत बिगड़ गयी और उसकी इलाज के दौरान एरा हॉस्पिटल में मृत्यु हो गयी। इस दौरान महिला के पति सहित ससुरालीजनों नें कोई सुध न ली और न ही इलाज में आर्थिक रूप से कोई सहयोग किया है। जिसके चलते पीड़ित परिजन रो रोकर बेटी और उसके नवजात बच्चे की मौत का इंसाफ मांग रहे है।

# कई विशिष्ट खोजों का साक्षी बनेगा भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण

❒ मनाया 176वाँ स्थापना दिवस कार्यक्रम, 39 भूवैज्ञानिकों को उनके विशेष योगदान हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने अपने 176 वें स्थापना दिवस समारोह का आयोजन अलीगंज स्थित उत्तरी मुख्यालय के कार्यालय परिसर में हर्षोल्लास एवं धूमधाम से आयोजित किया। राजिन्दर कुमार, अपर महानिदेशक एवं विभागाध्यक्ष, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, उत्तरी क्षेत्र की अध्यक्षता में आयोजित इस विशेष समारोह में मुख्यालय पर पदस्थापित अधिकारी एवं कर्मचारीगण, सेवानिवृत्त अधिकारी एवं कर्मचारी समेत अन्य ने सहभागिता की।

ई. ए. खान, उप महानिदेशक (सेवानिवृत्त), भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण स्थापना दिवस समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। जिन्होंने भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण की वर्ष 1851 में स्थापना से लेकर वर्त्तमान समय तक के विविध अविस्मरणीय कालखंडों पर प्रकाश डाला। वहीं राजिन्दर कुमार, अपर महानिदेशक एवं विभागाध्यक्ष, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने अपने उद्बोधन में बताया कि 4 मार्च 1851 को इस विभाग की स्थापना भारत में कोयले की खोज से प्रारंभ हुई थी। आज इस विभाग के भूवैज्ञानिक खनिज अन्वेषण, ध्रुवीय अध्ययन, भूस्खलन, पुराजीवाश्म, भूकम्पीय अध्ययन, हिम्नदीय अध्ययन, भूभौतिकी अन्वेषण सहित भूविज्ञान के सभी विधाओं में उल्लेखनीय योगदान कर रहे है क्र भारत की वृहद जलविद्युत परियोजनाओं यथा भाखड़ा नांगल, हीराकुंड, टिहरी सहित अन्य परियोजनाओं की स्थापना में इस विभाग के भूवैज्ञानिकों ने अथक मेहनत किया है जो कि भारत की जल विद्युत गाथा के सशक्त हस्ताक्षर है। अपर महानिदेशक एवं विभागाध्यक्ष ने सेवानिवृत्त भूवैज्ञानिकों का अभिनन्दन एवं आभार व्यक्त करते करते हुए कहा की आप लोगों द्वारा रखे नीव पर आज के भूवैज्ञानिक भव्य इमारत तामीर कर रहे हैक्र पंजाब में पोटाश अन्वेषण हेतु 1000 मीटर वेधन का उल्लेख करते हुए बताया कि आज भूविज्ञान एवं भूभौतिकी के समन्वित अध्ययन के द्वारा यह विभाग कई विशिष्ट खोजों का साक्षी बनेगा। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष ने उत्तरी क्षेत्र के विविध भूवैज्ञानिक अन्वेषणों में कार्य करते हुए 39 भूवैज्ञानिकों को उनके विशेष योगदान हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारी डॉ. डी.के. मेहरोत्रा द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन भी किया गया।

# वाराणसी नगर निगम का कूड़ा पृथक्करण पर जोर भवन स्वामियों को मिलेंगे चार प्रकार के डस्टबिन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग हासिल करने के लिए वाराणसी नगर निगम लगातार प्रयासरत है। इसके लिए जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से निगम ने अब प्रत्येक वार्ड में चार अलग-अलग श्रेणियों के डस्टबिन तथा जागरूकता स्टिकर वितरित करने का निर्णय लिया है, ताकि शत-प्रतिशत कूड़े का सोर्स सेग्रिगेशन ( पृथक्करण) सुनिश्चित किया जा सके।

स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नगर निगम का लक्ष्य है कि कचरा घर से ही अलग-अलग श्रेणियों में निकले। इसके लिए घरों के बाहर जागरूकता स्टिकर लगाए जा रहे हैं। नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जो नागरिक इस नियम का पालन करेंगे, उन्हें प्रोत्साहित किया जाए तथा जो सहयोग नहीं कर रहे हैं, उन्हें स्वच्छता नियमों की जानकारी दी जाए और उनका पालन सुनिश्चित कराया जाए।इस क्रम में अपर नगर आयुक्त सविता यादव ने स्वास्थ्य विभाग को प्रत्येक वार्ड के लिए चार रंगों के कूड़ेदान (डस्टबिन) उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। अभियान के पहले चरण में प्रत्येक वार्ड से कम से कम 30 ऐसे भवन स्वामियों को चिह्नित करने को कहा गया है, जो शत-प्रतिशत कूड़ा पृथक्करण का पालन कर रहे हैं या इसके लिए तत्पर हैं। इन नागरिकों को मॉडल के रूप में डस्टबिन और जागरूकता स्टिकर प्रदान किए जा रहे हैं, ताकि अन्य लोग भी प्रेरित हो सकें।अपर नगर आयुक्त ने स्पष्ट किया कि कूड़ा प्रबंधन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी मुख्य सफाई निरीक्षकों एवं खाद्य निरीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे डस्टबिन वितरण तथा स्टिकर चिपकाने की प्रक्रिया की फोटो साक्ष्य सहित रिपोर्ट तत्काल उपलब्ध कराएं। इस प्रक्रिया की निगरानी के लिए व्हाट्सएप ग्रुप और निर्धारित प्रारूप का उपयोग किया जा रहा है। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे वार्डों में जाकर लोगों को सीधे गीला, सूखा तथा हानिकारक कचरा अलग-अलग रखने के लिए जागरूक करें।

# इंग्लैंड के वेलिंगबोरो के मेयर ने काशी के महापौर से की शिष्टाचार भेंट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। इंग्लैंड के वेलिंगबोरो नगर के मेयर राज मिश्रा ने शुक्रवार को वाराणसी प्रवास के दौरान महापौर अशोक कुमार तिवारी से उनके कक्ष में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर महापौर ने उन्हें अंगवस्त्रम एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।

मुलाकात के दौरान नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल सहित नगर निगम के कई पार्षद भी उपस्थित रहे। दोनों जनप्रतिनिधियों ने शहरी विकास, जनसुविधाओं के विस्तार तथा विभिन्न जनकल्याणकारी विषयों पर सकारात्मक चर्चा की।श्री राज मिश्रा वर्तमान में इंग्लैंड के वेलिंगबोरो टाउन काउंसिल के मेयर हैं। वे मूल रूप से उत्तर प्रदेश के मिर्ज़ापुर जनपद के निवासी हैं और 13 मई 2025 को वेलिंगबोरो टाउन काउंसिल के पाँचवें मेयर के रूप में निर्वाचित हुए थे। उनका कार्यकाल 13 मई 2025 से 13 मई 2026 तक है। वे यूनाइटेड किंगडम की प्रमुख राजनीतिक पार्टी कंजरवेटिव पार्टी से जुड़े हुए हैं।किसान परिवार में जन्मे श्री राज मिश्रा ने चंडीगढ़ से बी.टेक तथा लंदन से कंप्यूटर साइंस में एम.टेक की डिग्री प्राप्त की है। इसके अतिरिक्त उन्होंने मैसाचुसेट्स प्रौद्योगिकी संस्थान (एमआईटी) से डेटा साइंस में प्रमाणन भी हासिल किया है। राजनीति में आने से पूर्व वे सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में लगभग 15 वर्षों तक कार्यरत रहे तथा यूके के रक्षा मंत्रालय एवं बैंकिंग सेक्टर में भी अपनी सेवायें दे चुके हैं।अक्टूबर 2025 में उन्होंने उत्तर प्रदेश में एआई डेवलपमेंट सॉल्यूशन प्रोजेक्ट के अंतर्गत लगभग 2500 करोड़ रुपये के संभावित निवेश की घोषणा भी की थी। इस अवसर पर पार्षदगण सुरेश कुमार चौरसिया, सिंधु सोनकर, मदन दूबे, प्रवीण राय, सुरेश पटेल आदि ने दोनों नगरों के बीच सहयोग एवं संवाद को भविष्य में और सुदृढ़ करने की आशा व्यक्त की।

# डीजीआर का पूर्व सैनिकों के लिए विशेष रोजगार मेले का आयोजन 13 को

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । पूर्व सैनिकों को नागरिक कार्यबल में सशक्त बनाने और उनके पुनर्एकीकरण में सहायता करने की एक ऐतिहासिक पहल के तहत, पुनर्वास महानिदेशालय (डीजीआर), पूर्व सैनिक कल्याण विभाग (रक्षा मंत्रालय), 13 मार्च को पुणे, महाराष्ट्र में पूर्व सैनिकों के लिए एक रोजगार मेले का आयोजन कर रहा है।उक्त जानकारी रक्षा मंत्रालय, प्रयागराज के पीआरओ ने शुक्रवार को देते हुए बताया कि यह रोजगार मेला भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना के पूर्व सैनिकों को सुरक्षा, आईटी, प्रशासन, लॉजिस्टिक्स, स्वास्थ्य सेवा और जीनियरिंग सहित विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख कॉर्पोरेट और उद्योग नियोक्ताओं से जोड़ने के लिए एक समर्पित मंच के रूप में कार्य करेगा। यह पहल पूर्व सैनिकों के पुनर्वास और कल्याण के प्रति पूर्व सैनिक कल्याण विभाग (रक्षा मंत्रालय) की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है।इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि उनके अनुशासन, नेतृत्व और तकनीकी विशेषज्ञता को पहचान मिले। ये ऐसे कौशल हैं जिन्हें नागरिक जॉब मार्केट में अत्यधिक महत्व दिया जाता है। डीजीआर वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान पूरे भारत में विभिन्न स्थानों पर पूर्व सैनिकों के लिए 18 रोजगार मेले आयोजित कर रहा है, जिनमें से अब तक दिल्ली, चेन्नई, अहमदाबाद, लखनऊ, वाराणसी, कोलकाता, सिकंदराबाद, जम्मू, भोपाल, कोच्चि, गुवाहाटी, देहरादून और बेंगलुरु में पंद्रह मेले आयोजित किए जा चुके हैं।पीआरओ ने बताया कि पूर्व सैनिकों के पास उन रिक्रूटर्स के सामने अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर होगा जो उनके द्वारा कार्यबल में लाए जाने वाले अद्वितीय मूल्य को समझते हैं। नियोक्ताओं को पंजीकरण करने पर समर्पित, कुशल और मिशन के लिए तैयार पेशेवरों के रेज़्युमे तक निःशुल्क पहुंच प्राप्त होगी। नियोक्ता रोजगार मेले के दौरान पहले से शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों के साक्षात्कार और चयन की योजना बना सकते हैं।नियोक्ता और पूर्व सैनिक बबब-द्रूपद्वद्धद्वन्द्र-दधद्व पर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं, जो विशेष रूप से पूर्व सैनिकों के लिए एक एआई-संचालित जॉब प्लेटफॉर्म है।

# महापौर के कैंप कार्यालय पर धूमधाम से मनाया गया होली मिलन समारोह 'होलिकोत्सव'

❒ कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं तथा शहर की गणमान्य जनता ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। रंगों और उत्साह के पावन पर्व होली के अवसर पर शुक्रवार को माननीय महापौर सुषमा खर्कवाल के बालाकदर स्थित कैंप कार्यालय पर भव्य होली मिलन समारोह 'होलिकोत्सव' का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं तथा शहर की गणमान्य जनता ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएँ दीं।इस अवसर पर होली के पर्व को फूलों की होली के साथ मनाया गया। उपस्थित अतिथियों और जनसमूह ने फूलों की वर्षा के बीच पारंपरिक अंदाज में होली का आनंद लिया। वातावरण पूरी तरह से रंग, उमंग और उत्सव के रंगों में रंगा हुआ नजर आया। कार्यक्रम स्थल पर भक्ति और संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान मंच से बरसाने की प्रसिद्ध होली की झलक भी प्रस्तुत की गई, जिसने सभी का मन मोह लिया। कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी की लीलाओं का सुंदर मंचन किया। राधा-कृष्ण की झांकियों और भक्ति गीतों के साथ प्रस्तुत की गई इस सांस्कृतिक प्रस्तुति ने कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना दिया। दर्शकों ने तालियों के साथ कलाकारों का उत्साहवर्धन किया और पूरे वातावरण में ब्रज की होली की झलक दिखाई दी।

इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दीं और समाज में प्रेम, सौहार्द और भाईचारे के संदेश को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। महापौर सुषमा खर्कवाल ने सभी अतिथियों और शहरवासियों को होली की बधाई देते हुए कहा कि होली का पर्व आपसी प्रेम, सद्भाव और एकता का प्रतीक है। यह त्योहार समाज में खुशहाली, सकारात्मकता और मेल-मिलाप का संदेश देता है। कार्यक्रम में माननीय वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना , राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा , बृज लाल , सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा , विधायक डॉ. नीरज बोरा , योगेश शुक्ला ,जय देवी , भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी , मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत तथा नगर आयुक्त गौरव कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में माननीय पार्षदगण, भाजपा के वरिष्ठ नेतागण, पार्टी पदाधिकारीगण, कार्यकर्तागण, लखनऊ के माननीय व्यापारी संगठन, नगर निगम के अधिकारीगण, कर्मचारी संगठन, पर्वतीय समाज के लोग, क्षेत्र की गणमान्य जनता तथा बड़ी संख्या में वरिष्ठजन उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर होली के इस पावन पर्व को उत्साह और सौहार्द के साथ मनाया।

## इंदिरानगर में युवक पर फायरिंग का 24 घंटे में खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ। थाना इंदिरानगर क्षेत्र में युवक पर की गई जानलेवा फायरिंग की घटना का पुलिस ने महज़ 24 घंटे के भीतर सफल खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर भरोसा मजबूत हुआ है।मिली जानकारी के अनुसार, बीते दिन इंदिरानगर क्षेत्र में विक्की चौधरी नामक युवक को गोली मार दी गई थी। घटना के बाद परिजनों द्वारा पुलिस को तहरीर दी गई, जिसके आधार पर इंदिरानगर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।घायल विक्की चौधरी के अनुसार घटना के समय चार से पांच लोग मौके पर मौजूद थे। पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है।पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपियों में मोहम्मद रेहान पुत्र मोहम्मद सिराज और मोहम्मद आलम पुत्र अनवर मोहम्मद शामिल हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से .32 बोर की अवैध पिस्टल, एक जिंदा कारतूस तथा एक खोखा कारतूस बरामद किया है।बताया जा रहा है कि गिरफ्तार आरोपियों का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है।

# वास्तविक सेवा देखनी हो तो हरिद्वार जाकर सेवा मिशन में देखिए : असीम अरुण



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। सुशान्त गोल्फ सिटी के दयाल बाग में चल रही दिव्य प्रेम सेवा मिशन द्वारा राधा माधव की कथा में दूसरे दिन पूज्या साधना श्री जी देवी माहेश्वरी के मुख से ''श्री राधा माधव कथा का श्रोताओं को रसामृत कराया। कथा के द्वितीय दिवस पर शुक्रवार को मुख्य अतिथि प्रदेश के मंत्री असीम अरुण,, दिव्य प्रेम सेवा मिशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गौतम , कार्यकारी अध्यक्ष संजय चतुर्वेदी, आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश सिंह दयाल, सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।प्रदेश के मंत्री असीम अरुण ने दिव्य प्रेम सेवा मिशन द्वारा चलाये जा रहे सेवा प्रकल्पों की सराहना करते हुए कहा कि अगर आपको वास्तव में सेवा देखनी हो तो एक बार हरिद्वार जाकर सेवा मिशन में देखिए। जहाँ लोगो की सेवा संकल्प के साथ की जाती है।

# मोहनलालगंज में गुज्जर गैंग का कहर, मजदूर दंपति को घर से घसीटकर बेरहमी से पीटा

❒ घटना का वीडियो और मामला शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई और आठ आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

मोहनलालगंज, लखनऊ। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के स्थित कनकहा पुलिस चौकी क्षेत्र के रंजीत खेड़ा गांव में दबंगों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्होंने एक गरीब मजदूर दंपति को घर से खींचकर डंडों से जमकर पीटा और लहूलुहान कर दिया। हैरानी की बात यह रही कि पीड़ित जब न्याय की आस लेकर कनकहा पुलिस चौकी पहुंचे तो चौकी इंचार्ज ने कार्रवाई करने के बजाय उन्हें टरका दिया।

घटना का वीडियो और मामला शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई और आठ आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।रंजीत खेड़ा गांव निवासी पीड़िता राधा के मुताबिक बुधवार शाम करीब पांच बजे गांव का ही सूरज शराब के नशे में उनके घर के सामने आकर गाली-गलौज करने लगा। राधा के पति सुखराम ने इसका विरोध किया तो सूरज ने फोन कर अपने साथियों को बुला लिया। आरोप है कि कुछ ही देर में गुज्जर गैंग के कई लोग मौके पर पहुंच गए और घर पर चढ़कर पहले पथराव किया, फिर दंपति को घर से खींचकर बाहर ले आए।पीड़िता का आरोप है कि दबंगों ने पति-पत्नी को घेरकर डंडों से बेरहमी से पीटा। मारपीट में मजदूर सुखराम का सिर फट गया और वह लहूलुहान हो गया, जबकि महिला को भी गंभीर चोटें आई हैं। आसपास के लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव कर दोनों को बचाया।

घायल दंपति न्याय की उम्मीद लेकर कनकहा पुलिस चौकी पहुंचे, लेकिन वहां भी उन्हें निराशा ही हाथ लगी। आरोप है कि चौकी इंचार्ज ने उनकी शिकायत सुनने के बजाय उन्हें चौकी से टरका दिया और कोई कार्रवाई नहीं की।शुक्रवार को जब मारपीट की घटना सोशल मीडिया पर वायरल होने लगी और पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे तो हरकत में आई पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी सूरज, राजाराम, करन, अरुण, सुनील, शिवम, नन्हके और विष्णु लाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।इंस्पेक्टर बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और उनकी तलाश की जा रही है। हालांकि घटना के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर इलाके में चर्चा का माहौल बना हुआ है और लोगों का कहना है कि यदि समय रहते पुलिस कार्रवाई कर देती तो मामला सोशल मीडिया तक नहीं पहुंचता।

# अस्पताल ने गर्भवती महिला को बताया मृत, परिजनों का हंगामा, वीडियो



**कैनविज टाइम्स संवाददात**

लखनऊ। पीजीआई थाना क्षेत्र के वृंदावन सेक्टर-6सी स्थित कृष्णा लाइफ लाइन हॉस्पिटल में 23 वर्षीय गर्भवती महिला को मृत घोषित किए जाने के बाद जमकर हंगामा हो गया।जानकारी के अनुसार नगराम क्षेत्र के इस्माइल नगर निवासी चांदनी (23), पत्नी आशु को प्रसव के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया, जबकि उसके शरीर में हलचल दिखाई दे रही थी। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। हालांकि बाद में मायके और ससुराल पक्ष के लोगों ने आपसी सहमति से बिना पोस्टमार्टम कराए ही महिला का अंतिम संस्कार कर दिया। मामले में पुलिस ने बताया है कि किसी पक्ष से किसी प्रकार कोई आरोप नहीं लगाया गया है।

## नगराम में नाबालिक लड़की से दुष्कर्म का आरोप , मुकदमा दर्ज

**नगराम , लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगराम थाना क्षेत्र के एक गांव में 13 वर्षीय नाबालिक लड़की के साथ बीते गुरुवार को दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार गांव निवासी अवधेश पर आरोप है कि उसने 13 वर्षीय नाबालिक को बहला फुसलाकर अपने घर बुलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया पीड़िता ने घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी , इसके बाद पीड़िता की मां ने थाने पहुंचकर आरोपी के विरुद्ध तहरीर दिया , नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ पास्को समेत संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है।

## उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में फरवरी माह में चला सघन टिकट चेकिंग अभियान

**लखनऊ, कैनबिज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में फरवरी माह में सघन टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस विशेष अभियान में बिना टिकट तथा अनियमित यात्रा करने वाले यात्रियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की गई।मंडल में चलाए गए इस अभियान के तहत कुल 57,771 पेनाल्टी केस दर्ज किए गए। टिकट जांच के दौरान पकड़े गए यात्रियों से वसूले गए जुर्माने के माध्यम से रेलवे को 3.90 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ।रेलवे अधिकारियों के अनुसार यह आय निर्धारित लक्ष्य से 10.85 प्रतिशत अधिक दर्ज की गई है, जो कि टिकट चेकिंग अभियान की प्रभावशीलता को दर्शाता है।यह विशेष अभियान सुनील कुमार वर्मा, मंडल रेल प्रबंधक के निर्देश पर चलाया गया, जिसमें टिकट चेकिंग स्टाफ और रेलवे सुरक्षा बल की टीमों ने विभिन्न ट्रेनों और स्टेशनों पर सघन जांच अभियान चलाया।रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा के दौरान वैध टिकट लेकर ही यात्रा करें, ताकि किसी भी प्रकार की कार्रवाई और जुर्माने से बचा जा सके।

## खननकर्ताओं की ओर से ग्राम प्रधान को मिली जान से मारने की धमकी



**लखनऊ, कैनबिज टाइम्स संवाददाता।** मिट्टी खनन कराने वालों की ओर से जाति सूचक गालियों के अलावा जान से मारने की धमकी भी दी गई है। इस बात की शिकायतगोसाईगंज कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत धौरहरा के प्रधान गया प्रसाद की ओर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ऑन लाइन भेजी गई है। प्रधान की ओर से भेजे गए प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि खनन कार्य में लगे डंफरो के आवागमन की वजह से चक मार्ग खराब हो गया है। इससे किसानों को अपने खेत तक पहुंचने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस बात को लेकर किसानों में भी आक्रोश भरा हुआ है। प्रधान के अनुसार 12 फुट गहराई तक मिट्टी खोदी गई है। खनन कर्ताओं की ओर से कार्य कराने की अनुमति प्राप्त होने की बात कही जाती है लेकिन उनकी कभी दिखाया नहीं। यही पर संदेह उत्पन्न हो जाता है।

## महाराजा बिजली पासी राजकीय पीजी कॉलेज ने नगर निगम को चुकाया एक करोड़ से अधिक का बकाया टैक्स

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** महाराजा बिजली पासी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, आशियाना ने नगर निगम लखनऊ को बकाया गृहकर का पूर्ण भुगतान कर दिया है। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा प्राचार्य डॉ. सुमन गुप्ता के नेतृत्व में नगर निगम को कुल 1,05,26,787 रुपये (एक करोड़ पांच लाख छब्बीस हजार सात सौ सत्तासी रुपये) की बकाया कर धनराशि जमा कराई गई। यह कार्यवाही नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देशन तथा अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव और मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुई। इस प्रक्रिया में जोन-8 के जोनल अधिकारी विकास सिंह, कर निर्धारण अधिकारी दिव्यांशु पाण्डेय, कर अधीक्षक राम अचल एवं सुरेंद्र सिंह, राजस्व निरीक्षक अनुज गौड़ तथा सरकारी भवनों से कर वसूली के लिए नामित लिपिक श्री सागर दास की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## नगर निगम का सघन अतिक्रमण अभियान, कई अवैध ठेले व सामान जब्त

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शहर में लगातार बढ़ रहे अवैध अतिक्रमण और उससे उत्पन्न यातायात बाधाओं को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम लखनऊ द्वारा शुक्रवार को व्यापक स्तर पर सघन अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। यह अभियान नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर संचालित किया गया, जिसका उद्देश्य शहर की प्रमुख सड़कों, सार्वजनिक स्थलों तथा फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त कर नागरिकों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा प्रदान करना है। इसी क्रम में जोन-7 इसके अतिरिक्त शहर में अवैध अस्थायी अतिक्रमण, होर्डिंग, बैनर एवं पोस्टरों के विरुद्ध भी विशेष अभियान चलाया गया।

# टैंकर की टक्कर में बाइक सवार युवक की मौत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। गुरुवार को होली मिलन कर घर लौट रहे बाइक सवार को टैंकर ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को माल सीएचसी पहुंचाया जहां डाक्टर ने मृत बता दिया। थाना क्षेत्र की रामनगर पंचायत के आजाद नगर गांव निवासी सुरेन्द्र के अनुसार उसका बेटा विशाल शर्मा(23) रात आठ बजे मोटरसाइकिल से रुदान खेड़ा से होली मिलकर घर वापस आ रहा था। तभी माल-अतरौली मार्ग पर रुदान खेड़ा के निकट टैंकर यूपी 35/टी 6004 ने पीछे से जोरदार टक्टर मार दी।

टक्कर से विशाल छिटक कर दूर जा गिरा और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को अंजाम देने के बाद टैंकर चालक टैंकर छोड़कर मौके से फरार हो गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माल पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने देखने के बाद विशाल को मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल, पुलिस ने टैंकर को कब्जे में ले लिया है। मृतक के परिवार में मां उर्मिला छोटा भाई अभिमान सहित दो बहने विवाहित व एक अविवाहित बहन तमन्ना है। सभी का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने पिता सुरेन्द्र की तहरीर पर अज्ञात चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्यवाही में जुट गई है।

# बेखौफ चोरों का आतंक: बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों के जेवरात, नकदी व दस्तावेज चोरी

❒ लोगों ने पुलिस गश्त पर उठया सवाल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



मोहनलालगंज, लखनऊ। मोहनलालगंज क्षेत्र में चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। ताजा मामला डॉन बॉस्को इंस्टीट्यूट के पीछे स्थित एक कॉलोनी का है, जहां चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाते हुए ताला तोड़कर लाखों रुपये के जेवरात, नकदी और महत्वपूर्ण कागजात पार कर दिए।

घटना की जानकारी शुक्रवार सुबह पड़ोसियों ने फोन कर घर मालिक को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार मूल रूप से कानपुर देहात के जैनपुर निवासी विशेष यादव वर्तमान में अपने मौसा शैलेंद्र यादव के मकान में, जो डॉन बॉस्को इंस्टीट्यूट के पीछे वाली बिल्डिंग के पास मोहनलालगंज में है, रह रहे थे। विशेष यादव एक निजी अस्पताल में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत हैं।पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह पिछले चार दिनों से घर पर नहीं थे। इसी दौरान चोरों ने घर का ताला तोड़कर अंदर घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। चोर घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात और करीब दस हजार रुपये नकद उठा ले गए। इसके अलावा घर में रखी मकान की रजिस्ट्री समेत अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज भी चोरी कर लिए।पीड़ित के मुताबिक चोर घर के लगभग हर दरवाजे का ताला तोड़कर सामान खंगालते रहे। यहां तक कि घर में रखी आधी बोरी ड्राई फ्रूट भी उठा ले गए। घटना के बाद घर का सामान बिखरा पड़ा मिला। सुबह जब पड़ोसियों ने मकान का टूटा ताला देखा तो उन्होंने तुरंत फोन कर विशेष यादव को सूचना दी।सूचना मिलते ही मोहनलालगंज पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है।इंस्पेक्टर ब्रजेश त्रिपाठी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और संदिग्धों की तलाश की जा रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा। वहीं घटना के बाद क्षेत्र के लोगों में आक्रोश है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में पुलिस गश्त काफी कमजोर है, जिसके चलते चोर बेखौफ होकर बंद घरों को निशाना बना रहे हैं। लोगों ने रात में नियमित पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है, ताकि इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

# होली केवल उत्सव नहीं, मजबूत राष्ट्र के निर्माण का संकल्प भी: डॉ. राजेश्वर सिंह

❒ विधायक आवास पर भव्य होली मिलन का आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। सरोजिनी नगर विधायक के आशियाना स्थित आवास पर आयोजित भव्य होली मिलन समारोह में क्षेत्रवासियों, पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आत्मीय एवं स्नेहपूर्ण आगमन हुआ। इस अवसर पर डॉ. राजेश्वर सिंह ने स्वयं उपस्थित होकर सभी का स्वागत किया और सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दीं।

इस दौरान डॉ. सिंह ने कहा कि होली का यह पर्व समाज में प्रेम, सौहार्द और भाईचारे को और अधिक सुदृढ़ करने का अवसर प्रदान करता है।करीब तीन घंटे तक चले इस होली मिलन समारोह में हजारों की संख्या में लोगों ने सहभागिता की। इस अवसर पर डॉ. राजेश्वर सिंह ने सभी आगंतुकों का सहृदय आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इतनी बड़ी संख्या में लोगों का स्नेहपूर्ण सहभाग इस बात का प्रतीक है कि सरोजनीनगर परिवार आपसी प्रेम और विश्वास की मजबूत डोर से जुड़ा हुआ है।होली के सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह भारत की महान सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक है, जिसमें विविधता में एकता हमारी सबसे बड़ी शक्ति के रूप में दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार होली के विभिन्न रंग मिलकर उत्सव की सुंदरता बढ़ाते हैं, उसी प्रकार समाज की विविधता ही भारत की वास्तविक खूबसूरती है और यही विविधता भारत को विश्व में विशिष्ट बनाती है।इस अवसर पर डॉ. राजेश्वर सिंह ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि यह पावन पर्व सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशियों के नए रंग भर दे तथा हमारा देश निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ता रहे। उन्होंने यह भी कहा कि आज जब विश्व के कई हिस्सों में असुरक्षा और युद्ध का वातावरण दिखाई देता है, ऐसे समय में भारत में शांति, उत्सव और सामाजिक सौहार्द का वातावरण हमारे मजबूत सामाजिक मूल्यों और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है।होली के इस अवसर को संकल्प के पर्व के रूप में बताते हुए डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि होली का यह पावन दिन केवल उत्सव का ही नहीं बल्कि संकल्प का भी दिन है। उन्होंने कहा कि हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम सभी मिलकर अपने राष्ट्र को और अधिक मजबूत बनाएंगे तथा भारत को विश्व की अग्रणी महाशक्ति के रूप में स्थापित करने के लिए निरंतर प्रयास करते रहेंगे।

# लखनऊ में गर्मियों से पहले बिजली व्यवस्था की समीक्षा, ट्रिपिंग रोकने के निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❒ अध्यक्ष ने कहा कि राजधानी की बिजली व्यवस्था की जिम्मेदारी लेसा पर है, इसलिए उपभोक्ताओं को केंद्र में रखकर काम करना जरूरी है

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में आगामी गर्मियों के दौरान बिजली आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने के लिए शुक्रवार को शक्ति भवन में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली और व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कई निर्देश दिए।

अध्यक्ष ने कहा कि राजधानी की बिजली व्यवस्था की जिम्मेदारी लेसा पर है, इसलिए उपभोक्ताओं को केंद्र में रखकर काम करना जरूरी है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि गर्मियों में अनावश्यक ट्रिपिंग नहीं होनी चाहिए और मुख्य अभियंता अपने-अपने क्षेत्रों में व्यवस्था की लगातार निगरानी रखें। यदि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी होती है तो संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी।बैठक में नए बिजली कनेक्शन, 1912 हेल्पलाइन पर आने वाली शिकायतें, ट्रांसफार्मर खराब होने की घटनाएं और निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों की रोजाना समीक्षा करने के निर्देश दिए गए। अध्यक्ष ने कहा कि इन सभी मामलों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और कोई भी आवेदन या शिकायत लंबित न रहे। निवेश मित्र पोर्टल पर आने वाले आवेदनों पर विशेष ध्यान देने और आवेदकों से सीधे संवाद कर समस्याओं का समाधान करने को कहा गया।उन्होंने सुपरविजन के तहत होने वाले बिजली कार्यों को समय पर और उचित निगरानी में पूरा कराने के निर्देश दिए। साथ ही कार्यों की थर्ड पार्टी जांच समय से कराने पर भी जोर दिया। ट्रांसफार्मरों के संबंध में उन्होंने 'जीरो डैमेज नीति' का पालन करने के निर्देश देते हुए कहा कि इनके रखरखाव के लिए पर्याप्त बजट दिया गया है, इसलिए लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।अध्यक्ष ने यह भी कहा कि उपभोक्ताओं को लोड बढ़ाने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उपभोक्ता ऐप के माध्यम से स्वयं भी लोड बढ़ा सकते हैं, इसकी जानकारी लोगों तक पहुंचाई जाए।बैठक में अधिकारियों ने बताया कि गर्मियों को देखते हुए आवश्यक सामग्री और मैनपावर की पर्याप्त व्यवस्था कर ली गई है। अध्यक्ष ने बिजली कार्यों के दौरान सुरक्षा उपकरणों के अनिवार्य उपयोग के निर्देश दिए और बिजली दुर्घटनाओं के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' नीति अपनाने को कहा।कार्य में लापरवाही पाए जाने पर अमौसी क्षेत्र के अधीक्षण अभियंता और अधिशासी अभियंता को चार्जशीट देने का निर्णय लिया गया। वहीं अमौसी और जानकीपुरम के अधिशासी अभियंताओं को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश भी दिए गए।बैठक में उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार, मध्यांचल की प्रबंध निदेशक रिया केजरीवाल सहित लेसा और मध्यांचल के कई अधिकारी मौजूद रहे।

# बाढ़ के स्थाई समाधान के लिए वैज्ञानिकों ने डीएम के साथ की बैठक

❒ बैठक में रुड़की से आए वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. एलएन ठकुराल और डॉ. पीसी नायक ने बाढ़ को लेकर दी विस्तृत जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। जनपद के शहरी क्षेत्र में गर्रा और खन्नौत नदियों से आने वाली बाढ़ की विभीषिका को नियंत्रित करने और भविष्य की योजनाओं के लिए सटीक वैज्ञानिक डेटा तैयार करने के लिए राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान रुड़की के वैज्ञानिकों ने डीएम के साथ बैठक की।

बैठक में रुड़की से आए वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. एलएन ठकुराल और डॉ. पीसी नायक ने बताया कि शहरी क्षेत्र में हाइड्रोडायनामिक प्रवाह मॉडलिंग के माध्यम से नदियों के जल स्तर, प्रवाह की गति और जल भराव वाले क्षेत्रों का सटीक मान चित्रण किया जाएगा। उन्होंने हरिद्वार में की गई सफल केस स्टडी का उदाहरण देते हुए बताया कि किस प्रकार वैज्ञानिक मॉडलिंग से वहां बाढ़ प्रबंधन में व्यापक सुधार हुआ है। इसी तर्ज पर शाहजहांपुर की बाढ़ की समस्या का विश्लेषण कर समाधान निकाला जाएगा। वहीं, डीएम ने वैज्ञानिकों और विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वर्ष 2024 के बाद बाढ़ की प्रवृत्ति में आए बदलावों का गहन अध्ययन किया जाए। अध्ययन का दायरा केवल शहर तक सीमित न रहकर जनपद पीलीभीत के दियूनी डैम से लेकर शाहजहांपुर के अंतिम छोर तक रखा जाए, ताकि पानी के डिस्चार्ज और रास्ते का सटीक आकलन हो सके। वैज्ञानिक यह भी जांचें कि क्या नदियों की खुदाई, सफाई की तत्काल आवश्यकता है। डीएम ने सिंचाई विभाग को निर्देशित किया कि हाइड्रोडायनामिक मॉडलिंग के लिए आवश्यक समस्त तकनीकी डेटा वैज्ञानिकों को तत्काल उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने पुराने मास्टर प्लान का भी अध्ययन करने को कहा ताकि शहरी ड्रेनेज और निर्माण कार्यों का तालमेल बिठाया जा सके। डीएम ने बताया कि रुड़की के वैज्ञानिकों की यह टीम 06 से 07 मार्च तक जनपद के विभिन्न बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण करेगी। इस दौरान वे नदियों के तटबंधों, शहरी ड्रेनेज आउटलेट्स और संवेदनशील इलाकों का जायजा लेंगे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, नगर आयुक्त, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, बरेली से आए सीनियर हाइड्रोलॉजिस्ट, रुड़की के वैज्ञानिक एवं सिंचाई व राजस्व विभाग के अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय आविष्कार अभियान: 100 मेधावी छात्र-छात्राओं ने किया लखनऊ विज्ञान केंद्र का शैक्षिक भ्रमण

❒ ब्लॉक स्तरीय क्विज में चयनित विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रयोगों और मॉडल से कराया गया रुबरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सकरन, सीतापुर। ब्लॉक संसाधन केंद्र सकरन के अंतर्गत राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत चयनित 100 मेधावी छात्र-छात्राओं को शुक्रवार को लखनऊ स्थित आंचलिक विज्ञान केंद्र का शैक्षिक भ्रमण कराया गया।

इस दौरान विद्यार्थियों ने विज्ञान से जुड़े विभिन्न मॉडल, प्रयोग और तकनीकों को करीब से देखा तथा मानव जीवन में विज्ञान की उपयोगिता को समझा।भ्रमण के लिए रवाना होने से पहले खंड शिक्षा अधिकारी ओंकार सिंह ने बसों को हरी झंडी दिखाकर विद्यार्थियों को लखनऊ के लिए रवाना किया। उन्होंने बताया कि ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में कुल 147 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया था, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टॉप टेन और टॉप हंड्रेड विद्यार्थियों का चयन किया गया। इन्हीं चयनित 100 छात्र-छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण के लिए भेजा गया।उन्होंने कहा कि विज्ञान आज के आधुनिक जीवन का आधार है। यह न केवल हमारे समय और ऊर्जा की बचत करता है, बल्कि विभिन्न समस्याओं के व्यावहारिक समाधान देकर मानव समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे शैक्षिक भ्रमण से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच और जिज्ञासा का विकास होता है।कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए जलपान और भोजन की व्यवस्था की गई। साथ ही यूनिफॉर्म के रूप में उन्हें एक शर्ट, कैप तथा 50 रुपये नगद भी प्रदान किए गए। विद्यार्थियों की सुरक्षा और मार्गदर्शन के लिए दोनों बसों में महिला और पुरुष शिक्षकों की तैनाती की गई।इस अवसर पर एआरपी राजेश कुमार मिश्र, शिक्षक विनोद कुमार, धीरेंद्र पटेल, संजय चित्रांश, शौरभ शुक्ल, अखिलेश यादव, प्रवीण श्रीवास्तव, पूजा सरोज, प्रतीक्षा साहू, अंशू सिंह, रश्मी त्रिपाठी, प्रभाकर, रामेंद्र, इतवारी लाल सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

# सब्र, परहेजगारी और अल्लाह की बंदगी का सबक देता है रोजा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलहर, शाहजहांपुर। पवित्र माह रमजान उल मुबारक के तीसरे जुमा पर सलेमाबाद पट्टी स्थित रजा मस्जिद में जुमे की नमाज से पूर्व तकरीर करते हुए मौलाना वकार हुसैन हातिमी ने रोजे और रमजान की फजीलत पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना अल्लाह तआला की रहमत, मगफिरत और जहन्नम से निजात का महीना है।

इस महीने में हर नेकी का सवाब कई गुना बढ़ा दिया जाता है, इसलिए मुसलमानों को चाहिए कि अधिक से अधिक इबादत, तिलावत-ए-कुरआन, नमाज और सदका-खैरात का एहतमाम करें। मौलाना वकार हुसैन ने कहा कि रमजान के जुमों की विशेष अहमियत होती है और तीसरे जुमा को लोग बड़ी अकीदत और एहतराम के साथ अदा करते हैं। उन्होंने रोजे के मकसद को बताते हुए कहा कि रोजा इंसान को सब्र, परहेजगारी और अल्लाह की बंदगी का सबक देता है। रोजा केवल भूखा-प्यासा रहने का नाम नहीं है बल्कि अपने दिल, जबान और नजर को भी गुनाहों से बचाना असली रोजा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि रमजान के मुकद्दस महीने में गरीबों, यतीमों और जरूरतमंदों की मदद करें तथा समाज में भाईचारा और आपसी मोहब्बत को बढ़ावा दें। इस महीने में जकात और सदका देने से समाज के कमजोर तबके को सहारा मिलता है और अल्लाह की रहमत भी नाजिल होती है। तकरीर के बाद बड़ी संख्या में नमाजियों ने जुमे की नमाज अदा की और देश में अमन-चैन, तरक्की तथा इंसानियत की भलाई के लिए दुआ मांगी। रमजान के तीसरे जुमा को लेकर मस्जिदों में विशेष रौनक देखने को मिली और नमाज के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़ पड़े।

## वाराणसी मंडलायुक्त ने कमिश्नरी कार्यालय में की जनसुनवाई, शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर जोर

वाराणसी । उत्तर प्रदेश के वाराणसी परिक्षेत्र के मंडलायुक्त एस राजलिंगम ने शुक्रवार को कमिश्नरी कार्यालय में जनसुनवाई की। कार्यालय में मंडल के विभिन्न जिलों से आये नागरिकों ने जनसुनवाई में अपनी शिकायतें और समस्याओं का प्रार्थना पत्र सौंपा।मंडलायुक्त ने एक-एक कर सभी फरियादियों की बात सुनी और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम जनता की समस्याओं का समय पर निस्तारण प्रशासन की प्राथमिकता है। जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, राजस्व संबंधी मामले, सड़क-नाली और अन्य विभागों से जुड़ी शिकायतें सामने आईं। कई मामलों में मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश देकर निस्तारण कराया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागों को भेजते हुए जल्द कार्रवाई करने को कहा गया। मंडलायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि जन शिकायतों को गंभीरता से लें और तय समय सीमा में उनका समाधान सुनिश्चित करें, ताकि लोगों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

# ग्राम चौपाल में सुनीं गई किसानों की समस्याएं चकबन्दी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ बड़ागांव भुर्जिहा में चकबन्दी चौपाल का आयोजन, विरासत व नामांतरण मामलों पर दिए निर्देश

सीतापुर । बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी भारत सिंह ने बताया कि चकबन्दी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशानुसार नियत रोस्टर के अन्तर्गत आज दिनांक 28.02.2026 को बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी, सीतापुर द्वारा चकबन्दी प्रक्रिया के अन्तर्गत ग्राम बड़ागांव भुर्जिहा, परगना खैराबाद, तहसील व जिला सीतापुर में ग्राम चौपाल का आयोजन कर कृषकों की विरासत, बैनामा, विभाजन, नामांतरण, अवैध कब्जा, अभिलेख त्रुटियां एवं क्षेत्रफल इत्यादि समस्याओं को सुनकर कतिपय प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही किया गया तथा शेष समस्याओं के समाधान के लिए सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

विरासत एवं नामान्तरण के मामलों में अनावश्यक विलम्ब न करने तथा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार शीघ्र आदेश पारित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में उपस्थित चकबन्दी प्राधिकारियों को चकबन्दी प्रक्रिया का पारदर्शिता एवं निष्पक्षता से क्रियान्वयन करने का निर्देश दिया गया। बैठक में भारत सिंह, बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी सीतापुर, सिद्धार्थ तिवारी, सहायक चकबन्दी अधिकारी, अन्तिम अभिलेख-प्रथम, सीतापुर एवं ग्राम के चकबन्दीकर्ता व चकबन्दी लेखपाल तथा सम्मानित कृषकगण उपस्थित रहे। जनहित में त्वरित, पारदर्शी एवं न्यायसंगत कार्यवाही हेतु प्रशासन प्रतिबद्ध है।

## दो दिन से गायब मजदूर मृत मिला

प्रयागराज । उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित मुट्ठीगंज थाना क्षेत्र में कटघर के समीप एक लोहा कारोबारी की दुकान के पास एक मजदूर का शव पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार बिहार के कैमूर जिले के भभुआ फारूकी नगर वार्ड नंबर-13 निवासी रियाजउद्दीन फारूकी (44) पुत्र स्वर्गीय मोहम्मद हनीफ प्रयागराज के कटघर क्षेत्र में लोहा कारोबारी मुन्ना केसरवानी की दुकान पर मजदूरी करता था। शुक्रवार को उसका शव दुकान के पास पड़ा मिला, जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची।मृतक के परिजनों के मुताबिक वह पिछले दो दिनों से लापता था। परिवार वालों को फोन पर बताया गया था कि वह अपना पैसा लेकर यहां से चला गया है। हालांकि शुक्रवार को उसका शव मिलने से परिवार में शोक का माहौल है।पुलिस उपायुक्त नगर मनीष कुमार शांडिल्य ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रथम दृष्टया मौत के कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# पेंट और स्क्रैप फैक्ट्री में लगी भीषण आग बुझाने में लगीं एक दर्जन दमकल गाड़ियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गाजियाबाद । जनपद गाजियाबाद के मेरठ रोड पर स्थित मैनापुर इंडस्ट्रियल एरिया में बृहस्पतिवार की देर रात को पेंट बनाने वाली फैक्ट्री और स्क्रैप फैक्ट्री में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया।

आग की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसकी लपटें दो किलोमीटर दूर से भी दिखाई दे रही थीं। सूचना पर दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, लेकिन आग की भयावहता को देखते हुए जल्द ही 10 और गाड़ियों को मौके पर बुलाया गया। काफी मशक्कत के बाद शुक्रवार तड़के आग पर काबू पाया गया। यह घटना मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र में हुई।गाजियाबाद के मुख्य दमकल अधिकारी राहुल पाल ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार की देर रात को मैनापुर इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित एक पेंट फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिली थी। दमकल की दो गाड़ियां मौके पर भेज दी गईं। मौके पर जाकर पता चला कि आग ने पेंट फैक्ट्री के साथ-साथ बगल में स्थित स्क्रैप फैक्ट्री को भी अपनी चपेट में ले लिया है। आग इतनी तेजी से फैली कि फैक्ट्री परिसर में मौजूद कर्मचारियों और आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई।आग की ऊंची लपटें करीब दो किलोमीटर दूर तक दिखाई दे रही थीं। पेंट फैक्ट्री में बड़ी संख्या में केमिकल व पेंट से भरे ड्रम रखे हुए थे, जो कि अत्यंत ज्वलनशील होते हैं। ऐसे में आग फैलने के बाद इन ड्रमों में एक के बाद एक तेज धमाके होने लगे। ड्रमों में हो रहे धमाकों के कारण आग तेजी से फैलती चली गई, जिससे पड़ोस की स्क्रैप फैक्ट्री में भी आग लग गई।मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि अलग-अलग फायर स्टेशनों से कुल 12 दमकल गाड़ियों को मौके पर बुलाया गया। दमकलकर्मी देर रात से आज सुबह तक आग पर काबू पाने के प्रयास में जुटे रहे। आग बुझाने में दमकल कर्मियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। आग की लपटें लगातार ऊंची उठ रही थीं और तेज गर्मी के कारण दमकलकर्मियों को सुरक्षित दूरी बनाकर आग बुझानी पड़ी। उन्होंने बताया कि आग लगने का कारण और इसे हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट या केमिकल रिएक्शन के कारण आग लगने का अंदेशा है। उनके मुताबिक घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। हालांकि दोनों फैक्ट्री में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर नष्ट हो गया है।

# दिल्ली से अपहृत नाबालिग बालिका को जीआरपी ने कानपुर सेंट्रल पर किया सकुशल बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कानपुर । कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर जीआरपी ने सतर्कता और त्वरित कार्रवाई करते हुए राजधानी दिल्ली से अपहृत एक नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद कर लिया। बालिका को सुरक्षित अभिरक्षा में लेकर आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद संबंधित थाने की पुलिस को सौंप दिया गया।

जीआरपी कानपुर सेंट्रल को दिल्ली के गांधी नगर थाना क्षेत्र से सूचना प्राप्त हुई थी कि 14 वर्षीय नाबालिग बालिका को हावड़ा से करीब सात दिन पहले अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाया गया है। इस संबंध में थाना गांधी नगर दिल्ली में मुकदमा दर्ज किया गया था और बालिका की तलाश में रेलवे स्टेशनों पर सतर्कता बरतने को कहा गया था।सूचना मिलते ही जीआरपी कानपुर सेंट्रल ने स्टेशन परिसर में विशेष चेकिंग अभियान शुरू कर दिया। प्लेटफॉर्म, सर्कुलेटिंग एरिया और विभिन्न ट्रेनों में सघन तलाशी ली गई। इसी दौरान झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस में चेकिंग के दौरान संदिग्ध स्थिति में एक किशोरी दिखाई दी। पूछताछ करने पर उसकी पहचान नुसरत खातून के रूप में हुई।

जीआरपी टीम ने तत्काल बालिका को सुरक्षित अभिरक्षा में लेकर महिला हेल्प डेस्क पर बैठाया और आवश्यक पूछताछ की। इसके बाद दिल्ली पुलिस को सूचना देकर नियमानुसार बालिका को उनके सुपुर्द कर दिया गया, ताकि आगे की विधिक कार्रवाई की जा सके।जीआरपी प्रभारी निरीक्षक ओम नारायण सिंह ने शुक्रवार को बताया कि यात्रियों की सुरक्षा और लापता अथवा अपहृत बच्चों की बरामदगी को लेकर जीआरपी लगातार सतर्क रहती है। समय पर मिली सूचना और टीम की तत्परता से नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद कर लिया गया।

## होली के जुलूसों को सकुशल सम्पन्न कराने पर समीक्षा बैठक आयोजित



**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने होली पर्व पर नगर क्षेत्र में निकले जुलूसों को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत एक बैठक आयोजित की। बैठक के दौरान एसपी ने होली जुलूसों को आपसी समन्वय, सतर्कता तथा प्रभावी पुलिस व्यवस्था के माध्यम से सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई दी और भविष्य में भी इसी प्रकार सजगता, अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए बेहतर कार्य करने के लिए निर्देशित किया। गया। बैठक में आगामी त्योहारों की तैयारियों पर भी चर्चा की गई तथा थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने थाना क्षेत्रों में त्योहार रजिस्टर में त्योहारों से संबंधित समस्त आवश्यक प्रविष्टियां समय से एवं विधिवत अंकित करना सुनिश्चित करें, ताकि त्योहारों पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रभावी योजना बनाकर आवश्यक पुलिस प्रबंध किए जा सकें। बैठक में अधिकारियों के मध्य समन्वय, सतर्कता एवं जनसहयोग के महत्व पर भी बल दिया गया। जिससे जनपद में शांति, सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था को प्रभावी रूप से बनाए रखा जा सके। बैठक में एसपी सिटी, सीओ सदर सहित नगर क्षेत्र के थाना प्रभारी एवं चैकी प्रभारी उपस्थित रहे।

## मारपीट व फायरिंग के 02 आरोपी गिरफ्तार



**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना सदर बाजार क्षेत्र में मारपीट और फायरिंग के मामले में 02 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।थाना सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला सुभाषनगर में किसानों वाली पुलिया के पास रहने वाले राजकुमार और अमर सिंह यादव का होली के दिन विवाद हो गया था। इसमें अमर सिंह यादव पक्ष ने राजकुमार के घर में घुसकर लाठी-डंडों से मारपीट की और फायरिंग की थी। इस मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ था। राजकुमार की तहरीर पर आरोपी .अमर सिंह यादव, अंकित यादव, अजय यादव, कुनाल यादव, अन्नू उर्फ अनुराग यादव, गन्जू उर्फ अंकुर यादव सहित चार अज्ञात लोगों पर एससी-एसटी एक्ट, हत्या का प्रयास, घर में घुसकर मारपीट आदि की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। आज थाना सदर बाजार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सुभाषनगर आऊटर रिंग रोड से आरोपी अमर सिंह यादव और उसके पुत्र कृष्णपाल उर्फ अंकित यादव को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को कोर्ट में पेश किया। जहां से पुलिस अभिरक्षा में उन्हें जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना सदर बाजार के उप निरीक्षक सूरज सिंह के साथ कां. अंकित धामा और सोमवीर मौजूद रहे।

## प्रतिमा खंडित करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए: डॉ. लाल बहादुर

**जौनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** यूपी के जौनपुर में भारत रत्न डॉ.भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा पर कालिख पोतने का मामला सामने आया है। घटना के विरोध में शुक्रवार को बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष संग्राम भारती के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया और ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। इस मौके पर वरिष्ठ बसपा नेता डॉ. लाल बहादुर सिद्धार्थ ने कहा कि प्रतिमा को खंडित करने और इस घृणित कार्य को अंजाम देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने तत्काल नई प्रतिमा स्थापित करने की मांग की।डॉ. सिद्धार्थ ने दूषित मानसिकता वाले लोगों को तुरंत गिरफ्तार कर कड़ी सजा देने की बात कही। उन्होंने अंबेडकर तिराहा पर एक पुलिस चौकी के निर्माण की भी मांग की। जब तक चौकी नहीं बनती, तब तक 24 घंटे पुलिस बल तैनात करने की बात कही गई है। तकनीकी और संरचनात्मक सुधारों पर भी जोर दिया गया। खराब सीसीटीवी कैमरे को तत्काल बदलकर नया कैमरा लगाने और प्रतिमा के चारों ओर की बाउंड्रीवॉल को ऊंचा करने की मांग की गई, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।एक अन्य महत्वपूर्ण मांग में प्रतिमा की बाउंड्री के बगल में होने वाले होलिका दहन को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित करने की बात कही गई, जिससे प्रतिमा की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# अमृत शर्मा हत्याकांड में पुलिस ने पांच को किया गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बागपत । बागपत जनपद के तितरोदा गांव में हुई अमित शर्मा हत्या का पुलिस ने शुक्रवार को खुलासा कर दिया। हत्या के आरोप में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

एसपी बागपत सूरज कुमार राय ने शुक्रवार को हत्या का खुलासा करते हुए बताया कि मृतक अमृत शर्मा का तितरोदा गांव निवासी सोहेल पुत्र बाबू के दोस्त के साथ करीब डेढ़ वर्ष पहले मैच खेलने को लेकर विवाद हुआ था। इसी विवाद में सोशल मीडिया पर एक दूसरे के खिलाफ टिप्पणी की गई। विवाद के चलते चिंकू नाम के युवक ने अमृत शर्मा को होली खेलने और दावत के बहाने दो दिन पहले बुलाया था। अमृत अपने दोस्त कार्तिक और बॉबी के साथ उसके पास चला गया जहां चिंकू अपने दोस्तों सोहेल, अनस शौकीन और सोहेल पुत्र बाबू के साथ मौजूद था, पांचो ने मिलकर चिकन कॉर्नर की दुकान से चाकू उठाया और उस पर हमला बोल दिया। हमले में अमृत गंभीर रूप से घायल हो गया। निजी अस्पताल में अमृत को भर्ती कराया गया लेकिन डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया।मृतक के पिता राजकिशोर ने सिंघावली अहीर थाने पर शिकायत दर्ज की। पुलिस जांच में छह लोगों के सामने आए हैं, जिसमें पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने सोहेल पुत्र महबूब, साजिद पुत्र अली हसन, चिंकू पुत्र महिपाल, अनस पुत्र सीनू और सोहेल पुत्र निजाम के खिलाफ हत्या के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपितों के पास से दो अवैध चाकू और डंडे भी बरामद किए गए हैं।

इस मामले में एक आरोपित शौकीन पुत्र मीनू अभी फरार चल रहा है जिसकी तलाश में पुलिस लगी हुई है। एसपी बागपत सूरज कुमार राय ने हत्या के इस मामले में सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट डालने वालों को भी चेतावनी दी है।

# मैनपुरी और इटावा में विकसित होगा सारस सर्किट सारस संरक्षण, इको टूरिज्म को मिलेगा बढ़ावा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । योगी सरकार प्रदेश के राजकीय पक्षी सारस (क्रेन) के संरक्षण और इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए सारस सर्किट की स्थापना कर रही है। सारस सर्किट का विकास प्रदेश के मैनपुरी और इटावा जिलों के वेटलैंड्स में किया जा रहा है।

इसके तहत मैनपुरी के किर्थुआ, सहस, कुर्रा जरावां, सौज एवं समन के साथ इटावा के सरसई नावर और परौली रामायण वेटलैंड एरिया में सारस सर्किट विकसित किया जा रहा है। सारस सर्किट में सारस पक्षी के संरक्षण के साथ इको टूरिज्म की गतिविधियों को भी शामिल किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य सारस पक्षी और वेटलैंड्स संरक्षण के साथ स्थानीय पर्यटन को भी बढ़ावा देना है। यह स्थानीय लोगों को आय के अवसर उपलब्ध करवाएगा और सारस पक्षी और वेटलैंड्स के संरक्षण के लिए भी प्रेरित करेगा। इन परियोजनाओं का विकास ईको-टूरिज्म विकास बोर्ड के माध्यम से प्रदेश का वन विभाग कर रहा है।

दुनिया में सबसे लंबी उड़ान के लिए जाना जाने वाला सारस पक्षी, उत्तर प्रदेश का राजकीय पक्षी है। इसका आवास और प्रजनन क्षेत्र विशेषतौर पर राज्य के मैनपुरी, इटावा, एटा, अलीगढ़ की वेटलैड्स में है। जिसे ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार सारस पक्षी के संरक्षण के लिए सारस सर्किट का विकास कर रही है। जहां प्रदेश का वन विभाग, यूपी ईको टूरिज्म विकास बोर्ड के माध्यम से क्षेत्र के उथले जलाशयों, तालाबों और अन्य वेटलैड्स को संरक्षित कर सारस पक्षी के अनुकूल बनाने का प्रयास कर रहा है। साथ ही क्षेत्र में ईको टूरिज्म की गतिविधियों को भी विकसित किया जा रहा है। इस क्रम में मैनपुरी और इटावा जिलों के सारस सर्किट में प्रवेश द्वार, व्यू पॉइंट, डेक एवं बोटिंग स्पॉट, बटरफ्लाई गार्डन, सोलर साइट लाइटिंग, इंटरप्रिटेशन सेंटर, पार्किंग जैसी सुविधाओं का विकास किया जाएगा। साथ ही सारस सर्किट में पर्यटकों की सुविधा के लिए सूचना केंद्र, ईको-टॉयलेट ब्लॉक, पार्किंग, इंटरैक्टिव साइनेज, फूड कियोस्क और ओडीओपी व स्मृति चिन्ह की दुकानें भी विकसित की जाएंगी। ये सुविधाएं पर्यटकों को सारस के प्राकृतिक आवास को देखने और समझने का अवसर प्रदान करेंगी।

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि योगी सरकार की यह पहल न केवल सारस (क्रेन) और अन्य पक्षियों जैसे- ग्रे हेरॉन, ओपन-बिल्ड स्टॉर्क आदि की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगी, बल्कि क्षेत्र के वेटलैंड्स के संरक्षण को भी बढ़ावा देगी। यह इन क्षेत्रों में भू-जल स्तर में वृद्धि के साथ ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों को कम करने और सतत विकास की दिशा में भी महत्वपूर्ण साबित होगा। साथ ही इन क्षेत्रों में इको टूरिज्म की गतिविधियों के विकास से स्थानीय समुदाय के लोगों को आय और रोजगार के अवसर मिलेंगे। इससे स्थानीय लोगों और घूमने के लिए आने वाले पर्यटकों में भी पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता में बढ़ोतरी होगी। सारस पक्षी को उसके प्राकृतिक वातावरण में सुरक्षा और संरक्षण प्रदान कर योगी सरकार क्षेत्र की जैव विविधता को संजोने का अनूठा प्रयास कर रही है। ये परियोजनाएं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सतत विकास की अवधारणा को सफल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

# उत्सव से उत्साह की ओर ले जाने का कार्य करते हैं भारतीय त्योहार : प्रांत प्रचारक

❒ भारतीय त्योहार उत्सव से उत्साह की ओर ले जाने का कार्य करते हैं: रमेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मऊ । मऊ में शीतला माता मंदिर परिसर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विचार परिवार द्वारा फाल्गुनोत्सव एवं होली उत्सव समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग सपरिवार शामिल हुए और एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गोरक्ष प्रांत के प्रचारक रमेश ने कहा कि भारतीय त्योहार उत्सव से उत्साह की ओर ले जाने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी उत्सव तब तक पूर्ण नहीं होता जब तक उसमें उत्साह और आत्मीयता न हो। होली का पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है, जो कुटुंब व्यवस्था और पारिवारिक मूल्यों को मजबूत करता है।



उन्होंने कहा कि इतिहास में अनेक आक्रमणकारियों ने भारत की संपदा और मंदिरों को लूटा, लेकिन हमारी हजारों वर्षों पुरानी पारिवारिक व्यवस्था और परंपराओं को नहीं तोड़ पाए।इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि होली का पर्व समरसता और भाईचारे का संदेश देता है। विभिन्न रंगों का एक साथ मिलना भारत की अनेकता में एकता की भावना को मजबूत करता है।कार्यक्रम में प्रख्यात भोजपुरी कलाकार एवं अभिनेता आर्यन बाबू ने "होली खेले रघुवीरा" और "मसाने की होली" जैसे फाग और भोजपुरी गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। उनके गीतों पर जनसामान्य से लेकर गणमान्य लोग भी झूम उठे और पूरा परिसर फागुन के रंग में रंगा नजर आया।जनपद के विभिन्न नगरों से लगभग ढाई हजार से अधिक महिला, पुरुष और बच्चे कार्यक्रम में शामिल हुए। सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होलिकोत्सव की बधाई दी।इस मौके पर विभाग प्रचारक अंबेश, जिला प्रचारक आर्यम, नगर प्रचारक रितेश, भाजपा जिलाध्यक्ष रामाश्रय मौर्य, उमेश पाण्डेय, देवेंद्र सिंह, अभिषेक खंडेलवाल, शक्ति सिंह, सुनील यादव, सह प्रांत कारवाह रामविलास, विभाग संघ चालक राम प्रताप, विभाग कारवाह विनोद, जिला संघ चालक कैलाश, जिला कारवाह भूवेश, वीरेंद्र, नगर कार्यवाह अंबरीश, जिला प्रचार प्रमुख प्रिंस, संतोष सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# 14 व 15 मार्च को होगी उपनिरीक्षक भर्ती लिखित परीक्षा, व्यवस्थाओं को लेकर डीएम ने की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ के निर्देशानुसार आरक्षित नागरिक पुलिस में उपनिरीक्षक (एस0आई0) भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा जनपद में 14 एवं 15 मार्च 2026 को आयोजित की जाएगी। परीक्षा दोनों दिन दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 03:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक सम्पन्न कराई जाएगी। प्रत्येक पाली की परीक्षा अवधि 120 मिनट निर्धारित की गई है। प्रत्येक पाली में कुल 4320 तथा दोनों दिन की चारो पालियों में कुल 17280 अभ्यर्थी प्रतिभाग करेंगे।

परीक्षा की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए जिलाधिकारी अवनीश राय ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में अधिकारियों को परीक्षा निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने बताया कि परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए नामित अधिकारी एवं कर्मचारी विभिन्न परीक्षा केन्द्रों, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं अन्य निर्धारित स्थलों पर तैनात रहेंगे। साथ ही समस्त व्यवस्थाओं की निगरानी हेतु कलेक्ट्रेट स्थित आईसीसीसी कंट्रोल रूम से भी निरंतर मॉनिटरिंग की जाएगी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि परीक्षा के दौरान कानून-व्यवस्था, यातायात, विद्युत, पेयजल, चिकित्सा एवं अन्य व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखा जाए ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। उन्होंने बताया कि परीक्षा की सुचिता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़े दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों की सघन तलाशी, पहचान पत्र की जांच, मोबाइल फोन व अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर पूर्ण प्रतिबंध तथा सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की व्यवस्था की गई है।

साथ ही कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु परीक्षा केन्द्रों के आसपास पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, एम्बुलेंस तथा आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए रोडवेज बस स्टैंड तथा पुलिस लाइन चौराहे सहित प्रमुख स्थानों पर यातायात, पार्किंग एवं भीड़ नियंत्रण की विशेष व्यवस्था की जाएगी, ताकि किसी प्रकार की जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने बताया कि जनपद में परीक्षा के लिए 15 विद्यालयों एवं महाविद्यालयों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है, जिनमें गिन्दो देवी महिला महाविद्यालय, हाफिज सिद्दीकी इस्लामिया इंटर कॉलेज, केदारनाथ महिला इंटर कॉलेज, महात्मा गांधी पालिका इंटर कॉलेज उझानी, एनएमएसएन दास डिग्री कॉलेज, नगर पालिका कन्या इंटर कॉलेज, पार्वती आर्य कन्या इण्टर कॉलेज, पीएम राजकीय इण्टर कॉलेज, पीएम राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज, राजाराम महिला इण्टर कॉलेज, राजकीय महाविद्यालय, राजकीय पॉलिटेक्निक, राजकीय महिला महाविद्यालय, श्री कृष्ण इंटर कॉलेज एवं सिगलर गर्ल्स इण्टर कॉलेज सहित शिक्षण संस्थान शामिल हैं। इन केन्द्रों पर परीक्षा को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु केन्द्र व्यवस्थापक, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। दो सैक्टर व दो स्टेटिक मजिस्ट्रेट रिजर्व में रखे गए हैं। इस अवसर पर एडीएम एफआर, एडीएम प्रशासन सहित अन्य मजिस्ट्रेट व केन्द्र व्यवस्थापक व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# बलिया में मेडिकल कॉलेज और नई जेल का निर्माण जल्द होगा शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बलिया । जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक शुक्रवार को बलिया के विकास भवन सभागार में सलेमपुर के सांसद रमाशंकर राजभर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विकास से जुड़े 58 बिंदुओं पर समीक्षा की गई। जिसमें मेडिकल कॉलेज का मुद्दा अहम रहा।

जिले में मेडिकल कॉलेज निर्माण को लेकर हुई चर्चा के दौरान बताया गया कि निर्माण एजेंसी लखनऊ से नामित हो चुकी है और डीपीआर इसी माह आने के बाद कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। जिला कारागार को तोड़कर नए निर्माण की योजना पर भी चर्चा हुई, जिसके लिए डीपीआर आने के बाद कार्य शुरू होगा।दिशा की बैठक में प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत एनएच-31 से टुटवारी, बघौना और दुलारपुर गांव को जाने वाली जर्जर सड़क की मरम्मत तत्काल कराने के लिए पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए गए। साथ ही दयाछपरा चट्टी से भुवालछपरा होते हुए नौरंगा तक सड़क निर्माण के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को



भेजने को कहा गया।एनएच-31 पर लगने वाले जाम की समस्या के निस्तारण के लिए भी संबंधित विभाग को निर्देशित किया गया। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी को जांच कराने के निर्देश दिए गए। महिला स्वयं सहायता समूहों के तहत सभी ब्लॉकों में कार्यक्रम आयोजित कराने तथा उनकी सूची बलिया एनआईसी पोर्टल पर अपलोड करने को कहा गया। साथ ही बलिया में दुग्ध उत्पादन केंद्र पूर्व से स्थापित है उसको पुनः शुरू करने पर चर्चा हुई। जिस पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को इसका प्रस्ताव तैयार कर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सिकंदरपुर तहसील के ग्राम मालदा तक जाने वाली सड़क की मरम्मत कराने के निर्देश भी दिए गए।स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी को सभी स्वास्थ्य व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत बाढ़ प्रभावित गांवों का सर्वे कर पात्र व्यक्तियों को आवास उपलब्ध कराने की बात कही गई। सिकंदरपुर मंडी की खराब सड़क की मरम्मत कराने तथा बैरिया में निर्मित मंडी का उद्घाटन कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि मोथा तूफान से बैरिया क्षेत्र के किसानों की फसल को हुए नुकसान की भरपाई की राशि उनके खातों में भेज दी गई है। अटल शहरी परिवर्तन मिशन 2.0 के अंतर्गत बलिया शहर में प्रतिदिन लगभग 100 टन कचरा एकत्रित होने की समस्या पर भी चर्चा हुई। इसके निस्तारण के लिए जमीन खरीदने या किराए पर लेने के विकल्प पर विचार किया गया। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को चेयरमैन से समन्वय कर शीघ्र निर्णय लेने के निर्देश दिए गए।विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता को वर्ष 2025 के प्रस्तावित कार्यों की सूची जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने तथा सभी गांवों का डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए गए। जनपद बलिया से लखनऊ जाने वाली बसों की संख्या बढ़ाने का मुद्दा भी उठा।

# विकासखण्ड असमोली में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ समिति की बैठक में बालको को बाल संरक्षण एवं सशक्त सरक्षणात्मक परिवेश पालन पोषण करने, बाल श्रम, बाल तस्करी बाल विवाह, परिवार की देख-रेख पाने, हिंसा व दुर्व्यवहार से बचने और संरक्षण जैसे विषय पर चर्चा की गयी

संभल। जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में आज दिनांक 06.03.2026 को ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक खण्ड विकास अधिकारी श्री प्रेमपाल सिंह की अध्यक्षता में विकास खण्ड असमोली सभागार में संपन्न हुई।

समिति की बैठक में बालको को बाल संरक्षण एवं सशक्त सरक्षणात्मक परिवेश पालन पोषण करने, बाल श्रम, बाल तस्करी बाल विवाह, परिवार की देख-रेख पाने, हिंसा व दुर्व्यवहार से बचने और संरक्षण जैसे विषय पर चर्चा की गयी। प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी श्री जमजमा रिजवान द्वारा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं सरक्षण) अधिनियम 2015 एवं बाल संरक्षण एवं कल्याण से जुडी योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से बताते हुए आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के सहयोग से नियमित समीक्षा हेतु कहा। बैठक में संरक्षण अधिकारी श्री तेजपाल यादव ने सरकार द्वारा बालकों एवं छात्राओं के हितार्थ चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, बाल विवाह, बाल श्रम आदि एवं विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे 1098, 181 112, 1076 आदि हेल्पलाइन नंबर जिनका प्रयोग आपातकाल स्थिति में किया जा सकता है के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। सहायक विकास अधिकारी श्री सुनील कुमार सिंह ने बैठक के माध्यम से सभी सचिवों को निर्देश दिये कि ग्राम पंचायत स्तर की बैठक में समस्त सदस्यों की सक्रिय सहभागिता होनी चाहिए, इसमे किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी। बैठक में शिक्षा विभाग से प्रमोद कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता श्री खेमपाल सिंह, कुलदीप सिंह, रोहताश कुमार, सत्यपाल सिंह, रंजीत, नाजिम अली, रविकान्त एवं शैलेन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

## आसफपुर के रामतीर्थ का राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति के लिये हुआ चयन

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकास खंड आसफपुर के संविलियन विद्यालय परसिया के कक्षा 8 के छात्र रामतीर्थ का चयन राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा (NMMS) 2026–27 में हुआ है। छात्र की इस सफलता से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में छात्र रामतीर्थ और उनके माता–पिता को सम्मानित किया गया। इंचार्ज प्रधानाध्यापक ने माता–पिता को शाल भेंट कर सम्मानित किया, वहीं विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने छात्र को पुरस्कृत किया। इस दौरान विद्यालय परिवार ने रामतीर्थ के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में शिक्षकगण के साथ–साथ विद्यालय के सभी छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

## कलेक्ट्रेट में होलिका दहन स्थल पर बनवाया चेंबर

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कलेक्ट्रेट परिसर में शहीद स्थल के सामने स्थित होलिका दहन स्थल पर चेंबर बनवाए जाने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि जिस स्थान पर चेंबर बनाया गया है, वहां पिछले करीब 26 वर्षों से होलिका दहन होता आ रहा है। जानकारी के अनुसार सड़क से सटे इस स्थान पर चेंबर का निर्माण करा लिया गया। स्थानीय लोगों ने उन्हें समझाने का प्रयास भी किया, लेकिन वे नहीं माने। बताया जाता है कि होली के अवकाश के दौरान ही निर्माण कार्य पूरा करा लिया गया। मामले को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

## प्रखर अग्रवाल का पीपल फॉर एनिमल्स संस्था से नहीं है कोई सम्बंध: विकेंद्र शर्मा

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पीपल फॉर एनिमल्स बदायूं की संस्था प्रमुख विकेंद्र शर्मा ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को लिखे पत्र में कहा है कि जनपद बदायूं में पीपल फॉर एनिमल्स बदायूं संस्था 2021 में पंजीकृत हुई है। संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष मेनका गाँधी हैं। जनपद के समस्त क्षेत्रों में संस्था के वालंटियर्स काम कर रहे हैं उझानी निवासी प्रखर अग्रवाल पुत्र नीरज अग्रवाल का पीपल फॉर एनिमल्स संस्था से कोई सम्बन्ध नहीं है। इनके द्वारा किये गए किसी भी कृत्य में संस्था उत्तरदायी नहीं होगी। शर्मा ने बताया कि इसकी जानकारी उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष मेनका गाँधी के साथ जिलाधिकारी व एसएसपी को भी दे दी है।

## प्राथमिक स्कूल में खाना बनाते वक्त लगी आग, पुलिस ने बामुश्किल निकाले बच्चे

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कदरचौक थाना क्षेत्र के लभारी प्राथमिक स्कूल में शुक्रवार को खाना बनाते समय गैस सिलिंडर में आग लग गई। उस समय स्कूल में 61 छात्र मौजूद थे। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बच्चों को बामुश्किल सुरक्षित बाहर निकाला, जिससे बड़ा हादसा टल गया। सूत्रों के अनुसार, आग बुझाने के सभी उपकरण खराब मिले और प्रधाना चार्य उस समय अनुपस्थित थीं। कादर चौक पुलिस ने लगभग एक घंटे में आग पर काबू पाया। इस घटना ने स्कूलों में सुरक्षा उपायों की कमी को उजागर कर दिया है।

## गंगा में डूबे विष्णु की तलाश जारी, चौथे दिन भी नहीं मिला

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** फाल्गुन पूर्णिमा पर गंगा स्नान के दौरान अपने बेटे को बचाने के प्रयास में बह गए फिरोजाबाद के विष्णु दीक्षित का अब तक कोई सुराग नहीं मिला। सूचना के अनुसार, 2 मार्च को विष्णु अपने 7 वर्षीय बेटे कार्तिक के साथ कछला घाट पर स्नान के लिए गए थे। कार्तिक डूबने लगा, जिसे गोताखोरों ने सुरक्षित बचा लिया, लेकिन विष्णु गहरे पानी में बह गए।उपजिलाधिकारी सदर मोहित कुमार की अगुवाई में एसडीआरएफ की टीम और प्राइवेट गोताखोरों ने कछला घाट के दोनों छोरों में करीब 20S25 किलोमीटर तक खोजबीन की। चौथे दिन भी उन्हें नहीं पाया जा सका। परिवार अभी भी बुरी तरह परेशान है, जबकिअधिकारियों का कहना है कि खोज कार्य लगातार जारी है और जल्द ही विष्णु को ढूंढ लिया जाएगा।

## सट्टे की खाइवाड़ी करते युवक को पुलिस ने दबोचा, नकदी व पर्चियां बरामद

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उझानी कोतवाली पुलिस ने अवैध सट्टेबाजी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से नकदी और सट्टे की पर्चियां बरामद की हैं। पुलिस को मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली थी कि नगर के भर्राटोला मोहल्ले में बड़ी माता मंदिर के पास स्थित एक ब्यूटी पार्लर की ऊपरी मंजिल पर सट्टे की खाइवाड़ी की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने गौरव गुप्ता पुत्र राकेश गुप्ता को मौके से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 2590 रुपये नकद, सट्टे की पर्चियां तथा डॉट पेन बरामद किए गए। कार्रवाई में उपनिरीक्षक जगमेन्द्र के साथ कांस्टेबल प्रीतोष कुमार, भूपेन्द्र और नितिन कुमार शामिल रहे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। यह कार्रवाई बदायूं जिले में अवैध जुआ और सट्टेबाजी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई।

## गाड़ी हटाने को लेकर विवाद, पथराव में चार लोग घायल

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बिसौली कोतवाली क्षेत्र के गांव गुलड़िया में गाड़ी हटाने को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद देखते ही देखते बड़े झगड़े में बदल गया। दोनों पक्षों के लोग आमने सामने आ गए और कहासुनी के बाद पथराव शुरू हो गया। देखते ही देखते लोग अपने अपने घरों की छतों पर चढ़ गए और एक दूसरे पर पत्थर बरसाने लगे। पथराव में खुशबू पत्नी दुजेंद्र, कविता, बेबी समेत चार महिलाएं घायल हो गईं। परिजनों ने घायलों को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने खुशबू की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना के दौरान गांव में काफी देर तक हंगामा होता रहा। किसी ग्रामीण ने झगड़े का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिसमें दोनों पक्षों के लोग छतों से एक दूसरे पर पत्थर फेंकते नजर आ रहे हैं। बताया जाता है कि एक पक्ष के कुलदीप शर्मा के घर बेटे का जन्म हुआ था। परिजन जच्चा बच्चा को अस्पताल से घर ला रहे थे। रास्ते में नितिन शर्मा पक्ष की गाड़ी खड़ी होने पर उसे हटाने को लेकर कहासुनी हुई, जो बाद में हिंसक झगड़े में बदल गई। कोतवाल राजेन्द्र पुंडीर ने बताया कि घायल पक्ष की तहरीर पर नितिन, प्रवेश, वीरेश, आशीष, अजय और विजय के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## नोएडा में मानसिक तनाव के चलते महिला ने खाया जहर, मौत

**नोएडा, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** नोएडा के थाना सेक्टर 39 क्षेत्र के सलारपुर कॉलोनी में रहने वाली एक 35 वर्षीय महिला ने बीती रात मानसिक तनाव के चलते अपने घर पर जहरीला पदार्थ खा लिया। उसे अत्यंत गंभीर हालत में उपचार के लिए नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।थाना सेक्टर 39 के प्रभारी निरीक्षक डीपी शुक्ल ने बताया कि पूजा पत्नी प्रवीण कुमार उम्र 35 वर्ष सलारपुर कालोनी में रहती थी। उन्होंने बताया कि बीती रात को उन्होंने मानसिक तनाव के चलते अपने घर पर जहरीला पदार्थ खा लिया। उनके पति राजवीर और जीजा वीरेंद्र ने उन्हें गंभीर हालत में उपचार के लिए नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। उपचार के दौरान शुक्रवार को महिला की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# शेरवा के शुभम सिंह चंदेल ने यूपीएससी में हासिल की 378वीं रैंक, क्षेत्र में खुशी की लहर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जौनपुर । यूपी के जौनपुर स्थित शेरवा/कलवारी (धोबहा) गांव के रहने वाले शुभम सिंह के घर संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) की सिविल सेवा परीक्षा के परिणाम शुक्रवार को घोषित होते ही शेरवा और कलवारी (धोबहा) क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई।

क्षेत्र के होनहार युवक शुभम सिंह चंदेल ने कड़ी मेहनत और अटूट संकल्प के दम पर यूपीएससी जैसी कठिन परीक्षा में 378वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी सफलता से परिवार और ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है।शुभम सिंह चंदेल, दीनानाथ सिंह (छेदी) के पुत्र हैं। साधारण परिवार से आने वाले शुभम ने अपनी मेहनत



और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने यूपीएससी परीक्षा में यह सफलता पांचवें प्रयास में प्राप्त की है। शुरुआती चार प्रयासों में असफलता मिलने के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और लगातार तैयारी करते रहे। अंततः उनके धैर्य और मेहनत का फल उन्हें इस सफलता के रूप में मिला।शुभम की शैक्षणिक पृष्ठभूमि भी काफी मजबूत रही है। उन्होंने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की शिक्षा सेंट पैट्रिक्स स्कूल से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने देश के प्रतिष्ठित संस्थान आईआईटी धनबाद से इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की। इंजीनियरिंग की पढ़ाई के बाद उन्होंने समाज के लिए कुछ करने की भावना से सिविल सेवा को अपना लक्ष्य बनाया और इसकी तैयारी के लिए दिल्ली में रहकर कड़ी मेहनत की।जैसे ही शुभम की सफलता की खबर उनके पैतृक गांव कलवारी धोबहा पहुंची, गांव में खुशी का माहौल बन गया। ग्रामीणों और क्षेत्र के लोगों ने इसे पूरे इलाके के लिए गर्व का क्षण बताया। उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।ग्रामीणों का कहना है कि शुभम की सफलता यह साबित करती है कि अगर मन में दृढ़ इच्छाशक्ति और मेहनत का जज्बा हो तो सीमित संसाधनों के बावजूद भी बड़े से बड़ा लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

# चुनावी खर्च का ब्योरा न देने पर बदायूं के 6 प्रत्याशी 3 साल के लिए अयोग्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 में बदायूं जिले से चुनाव लड़ने वाले छह प्रत्याशियों को समय पर चुनावी खर्च का विवरण जमा न करने के कारण चुनाव आयोग ने तीन वर्ष के लिए अयोग्य घोषित कर दिया है। इस अवधि में ये प्रत्याशी लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा या विधान परिषद का चुनाव नहीं लड़ सकेंगे।उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा के आदेश के अनुसार संबंधित अभ्यर्थियों को आदेश की तारीख से तीन वर्ष की अवधि के लिए संसद के किसी भी सदन या राज्य/केंद्र शासित प्रदेश की विधानसभा अथवा विधान परिषद का सदस्य चुने जाने या होने के लिए अयोग्य ठहराया गया है। यह कार्रवाई जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 78 के तहत की गई है। नियम के अनुसार चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को निर्वाचन परिणाम घोषित होने के 30 दिनों के भीतर अपने चुनावी खर्च का पूरा विवरण और वाउचर जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष जमा करना अनिवार्य होता है। जिन प्रत्याशियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है, उनमें बिसौली विधानसभा से चुनाव लड़ने वाले सुरेंद्र कुमार और प्रज्ञा यशौदा, दातागंज विधानसभा से ओमवीर और मुन्ना लाल, शेखूपुर विधानसभा से ममता देवी तथा सहसवान विधानसभा से अनिल कुमार शामिल हैं। चुनाव आयोग ने इन प्रत्याशियों को पहले नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण देने का अवसर भी दिया था, लेकिन उन्होंने न तो कोई कारण बताया और न ही कोई जवाब प्रस्तुत किया। इसके बाद आयोग ने विधिक प्रावधानों के तहत यह कार्रवाई की।

# अंबेडकर प्रतिमा पर कीचड़ पोते जाने से नाराज सपा कार्यकर्ताओं ने जताया विरोध

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जौनपुर । यूपी के जौनपुर में गुरुवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर कीचड़ पोतने के मामले में समाजवादी पार्टी ने शुक्रवार को जमकर विरोध प्रदर्शन किया है। पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश मौर्या के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को जिला प्रशासन को राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एडीएम अजय अंबष्ट को सौंपा।यह घटना चार मार्च की रात को सिविल लाइंस स्थित जिलाधिकारी आवास के पास अंबेडकर तिराहा और लाइन बाजार थाना क्षेत्र के अंबेडकर पार्क में हुई थी। अराजक तत्वों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर कीचड़ पोत दिया था।जिलाध्यक्ष राकेश मौर्या ने इस कृत्य की निंदा करते हुए कहा कि इससे पी.डी.ए. समाज, स्थानीय नागरिकों और बाबा साहब के अनुयायियों में रोष है। उन्होंने इसे एक महापुरुष का अपमान और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की साजिश बताया। इसमें दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर दोषियों को तुरंत चिन्हित करने और उनके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई करने की मांग की गई है।इसके अतिरिक्त, पार्टी ने अपवित्र की गई प्रतिमा के स्थान पर नई प्रतिमा स्थापित करने की मांग की है। साथ ही, पूरे जनपद में बाबा साहब की स्थापित प्रतिमा स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने और सभी महापुरुषों के प्रतिमा स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की भी मांग किया है।

## वाराणसी में डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त, सात लोग गिरफ्तार

वाराणसी । वाराणसी में चोलापुर थाना क्षेत्र के उदयपुर गांव में बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त होने के बाद ग्रामीणों ने हंगामा कर दिया। गांव में हंगामा की सूचना के बाद मौके पर चोलापुर थाना से पुलिसकर्मियों ने पहुंचकर हालात को संभाला। पुलिस अधिकारियों को सूचना देने के बाद प्रभारी निरीक्षक ने प्रतिमा को पुनः बनवाने को लेकर प्रक्रिया आरंभ कराया। साथ ही प्रकरण में एफआईआर दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू करा दी।

# ब्रज की लोक परंपराएं हमारी सांस्कृतिक पहचान : किशन चौधरी

❒ मुखराई में 108 दीपों के साथ हुआ चरकुला नृत्य, जिपंअ व विधायक ने संयुक्त रूप से किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मथुरा । बृज की अधिष्ठात्री देवी श्री राधा रानी की ननिहाल गांव मुखराई में बीती रात 5 हज़ार वर्ष पुरानी परंपरा पुनः जीवंत हो उठी। गांव मुखराई की महिलाओं ने परम्परागत तरीके से विश्व प्रसिद्ध चरकुला नृत्य कर सभी का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी और गोवर्धन विधायक ठाकुर मेघश्याम सिंह, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष (गोवर्धन) ठाकुर परशुराम ने दीप प्रज्वलित कर चरकुला नृत्य का शुभारंभ किया। पूरा गाँव राधा रानी की नानी 'मुखरा देवी' के जयकारों से गूंज उठा। मुख्य अतिथियों का ब्रज लोक कला फाउंडेशन के दानी शर्मा, राम किशोर शर्मा और राहुल दुबे सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने पटुका पहनाकर व श्रीराधाकृष्ण की छवि भेंटकर भव्य स्वागत किया।चरकुला नृत्य का



मुख्य आकर्षण वह क्षण रहा जब महिला कलाकारों ने अपने सिर पर 108 जलते दीपकों का भारी-भरकम पिंजरा (चरकुला) रखकर नृत्य का प्रदर्शन किया। इस कठिन साधना और संतुलन को देख उपस्थित जनसमूह मंत्रमुग्ध हो गया। नृत्य की शुरुआत जय देवी ने ठाकुर मदन मोहन जी के द्वार से की, जिसके बाद जानकी, विजय देवी, उर्मिला देवी और नीतू जैसी नृत्यांगनाओं ने बारी-बारी से अपनी कला का प्रदर्शन कर दर्शकों को दाँतों तले उंगलियाँ दबाने पर मजबूर कर दिया। 'जुग-जुग जियो तुम नाचन हारी' की गूंज व लोकगीतों की मधुर तान के बीच जहां हुरियारिनों ने हुरियारों पर प्रेम की लाठियां बरसाईं, वहीं हुरियारों ने "जुग-जुग जियो तुम नाचन हारी..." जैसे पारंपरिक लोकगीतों से नृत्यांगनाओं का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने उपस्थित जनसमूह के साथ ब्रज की प्राचीन और समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं का आनंद लिया तथा चरकुला नृत्य के माध्यम से ब्रज की लोक संस्कृति और विरासत को सहेजने के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ब्रज की लोक परंपराएं हमारी सांस्कृतिक पहचान हैं, जिन्हें सहेजना और नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। ब्रज लोक कला फाउंडेशन के दानी शर्मा ने बताया कि चरकुला नृत्य की शुरुआत मुखराई गांव से ही मानी जाती है। उन्होंने बताया कि राधारानी के जन्म की खुशी में उनकी नानी मुखरा देवी ने रथ के पहिए को सिर पर रखकर नृत्य किया था। इसी परंपरा की स्मृति में हर वर्ष होली की दौज पर मुखराई में यह उत्सव मनाया जाता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# जमीनी विवाद के निस्तारण में लापरवाही बन रही बवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिला और तहसील प्रशासन व पुलिस की लापरवाही के चलते जिले में जमीन विवाद के मामले बढ़ते जा रहे हैं। अफसरों के निर्देश के बाद भी कानूनगो और लेखपाल पैमाइश और पत्थर नसब कराने में रुचि नहीं ले रहे हैं। इसका नतीजा है कि आए दिन जमीन के विवा द में खून बह रहा है,जमीन के विवाद में राजस्व विभाग के कर्मचारी बगैर सुविधा शुल्क लिए कोई कदम नहीं उठाते हैं। जिससे भूमि विवादों का निपटारा नहीं हो पा रहा है।वर्तमान में जिले की पांचों तहसीलों में हज़ारो की संख्या में राज स्व वाद लंबित हैं। मुख्य राजस्व अधिकारी का कहना है कि जमीन विवाद का निपटारा तुरंत करना थोड़ा मुश्किल होता है,जो व्यक्ति शिका यत करता है, वह सिर्फ अपना पक्ष ही रखता है जब तक दोनों पक्षों को न सुना जाय, तब तक वास्तविकता समझना मुश्किल होता है फिल हाल जमीन विवाद में पुलिस और राजस्व टीम को मिलकर हल करने को कहा जाता है।राज स्ववादों को निबटाने के लिए ही तहसील दिवस थाना समाधान दिवस का आयोजन किया जा ता है मगर




कोई भी अधिकारी मौके पर पहुंचक र न तो समाधान कराना चाहता है और न ही कोई एक्शन लेना चाहता है। सिर्फ आख्या का दौर ही चलता रहता है। जिसके कारण जिले में राजस्ववादों की संख्या में लगातार इजाफा हो ता जा है।जिले में होने वाली आपराधिक घटना ओं में हर तीसरा मामला जमीन से जुड़ा होता है, भूमिधरी जमीन पर अवैध कब्जा, हिस्से के बंटवारे को लेकर विवाद कभी-कभी गंभीर रुप धारण कर लेते हैं। राजस्व विभाग के अफसरों को जमीन का विवाद देखते ही बुखार आ जा ता है। तहसीलों में एसडीएम की लापरवाही से छोटे-छोटे मामलों का निस्तारण नहीं हो पा रहा है।फिलहाल जिले के चारो तहसीलों में सैकड़ो से अधिक राजस्व के मामले लंबित हैं।

**जमीनी विवाद में ख़ूनी संघर्ष, दस घायल**

जिले के करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र के कुम्ह डौरा में गुरुवार दोपहर करीब दो बजे के करीब मोहनलाल और मनजीत गोस्वामी गुटों के बीच पुराने जमीनी विवाद को लेकर खूनी संघर्ष हो गया।इस झड़प में दोनों पक्षों के दस लोग घाय ल हो गए, जिन्हें गोंडा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। संघर्ष के दौरान लाठी-डंडों और धारदार हथियारों का इस्तेमाल किया गया है।

सूचना मिलने पर करनैलगंज कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची।मोहनलाल की तहरीर पर मन जीत गोस्वामी,अमित गोस्वामी,राजेश गोस्वामी, मयंक, ननकई देवी, दिलीप कुमार सहित पंद्रह से बीस अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट और हमले का मुकदमा दर्ज किया गया। मोहनलाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गुरुवार दोपहर डेढ बजे वह अपने परिवार के साथ घर के दरवाजे पर बैठे थे। तभी मनजीत गोस्वामी, अमित गोस्वामी (भवानी प्रसाद के पुत्र) राजेश गोस्वामी,श्याम लगन के पुत्र,मयंक, बांके लाल के पुत्र,ननकऊ देवी,रामसेवक की पत्नी दिलीप कुमार,अमेरिका के पुत्र, और उनके साथ आए पंद्रह से बीस अज्ञात लोगों ने लाठी-डंडों, हॉकी, लोहे की रॉड और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, आरोप है कि हमलावरों ने उन्हें घर में खींचकर पीटा।इस हमले में रवि, विनोद,खुशबू, प्रियांशी, प्रियांशु और मुरली गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इस मामले में एक चौंकाने वाला आरोप भी सा मने आया है कि पीड़ित मोहनलाल ने लिखित शिकायत में कहा है कि इस पूरी साजिश में था ने के दीवान राम सजीवन मौर्य की मिलीभगत है।उनका आरोप है कि दीवान पिछले कई दिनों से उन्हें और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे थे।पीड़ित ने करनैलगंज कोत वाली में तैनात दीवान पर आरोप लगाया है की जो घटना हमारे परिवार के साथ घटी है उसमें

थाने के दीवान हमलावरों से मिले हुए हैं। वही करनैलगंज निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि गाव के दबंगों ने पुश्तैनी जमीन पर अवैध क ब्जा कर रहे हैं।एसडीएम से लेकर डीएम तक फरियाद कर चुके हैं।मगर पीड़ित की मानें तो उनकी आवाज सुनने को कोई भी तैयार नहीं है।पुलिस दूसरे पक्ष से मिली हुई है।इधर किसी भी अधिकारी ने अवैध निर्माण पर रोक लगाने की पहल नहीं की है,राजस्व विभाग के अधिका रियों से नाप कराने की मांग की,मगर कोई अ धिकारी तैयार नहीं है।

### 22 फरवरी को अधिवक्ता की हत्या

करनैलगंज कोतवाली के ग्राम दत्तनगर सुदई में पुरवा जमीनी विवाद को लेकर खून खराबा हो चुका है जिसमे लखनऊ हाईकोर्ट के प्रशासनि क अधिवक्ता और अवध बार एसोसिएशन के पूर्व मंत्री सुभाष चंद्र मिश्र की पीट-पीट कर ह त्या कर दी गई थी,जानकारी के अनुसार विवाद उस समय शुरू हुआ जब एक पक्ष के लोग ट्रै क्टर से खेत की जुताई करवा रहे थे.इसी दौरान दूसरे पक्ष के लोग मौके पर पहुंच गए कब्जे को लेकर कहासुनी शुरू हो गई थी देखते ही देखते विवाद ने उग्र रूप ले लिया था और दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडों से हमला हुआ हिंसक संघर्ष में एक ही पक्ष के तीन लोग घायल हुए थे जिन्हें अस्पताल पहुंचाया गया था।इलाज के दौरान अधिवक्ता सुभाष चंद्र मिश्रा ने दम तोड़ दिया था।पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए सभी आ रोपियों को जेल भेज दिया है।लेकिन गाँव में अभी भी जमीन के विवाद को लेकर चिंगारी सुलग रही है।

# कृषि सेवा केंद्र लव्वा टेपरा में किसानों ने सुना पीएम मोदी का सीधा लाइव प्रसारण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । नेशनल फ़र्टिलाइज़रस लिमिटेड क़े द्वारा संचालित प्रधानमंत्री कृषि समृद्धि केंद्र लव्वा टे परा बेलसर रोड पर स्थित कृषि सेवा केंद्र पर शुक्रवार को 'कृषि एवं ग्रामीण परिवर्तन पोस्ट बजट वेबिनार' कार्यक्रम आयोजित किया गया इस दौरान किसानों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव प्रसारण सुना। इस अवसर पर किसानों को भारत सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र के विकास हेतु बजट में किए गए प्रावधानों तथा ग्रामीण अवसंरचना को सुदृढ़ बनाने के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को उन्न त कृषि तकनीकों,संतुलित उर्वरक उपयोग तथा आधुनिक खेती के तरीकों के बारे में भी अवग त कराया गया।कार्यक्रम में नेशनल फ़र्टिलाइज़ रस लि.जिले क़े प्रभारी अनिरुद्ध प्रिय, कुलदीप मिश्रा (सी.ई.ओ.एफपीओ बेलसर, गोंडा) शिव पूजन ओझा,प्रफुल्ल त्रिपाठी,मुकेश कुमार शु क्ला तथा अन्य सम्मानित किसान उपस्थित रहे।

# वजीरगंज ढोढियापारा में किसी को आवास नसीब नहीं,वही एक व्यक्ति को दो बार लाभ

## एक व्यक्ति को दो बार मिला आवास, जांच में हुई पुष्टि, कार्यवाही के नाम पर शून्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । विकास खंड वजीरगंज क़े ग्राम पंचायत ढोढियापारा में एक व्यक्ति ने वर्ष 2009 और 2010 में क्रमांक संख्या 185 पर इंदिरा आवा स दिया गया फिर उसी ग्राम पंचायत क़े व्यक्ति को पुनः वर्ष 2017-18 में रजिस्ट्रे शन नं. यूपी 3683925 पर प्रधानमंत्री आवास योजना से भी लाभन्वित किया गया है।वही अधिकारिओ कि जांच में पुष्टि हुई है कि ब्लॉक वजीरगंज ग्राम ढोढियापारा जगन्नाथ पुत्र नीबर को इन्दि रा आवास योजना का लाभ प्राप्त होने के का रण प्रधानमंत्री आवास की गाइड लाइन के अनु सार अपात्र थे। जांच में अधिकारिओ क़े द्वारा पुष्टि कि गईं कि आवास का लाभ दिया जाना असगंत है शिकायत कर्ता क़े द्वारा जो शिकाय त कि गईं है वह सत्य है।हर इंसान का सपना होता है कि उसका एक खुद का घर हो,एक ऐ सी जगह जहां वह अपने परिवार के साथ सुकू न से रह सके,इसी सपने को पूरा करने के लिए भारत सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरुआत




साल 2015 में की थी इस योजना का मकसद था कि देश के हर गाँव में जरूरतमंद को पक्का घर मिले,खासतौर पर उन लोगों को जिनके पास छत नहीं है या रहने के लिए सही सुविधा नहीं है। इस योजना के तहत सरकार लोगों को घर बनाने या खरीदने के लिए आर्थि क सहायता देती है, जिससे वो अपना घर बना सकें योजना में कई कैटेगिरी हैं और इनके लिए अलग-अलग आय सीमा तय की गई है, लेकिन अब इस योजना में भी वजीरगंज ब्लॉक कर्मचा रिओ व अधिकारियों व प्रधान ने अपने करीबि यों को एक ही व्यक्ति को से दो बार आवास देने के मामला सामने आ रहे हैं।लोगो क़े द्वारा बता या जा रहा है कि गलत जानकारी और अफस रों की मिलीभगत से इस योजना का गलत फा यदा उठाया है।लेकिन अभी तक इसका कोई कार्रवाई नहीं हुई है।वही शिकायतकर्ता ने सूबे क़े मुख्यमंत्री योगीआदित्यनाथ से शिकायत की है की पत्रांक संख्या-3748, 3714, 3127, 85 38 और पत्रांक संख्या-2975 में दिये जाने आ देश दर्ज कराये जाने प्रथम सूचना रिपोर्ट दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध दर्ज करने की मांग की है। शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लिखित शिकायत दी है और बताया है कि ग्राम पंचायत में जगन्नाथ पुत्र नीबर को सरका री कर्मचारी व ग्राम प्रधान की मिलीभगत से अनुचित लाभ लेकर एक ही व्यक्ति को दो बार आवास देने की पुष्टि उपरोक्त पत्रांक संख्या में भिन्न-भिन्न अधिकारी द्वारा जांच रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया है,जिसमें स्पष्ट लिखा है कि एक ही व्यक्ति को दो बार आवास का लाभ दिया गया है लेकिन जिला पंचायत राज अधिकारी क़े द्वा रा प्रधान व सचिव से सिर्फ धन की उगाही कर ते हैं,इस कारण कोई कार्यवाही नहीं की जाती है।ऐसी स्थिति में प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत जाच रिपो र्ट का अवलोकन करके सम्बन्धित दोषी व्यक्ति यों के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज किये जा ने की मांग की है।

# 08 मार्च को आयोजित होगा अस्मिता लीग-खेलो इंडियाः खेल से ही है पहचान कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जिला युवा अधिकारी ने बताया कि युवाओं एवं महिलाओं में फिटनेस, स्वास्थ्य जागरूकता तथा खेल संस्कृति को बढ़ावा देना है, ताकि समाज में स्वस्थ जीवनशैली और खेल भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के सहयोग से युवा भारत (माय भारत), बहराइच, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 08 मार्च 2026 को प्रातः 08:00 बजे से इंदिरा गांधी स्टेडियम, बहराइच में ‟अस्मिता लीग-खेलो इंडियाः खेल से ही है पहचान" कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले खेलों में प्रमुख रूप से 100, 200 व 400 मीटर की दौड़ के साथ-साथ कई फन एक्टिविटीज शामिल होंगी। प्रतियोगिता में 13 वर्ष से कम आयु, 13 वर्ष से अधिक व 18 से कम आयु तथा 18 वर्ष से अधिक आयु के युवक-युवतियाँ प्रतिभाग कर सकेंगी। प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु विभिन्न विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# होली मिलन समारोह में विधायक रामनिवास वर्मा रहे मुख्य अतिथि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। नगर में होली समिति के तत्वावधान में आयोजित होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और उपस्थित लोगों को होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अजय कुमार गुप्ता (एलआईसी), श्रीमती रेखा पांडेय, प्रमोद नाग, रूप नारायन जायसवाल, बलजीत, आनंद प्रकाश श्रीवास्तव, ओम प्रकाश गुप्ता, बालमुकुंद तिवारी, सौरभ वर्मा, धर्मेन्द्र कान्त श्रीवास्तव, संतोष कुमार पोरवाल, गोपाल टेकडीवाल,



विनोद जायसवाल, दीपक श्रीवास्तव, प्रकाश वीर गुप्ता, अशोक जायसवाल, धर्मेंद्र गुप्ता, राजेंद्र कुमार मित्तल, नीतीश अग्रवाल, अनुराग प्रकाश श्रीवास्तव, अनिल पांडेय, दिलीप जायसवाल, जगतराम पटेल, आनंद श्रीवास्तव, विनोद द्विवेदी, दिवाकर श्रीवास्तव, जुगल चौरसिया, नीरज गुप्ता, संजय गुप्ता, अरविंद सिंह, तीरथराम साहू, रवि गुप्ता, राहुल कश्यप, दिनेश श्रीवास्तव, विवेक श्रीवास्तव, विनय प्रकाश आर्य, बंसीधर रस्तोगी सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यकारिणी सदस्यों में सचिन गुप्ता, आनंद रस्तोगी एवं छत्रपाल पटेल भी उपस्थित रहे। इस दौरान पंडित रघुवर शरण पाठक ने संवत वाचन कर सभी को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में होली समिति नानपारा की ओर से सभी अतिथियों एवं नगरवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन झुनझुना के साथ होलिकोत्सव कार्यक्रम का हुआ समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। बहराइच होली समिति (रजि.) के तत्वावधान में आयोजित होलिकोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत शहर के घंटाघर प्रांगण में आयोजित अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन 'झुनझुना' देर रात तक श्रोताओं से गुलजार रहा। देश के विभिन्न हिस्सों से आए कवियों ने अपने हास्य, व्यंग्य और ओजपूर्ण काव्य पाठ से उपस्थित जनसमूह को खूब गुदगुदाया और तालियों की गड़गड़ाहट बटोरी।कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुवार शाम लखनऊ से आईं कवयित्री हेमा पांडेय द्वारा मां शारदे की वंदना से किया गया। होली समिति की ओर से सभी आमंत्रित कवियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। शाम होते ही दूर-दराज से आए श्रोताओं से घंटाघर प्रांगण भर गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी निशा शर्मा ने की, जबकि मंच का सफल संचालन रीवा (मध्य प्रदेश) से आए कवि अमित शुक्ला ने किया। कवि सम्मेलन में कोटा से आए कवि भूपेंद्र राठौर ने अपनी पंक्तियों ‟अब रावलपिंडी, ढाका दोनों कायदे में हैं, ट्रंप मरे या खमनोई भारत फायदे में है सुना कर खूब तालियां बटोरीं। बाराबंकी के हास्य-व्यंग्य कवि प्रदीप महाजन ने कहा ‟निज कार्य की हर योजना अब टालनी होगी, और धूल पशु बाजारों की खंगालनी होगी, बच्चों को मिले शुद्ध दूध इसलिए मित्रों, अध्यापकों को भैंस भी अब पालनी




होगी। दिल्ली से आए हास्य कवि सुनहरी लाल 'तुरन्त' ने अपनी चुटीली प्रस्तुति से माहौल को खुशनुमा बना दिया साज बिना हर राग अधूरा लगता है, बिन कोयल के बाग अधूरा लगता है, होली कितने ही लोगों से खेलो, पर बिना भाभी के फाग अधूरा लगता है। मंच संचालक अमित शुक्ला ने भी अपनी प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। लखनऊ की कवयित्री हेमा पांडेय ने राधा-कृष्ण की भावपूर्ण पंक्तियों से वातावरण भावुक कर दिया धूप में धूप से सांवरी हो गई, वेदना से विकल बांसुरी हो गई, कृष्ण मथुरा से वापस जो आए नहीं, याद में राधिका बावरी हो गई। मेरठ के कवि डॉ. प्रतीक गुप्ता ने प्रेम और सामाजिक भावों पर आधारित रचना प्रस्तुत की। वहीं महेश्वर (मध्य प्रदेश) के कवि नरेन्द्र अटल ने अपनी ओजपूर्ण कविता ‟मातृभूमि की गौरवगाथा जीवन भर हम गाएंगे इसकी माटी और रक्त का जन्म-जन्म का नाता है, गौत्र हमारा राष्ट्र धर्म, कुलदेवी भारत माता है। सुना कर श्रोताओं में देशभक्ति का जोश भर दिया।कार्यक्रम के अंत में समिति अध्यक्ष दीपक प्रकाश सोनी 'दाऊ जी' ने सभी कवियों, अतिथियों, श्रोताओं और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर महामंत्री सुमित खन्ना, हेमंत मिश्रा, उमाकांत शुक्ला, राघवेंद्र नाथ गुप्ता, मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव, कृष्ण मोहन गोयल, शिव शरण कसेरा, आनंद कुमार, अमित टंडन, कन्हैया सोनी, आशीष कंसल, हेमा निगम, मनोज मिर्ची, सत्येंद्र रस्तोगी, राजेश रस्तोगी, कृष्ण गोपाल तायल, सुधाकर मिश्रा, योगेंद्र श्रीवास्तव, मनीष रस्तोगी सहित सैकड़ों लोग देर रात तक कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### महिला जनसुनवाई दिवस 11 मार्च को

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग के निर्देशानुसार प्रदेश के विभिन्न जनपदों में द्वितीय बुधवार को आयोजित होने वाले ''महिला जनसुनवाई दिवस'' कार्यक्रम के अन्तर्गत 11 मार्च 2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से लो.नि.वि. निरीक्षण भवन में आयोग की सदस्य श्रीमती एकता सिंह की अध्यक्षता में वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में महिला जनसुनवाई तथा समीक्षा बैठक का कार्यक्रम प्रस्तावित है। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी वीआईपी/नगर मजिस्ट्रेट ने दी है।

### जिला स्तरीय जूनियर खेल प्रतियोगिता 12 व 13 मार्च को

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। क्रीड़ा अधिकारी आनन्द कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि जिला खेल कार्यालय, इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम, बहराइच द्वारा वर्ष 2025-26 अन्तर्गत जिला स्तरीय जूनियर बालक/बालिका वर्ग हेतु 02 दिवसीय खेल प्रतियोगिता प्रस्तावित है। क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि 12 मार्च 2026 को जूडो, बॉक्सिंग, तीरन्दाज़ी, हॉकी एवं कबड्डी तथा 13 मार्च 2026 को हैण्डबाल, वालीबाल, बैडमिन्टन, एथलेटिक्स एवं बास्केटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि जूनियर प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु आयु के सम्बन्ध में खिलाड़ियों को विद्यालय द्वारा प्रदत्त जन्मतिथि प्रमाण पत्र अथवा नगर पालिका द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड छाया प्रति टीम मैनेजर या संस्था द्वारा प्रमाणित कराकर खिलाड़ियों की सूची प्रतियोगिता तिथि के एक दिवस पूर्व सम्बन्धित जिला खेल कार्यालय, इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम, बहराइच में जमा करनी होगी। अधिक जानकारी के लिए मो.न. 9140350847, 9580242764 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

### कुल्हाड़ी से काटकर जीजा की हत्या करने वाले दंपति को आजीवन कारावास

नोएडा। थाना जारचा क्षेत्र के सलारपुर गांव में करीब सात वर्ष पहले हुई सनसनीखेज हत्या के मामले में जनपद गौतम बुद्ध नगर की कोर्ट ने पति-पत्नी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चन्द्र मोहन श्रीवास्तव की अदालत ने सलारपुर गांव निवासी दोषी अली हसन और उसकी पत्नी गुलशन उर्फ हाजरा पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना जमा नहीं करने पर उन्हें छह माह का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा।

# न्यू अवध बार एसोसिएशन के तत्वाधान में होली मिलन समारोह आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बल्दीराय/सुलतानपुर। तहसील बल्दीराय के सभागार में शुक्रवार को न्यू अवध बार एसोसिएशन के तत्वाधान में होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे व सौहार्द का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित न्यू अवध बार एसोशिएसन के अध्यक्ष मनोज सिंह एवं महामंत्री वृजेश यादव ने कहा कि ऐसे आयोजनों से आपसी मेल-मिलाप बढ़ता है और समाज में प्रेम व एकता का वातावरण मजबूत होता है। समारोह के दौरान अधिवक्ताओं ने एक-दूसरे को गले लगाकर होली की बधाई दी और सौहार्दपूर्ण माहौल में उत्सव मनाया। समारोह में आए प्रख्यात कवि कर्मराज शर्मा तुकान्त ने अपनी होली गीत '' कागा काहे उड़ि आवा हौ मुड़ेरी पर '' ''बतावा का सनेस लावा हौ ''सुनाया तो तहसील सभागार तालियों की गड़गड़ाहत से गूंज उठा।कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता व कवि राधे श्याम श्रीवास्तव अंजान ने किया।कार्यक्रम में कर्म राज शर्मा तुकांत के अतिरिक्त कवि राम उजागिर स्नेहिल,दिवाकर ओझा व संचालन कर रहे राधेश्याम श्रीवास्तव अनजान ने भी काव्यपाठ किया।

उपस्थित लोंगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी।इस अवसर पर न्यू अवध बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज सिंह, महामंत्री वृजेश यादव,आनंद तिवारी, पवन दूबे,प्रदीप पांडेय,वीरभद्र दूबे, रोहित पांडेय,राजेश सिंह,संजय सिंह, सर्वेश सिंह,कफील खान,राम सुमिरन वैश्य,जगन्नाथ यादव, अजय दूबे,अनिल यादव,ध्रुवराज पांडेय, जितेंद्र यादव, इसराक अहमद,प्रदीप सोनकर,दिवाकर ओझा,बृज नंदन सिंह,सौरभ उपाध्याय, गिरिजा शंकर सहाय, अविनाश तिवारी सहित बड़ी संख्या में तहसील के अधिवक्ता मौजूद रहे।

# जांच के नाम पर कई सप्ताह बीत गए नहीं हुई आरोपी सिपाही के खिलाफ कोई कार्रवाई



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।उत्तर प्रदेश की योगी सरकार लगातार भ्रष्टाचार को कम करने का प्रयास कर रही है।लेकिन उनकी ही सरकार में कर्मचारी बेलगाम होकर लगातार भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। मामला पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत स्थित ग्राम पिपरिया जयभद्र निवासी धर्मवीर ने हल्का नंबर 2 में तैनात सिपाही शैलेंद्र ने धर्मवीर से फर्जी मुकदमे में जेल भेजने के नाम पर ?30000 ले लिए पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर आरोपी सिपाही शैलेंद्र के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की पुलिस अधीक्षक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं।लेकिन कई सप्ताह बीत जाने के बाद भी अभी तक जांच के नाम पर मात्र खाना पूरी की जा रही है। आरोपी सिपाही के लिखाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई।जिससे सिपाही की हौसले बुलंद हैं और लगातार पीड़ित पर दबाव बनाकर समझौता करने का प्रयास किया जा रहा है।पीड़ित का कहना है। कि पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय में मेरे बयान लिए गए लेकिन आरोपी सिपाही के खिलाफ अभी तक किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

## पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर खड़ी ट्रक में बस ने मारी टक्कर, चालक की मौत, दो घायल

बल्दीराय/सुल्तानपुर। थाना क्षेत्र के देहली चौकी अंतर्गत पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर गुरुवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। खराब होकर खड़ी ट्रक में तेज रफ्तार बस ने पीछे से टक्कर मार दी, जिसमें बस चालक की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार, देहली चौकी क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के माइल स्टोन 101.8 के पास गुरुवार रात करीब 11:20 बजे लखनऊ की तरफ जा रही ट्रक संख्या ड3573 0153 अचानक खराब हो गई। ट्रक चालक साबिर अख्तर पुत्र साहुल अमीन निवासी अजीम टोला थाना बोस्टम नगर जनपद माल्टा पश्चिम बंगाल ने ट्रक को सड़क किनारे खड़ा कर दिया और वहीं सो गया।

इसी बीच लखनऊ की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बस संख्या ठ्घ53क्ष्7812 के चालक इस्लाम पुत्र नूर आलम निवासी अकबरपुर बेस, थाना बिरौल, जनपद दरभंगा (बिहार) को नींद आ जाने से बस खड़ी ट्रक के पीछे जा टकराई। हादसे में बस चालक इस्लाम, कंडक्टर नवीन पुत्र राजकिशन निवासी पिपराइच जनपद गोरखपुर तथा रूधावा पुत्र शोभाराम निवासी बुलंदा थाना बरौदा जनपद सोनीपत गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे गश्ती दल और बचाव कर्मचारियों ने घायलों को एम्बुलेंस की मदद से इलाज के लिए 100 शैय्या अस्पताल कुमारगंज, जनपद अयोध्या भेजा। जहां इलाज के दौरान बस चालक इस्लाम की मौत हो गई, जबकि अन्य दोनों घायलों का इलाज जारी है।

## गौरीगंज पुलिस ने जिलाबदर अपराधी को धरदबोचा

अमेठी । थाना गौरीगंज पुलिस ने एक जिलाबदर अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर जिलाबदर परमानंद यादव उर्फ परमा यादव पुत्र चन्द्रिका यादव निवासी मिश्रौली वार्ड संख्या दस थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र बाइस वर्ष को अभियुक्त के घर के पास से गिरफ्तार किया गया। थाना गौरीगंज पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ उत्तर प्रदेश गुण्डागर्दी नियंत्रण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।

## पच्चीस ग्राम स्मैक के साथ युवक को पकड़ा

अमेठी । थाना कमरौली पुलिस ने मादक पदार्थो की बिक्री करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ा रुख अख्तियार करते हुये पच्चीस ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत शुक्रवार को थाना कमरौली पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अभियुक्त लवकुश पुत्र श्यामलाल कोरी निवासी रोड नम्बर तीन थाना कमरौली जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे से पच्चीस ग्राम स्मैक बरामद हुई है। इस सम्बंध में थाना कमरौली के थानाध्यक्ष मुकेश कुमार पटेल ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये ।

# टाइगर रिजर्व से निकलने वाले हाइवे व अन्य मार्ग बंद के आदेश का भाकियू ने किया विरोध



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के पदाधिकारियों व किसानों ने जिलाधिकारी एवं वन क्षेत्राधिकारी को ज्ञापन सौंपकर टाइगर रिजर्व के रास्तों पर रात्रि में लगाए गए प्रतिबंध को हटाने की मांग की। किसानों ने कहा कि मार्ग बंद कर दिए गए तो क्षेत्र का जिला मुख्यालय से संपर्क टूट जाएगा। जिला अस्पताल, मंडी व अन्य जरूरी सुविधाएं जिले में ही उपलब्ध हैं, जिससे किसानों और आम लोगों को भारी दिक्कत होगी। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि निर्णय बापस नहीं लिया गया तो आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान जिलाध्यक्ष रनजीत सिंह कहलो, ब्लॉक अध्यक्ष मंगल सिंह, तहसील प्रभारी मनदीप सिंह, त्रिलोचन सिंह, जितेंद्र सिंह सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

## दूसरे पक्ष के रमेश की भी मौत बच्चों के विवाद ने ली दो जिंदगियां

सुल्तानपुर। देहात कोतवाली क्षेत्र के जनऊपुर गांव में गुरुवार की शाम बच्चों के मामूली विवाद ने देखते ही देखते खूनी रूप ले लिया। दो परिवारों के बीच हुए इस विवाद में अब तक दो लोगों की जान जा चुकी है, जिससे गांव में मातम और तनाव का माहौल है।

जानकारी के अनुसार गांव निवासी होमगार्ड वीरेंद्र सोनकर और रमेश सोनकर के परिवार के बीच बच्चों के विवाद को लेकर कहासुनी शुरू हुई थी। कुछ ही देर में मामला इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट होने लगी। इसी दौरान एक पक्ष के लोगों ने करीब पांच राउंड फायरिंग कर दी। फायरिंग में वीरेंद्र सोनकर और उनके दो बेटे मोहित तथा मंगल को गोली लग गई। गंभीर रूप से घायल मोहित को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं दूसरे पक्ष के रमेश सोनकर भी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। परिजन उन्हें इलाज के लिए लखनऊ ट्रामा सेंटर ले जा रहे थे, लेकिन बताया जाता है कि रास्ते में जगदीशपुर के पास पहुंचते-पहुंचते उन्होंने भी दम तोड़ दिया। घटना के बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी है। इस मामले में वीरेंद्र सोनकर के पक्ष से तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है और पूरे मामले की जांच जारी है।

## हिस्ट्रीशीटर दीपक सोनकर मुठभेड़ में गिरफ्तार

सुल्तानपुर। जनऊपुर गोलीकांड के आरोपी हिस्ट्रीशीटर दीपक सोनकर को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी को धोपाप क्षेत्र से पकड़ा गया था। गिरफ्तारी के बाद उसे असलहा बरामदगी के लिए ले जाया जा रहा था, तभी उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली दीपक के पैर में लग गई और वह घायल हो गया।

# प्रांजल पंडित का IAS में चयन क्षेत्र में खुशी की लहर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। थाना अखण्डनगर क्षेत्र के मकरीया बराहिमपुर गांव निवासी प्रांजल पंडित (शाश्वत पंडित) ने संघ लोक सेवा आयोग की प्रतिष्ठित ऋट्ट परीक्षा में सफलता हासिल कर क्षेत्र और जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है और लोग उन्हें बधाई दे रहे हैं।

प्रांजल पंडित, विपिन राय के पुत्र हैं, जो सम्मानित शिक्षक आनन्द द्विवेदी के मित्र बताए जाते हैं। इस सफलता पर शिक्षक आनन्द द्विवेदी ने खुशी जताते हुए बताया कि उनके भतीजे प्रांजल ने दूसरे ही प्रयास में देश की सर्वोच्च परीक्षा को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर लिया है। उन्होंने कहा कि प्रांजल की मेहनत, लगन और अनुशासन का ही परिणाम है कि इतनी कम उम्र और कम प्रयासों में उन्हें यह बड़ी सफलता मिली है। प्रांजल की उपलब्धि से परिवार, गांव और पूरे क्षेत्र में अपार खुशी का माहौल है। ग्रामीणों व शुभचिंतकों ने प्रांजल पंडित के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इसे युवाओं के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि बताया है।

## चोरी के सोलर पैनल के साथ एक युवक गिरफ्तार

शुकुल बाजार अमेठी । थाना बाजार शुकुल पुलिस ने गांव काजीपुर स्थित पानी की टंकी से चोरी किये गये एक सोलर पैनल के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को थाना बाजार शुकुल पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर चोरी के मामले में प्रकाश में आये राजमन उर्फ मोटे पुत्र शिवनरायन निवासी काजीपुर थाना बाजार शुकुल को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से एक सोलर पैनल बरामद हुआ। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में युवक ने बताया कि अठाइस फ़रवरी की रात्रि में उसने पानी की टंकी काजीपुर में लगे दो सोलर पैनल चोरी कर लिये थे जिसमें से एक सोलर पैनल को बेंच लिया था जिससे प्राप्त रुपये खर्च कर लिये थे आज वह दूसरे सोलर पैनल को भी बेंचने के लिए जा रहा था। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धाराओं की बढ़ोत्तरी करते हुये अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# टेंडर का खेल या दबाव की सरकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। प्रांतीय खंड और लोक निर्माण विभाग खंड-3 की निविदाओं को लेकर दर्जनों ठेकेदार खुलकर सामने आ गए हैं। करीब आधा दर्जन ठेकेदारों ने तकनीकी बिड खुलने के बाद अचानक टेंडर निरस्त किए जाने पर कड़ा आक्रोश जताया है।

ठेकेदारों का आरोप है कि प्रांतीय खंड की 186 और पीडब्ल्यूडी खंड-3 की 146 निविदाएं निरस्त कर दी गईं, जबकि तकनीकी बिड पहले ही खोली जा चुकी थी। सवाल उठ रहा है कि जब प्रक्रिया आगे बढ़ चुकी थी तो आखिर ऐसा क्या हुआ कि पूरी निविदा प्रक्रिया ही रद्द करनी पड़ी। इस पूरे मामले में ठेकेदारों ने जिले के कुछ माननीयों पर टेंडर मैनेजमेंट का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। ठेकेदारों का कहना है कि जहां प्रतिस्पर्धा ज्यादा दिखी वहां खेल ही खत्म कर दिया गया। वहीं प्रांतीय खंड के अधिशाषी अभियंता अरुण कुमार ने सफाई देते हुए कहा कि रेट सूची में संशोधन को लेकर शासन के निर्देश पर निविदाएं निरस्त की गई हैं। लेकिन सवाल यहीं से शुरू होता है। जब एक दिन पहले तक अधिकारी कह रहे थे कि टेंडर निरस्त नहीं होंगे तो अचानक शासन का आदेश कहां से टपक पड़ा? क्या शासन के आदेश बिजली की तरह गिरते हैं या फिर किसी के फोन की घंटी के बाद आते हैं? ठेकेदारों का यह भी कहना है कि पंजीकृत फर्मों ने टेंडर डालने में हजारों रुपये खर्च किए, दस्तावेज तैयार किए, बैंक गारंटी लगाई। अब उसका हिसाब कौन देगा? आक्रोशित ठेकेदारों ने मुख्यमंत्री, पुलिस अधीक्षक और प्रदेश के उच्च अधिकारियों को पत्र भेजकर पूरे मामले की जांच की मांग की है। साथ ही यह आशंका भी जताई है कि फर्जी मुकदमों में फंसाकर उनकी फर्मों को परेशान करने की साजिश हो सकती है। बताया जा रहा है कि पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने भी पत्र का संज्ञान लिया है। ठेकेदारों का तंज भी कम तीखा नहीं है। उनका कहना है कि जिनका कोई विधायक गॉडफादर नहीं, उनके लिए टेंडर सिर्फ कागज का सपना है। अब बड़ा सवाल यही है कि क्या सुल्तानपुर में विकास की सड़कें टेंडर से बनेंगी या फिर सिफारिश की सीढ़ियों से। और अगर हर बार आखिरी समय पर टेंडर ऐसे ही रद्द होते रहे तो फिर ई-टेंडरिंग सिस्टम पारदर्शिता का प्रतीक है या सिर्फ एक नया बहाना?

फिलहाल ठेकेदारों का गुस्सा उबाल पर है और जनता यह देख रही है कि सड़क बनने से पहले ही सिस्टम की सच्चाई सड़क पर आ गई है।

## डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । कोतवाली क्षेत्र के गांव तकिया दिनारपुर के पास एक डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। जानकारी के अनुसार गांव वन मौहलिया थाना झनकिया उत्तराखंड निवासी अरमान पुत्र सुभाष अपने साथी अरुण के साथ बहन की शादी के लिए सामान खरीदने के लिए पूरनपुर आ रहे थे। जैसे ही दोनों तकिया दिनारपुर के पास पहुंचे, तभी तेज रफ्तार डीसीएम ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर आसपास के लोगों ने घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरनपुर पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने दोनों की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया हैं।

## रामलीला मैदान के पास पान के खोखे में लगाई आग सामान जलकर हुआ राख

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । नगर के रामलीला मैदान स्थित पुराने नाटक मंच के पीछे बनी दुकानों के पास रखे एक पान के खोखे में किसी अज्ञात व्यक्ति ने आग लगा दी। बताया जा रहा है कि पान का खोखा लाल गुप्ता का था। जानकारी लगने पर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक खोखे में रखा हजारों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। शुक्रवार दोपहर एक बजे जानकारी के अनुसार पुलिस शिकायत की पर मामले में अभी तक कोई भी कार्रवाई नहीं हुई।

## परिषदीय विद्यालय के नवनिर्मित कमरे की छत पर बच्चों का काम करते वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । तहसील क्षेत्र के गांव चंदिया हजारा के उच्च प्राथमिक विद्यालय में बच्चों से काम कराने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। प्रसारित वीडियो में दिखाई दे रहा है कि बच्चे नवनिर्मित स्कूल की छत पर पाइप से पानी लगाते नजर आ रहे हैं स्थानीय लोगों का आरोप है कि विद्यालय में एक चपरासी नियुक्त होने के बावजूद, उसका कार्य बच्चों से कराया जा रहा है इससे बच्चों का न केवल शैक्षिक नुकसान हो रहा है, बल्कि उनका शोषण भी हो रहा है, जो बाल संरक्षण कानूनों और शिक्षा के अधिकार कानून का उल्लंघन है वीडियो वायरल होने के बाद अभिभावकों ने विद्यालय प्रशासन, प्रिंसिपल पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं।

## आबकारी विभाग की मिली भगत से कच्ची शराब बिक्री के लिये पैक कर रही महिला का वीडियो वायरल

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना सेहरामऊ की सुल्तानपुर चौकी के एक घर मे कच्ची शराब बिक्री कर रही महिला का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया जानकारी लगते ही खलबली मच गई पुलिस ने वीडियो की जांच पड़ताल शुरु कर दी है सोशल मीडिया पर वीडियो तेजी के साथ वायरल हो रहा है इस वीडियो में एक महिला कच्ची शराब थैली से निकाल कर बिक्री कर रही है वीडियो वायरल होने के बाद खलबली मच गई बताया जा रहा शराब ब्रिकी करने वाली महिला का पति जेल में बंद है वह पिछले काफी समय से शराब ब्रिकी कर रही है वीडियो वायरल होने के बाद आबकारी विभाग की कार्यवाही को लेकर लोग तंज कसे जा रहे हैं फिलहाल पुलिस वायरल वीडियो की जांच करा रही है।

## डीएफओ के फर्जी मोहर हस्ताक्षर कर से बैंक से लोन लेने के लिये जारी कर ली एनओसी

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । पीलीभीत टाइगर रिजर्व के प्रभागीय वनाधिकारी के फर्जी हस्ताक्षर और जाली सरकारी पत्र का इस्तेमाल कर एनओसी जारी कर बैंक से करोड़ों रुपये का लोन लेने का प्रयास किए जाने का मामला सामने आया है। मामले के खुलासे के बाद डीएफओ ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।पीलीभीत टाइगर रिजर्व के प्रभागीय वनाधिकारी मनीष सिंह ने बताया कि एक राइस मिल के लिए बैंक ऑफ इंडिया की पूरनपुर शाखा से ऋण प्राप्त करने के उद्देश्य से आरोपी नरेंद्र सिंह ने उनके जाली हस्ताक्षर और कार्यालय की फर्जी मुहर का इस्तेमाल कर एक पत्र तैयार किया डीएफओ ने पीलीभीत पुलिस अधीक्षक को शिकायत पत्र भेजकर आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई और मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।यह मामला पूरनपुर तहसील के ग्राम अमृतपुर निवासी नरेंद्र सिंह पुत्र जागीर सिंह से संबंधित है। नरेंद्र सिंह अपनी निजी भूमि गाटा संख्या 5/1, रकबा 0.606 हेक्टेयर, ग्राम अर्जुनपुर पर 'मैसर्स एम.के. फूड्स' के नाम से एक राइस मिल का निर्माण करा रहे हैं।इस जालसाजी का खुलासा तब हुआ जब बैंक ने पत्र के सत्यापन के लिए पत्रावली डीएफओ कार्यालय भेजी विभाग के डिस्पैच रजिस्टर की जांच करने पर पत्र संख्या 960/33-3 दिनांक 18.12.2025 का कोई रिकॉर्ड नहीं मिला इससे यह स्पष्ट हो गया कि पत्र पूरी तरह से फर्जी था और विभाग द्वारा कभी जारी नहीं किया गया था।

## गोल्डन बेल्स ग्लोबल को सीबीएसई की मान्यता

जयसिंहपुर/सुल्तानपुर। शिक्षा के क्षेत्र में जयसिंहपुर के लिए गर्व की खबर सामने आई है। बरौसा स्थित गोल्डन बेल्स ग्लोबल स्कूल ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई), नई दिल्ली से स्थायी संबद्धता प्राप्त कर ली है। इसके साथ ही यह विद्यालय पूरे जयसिंहपुर क्षेत्र का पहला स्कूल बन गया है जिसे सीबीएसई की मान्यता मिली है।विद्यालय को सीबीएसई का संबद्धता कोड 2134645 तथा स्कूल कोड 72453 प्रदान किया गया है। गौरतलब है. यह संस्थान प्री-प्राइमरी से लेकर कक्षा 12 तक की शिक्षा उपलब्ध कराता है। ग्रामीण क्षेत्र में आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से स्थापित यह स्कूल अब क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए एक मजबूत शैक्षणिक केंद्र के रूप में उभरकर सामने आया है। विद्यालय के प्रबंधक राजेश शुक्ला के नेतृत्व और दूरदर्शिता को इस उपलब्धि का प्रमुख कारण माना जा रहा है। उनके मार्गदर्शन में स्कूल में आधुनिक बुनियादी ढांचा विकसित किया गया है, जिसमें स्मार्ट कक्षाएं, कंपोजिट लैब, खेल मैदान और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। प्रिंसिपल रेनू शुक्ला के अनुसार विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास के साथ-साथ अनुशासन और व्यक्तित्व निर्माण पर भी ध्यान दिया जाता है। स्थायी संबद्धता मिलने से क्षेत्र के विद्यार्थियों को अब सीबीएसई पाठ्यक्रम की पढ़ाई के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। विद्यालय प्रबंधन और अभिभावकों ने इसे क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है।

## बेचूगढ़ में आयोजित ग्राम चौपाल में दस शिकायतें प्राप्त हुई

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । तहसील मुसाफिरखाना की ग्राम पंचायत बेचूगढ़ में शुक्रवार को उप जिलाधिकारी अभिनव कनौजिया की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं एवं शिकायतें अधिकारियों के समक्ष रखी। ग्राम चौपाल के दौरान उप जिलाधिकारी ने ग्रामीणों की शिकायतों को गम्भीरता से सुनते हुये संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये। इस अवसर पर कुल दस शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से पांच शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये।उप जिलाधिकारी ने कहा कि ग्राम चौपाल का उददेश्य ग्रामीणों की समस्याओं को गांव स्तर पर ही सुनकर उनका त्वरित समाधान करना है जिससे लोगों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। चौपाल में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# सोनिया की सही सलाह

ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजरायल द्वारा छेड़ा गया युद्ध अब गंभीर मोड़ पर पहुंचता दिख रहा है। इसमें फिलहाल तसल्ली इसी बात की नजर आ रही है कि आशंकाओं के विपरीत अब विश्वयुद्ध जैसे हालात नहीं बने हैं। नाटो देशों ने इस युद्ध से एक दूरी बनाई है, जिससे युद्ध का दायरा वैश्विक स्तर पर नहीं बढ़ रहा है। हालांकि इजरायल ने ईरान का साथ देने वाले हिज्बुल्ला पर हमला बोलने के लिए लेबनान पर ही मिसाइलें दागना शुरु किया है। जबकि लेबनान खुद हिज्बुल्ला के साथ नहीं है। मगर युद्धपिपासु नेतन्याहू अपने आक्रमणों का दायरा बढ़ाते जा रहे हैं। वहीं अमेरिका की भी कोशिश यही है कि किसी भी तरह उसे बाकी देशों का साथ मिले। फ्रांस, इटली, ब्रिटेन जैसे देश साफ कर चुके हैं कि उन्हें इस युद्ध का सहभागी बनने में कोई रुचि नहीं है। वहीं कई देश ऐसे हैं, जिन्होंने न ईरान न इजरायल और अमेरिका किसी की भी तरफ झुकाव दिखाया, लेकिन दोनों पक्षों से युद्ध रोकने की अपील की। मगर नरेन्द्र मोदी ने पहले दिन से इजरायल और अमेरिका के लिए अपनी प्रतिबद्धता जाहिर कर दी। जिस पर विपक्ष ने सवाल उठाए तो भाजपा की पूरी ब्रिगेड नरेन्द्र मोदी के बचाव में उतर गई और साथ ही सोशल मीडिया की सेना भी इस काम में लगा दी गई है। ईरान में अयातुल्लाह खामेनेई के कारण महिलाओं को कितना दबाया जा रहा था, उनके अधिकारों का हनन हो रहा था, स्त्रियां सुरक्षित नहीं थीं, ऐसे तमाम आरोपों के साथ वीडियो शेयर किए जा रहे हैं। अब सवाल ये है कि क्या ईरान की महिलाओं की चिंता करने वालों ने अपने देश में मनुस्मृति को पूरी तरह भुला दिया है, जिसने स्त्री अधिकारों को हर तरह से खारिज किया है। रहा सवाल ईरानी सरकार से वहां की जनता की नाराजगी का, तो उसे बनाए रखना या सत्ता से हटाना या उसके खिलाफ आंदोलन करना या उसके फैसलों को चुपचाप बर्दाश्त करना, यह सब केवल और केवल उसी का अधिकार है। इसमें अमेरिका या इजरायल का तो कोई लेना-देना ही नहीं होना चाहिए। मगर भाजपा यही साबित कर रही है कि ईरान पर आक्रमण करना सही था। विदेश नीति में किए गए इस आमूलचूल बदलाव पर चिंता जाहिर करते हुए कांग्रेस सांसद और संसदीय दल की अध्यक्षा सोनिया गांधी का एक आलेख मंगलवार को श्इंडियन एक्सप्रेसश में प्रकाशित हुआ, जिसमें उन्होंने लिखा कि एक मार्च को ईरान ने पुष्टि की कि उसके सर्वोच्च नेता की हत्या एक दिन पहले अमेरिका और इजरायल द्वारा किए गए लक्षित हमलों में हुई। यह हत्या तब हुई जब वार्ताएं जारी थीं। सोनिया गांधी ने कहा कि किसी सत्तारूढ़ राष्ट्राध्यक्ष की इस तरह की हत्या अंतरराष्ट्रीय संबंधों में गंभीर विघटन का संकेत है। उन्होंने इस पूरे मुद्दे पर संसद में चर्चा की मांग की। सोनिया गांधी ने आरोप लगाया कि भारत सरकार ने न तो इस हत्या की निंदा की और न ही ईरान की संप्रभुता के उल्लंघन पर स्पष्ट प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुरुआत में अमेरिका-इजरायल के हमलों का उल्लेख किए बिना केवल ईरान की संयुक्त अरब अमीरात पर जवाबी कार्रवाई की आलोचना की। उन्होंने यह भी कहा कि बाद में प्रधानमंत्री ने गहरी चिंता जताई और संवाद और कूटनीति की सामान्य बात कही, जबकि हमलों से पहले यही प्रक्रिया जारी थी। सोनिया गांधी ने अपने लेख में संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के अनुच्छेद 2(4) का जिक्र किया। उनके मुताबिक, बिना औपचारिक युद्ध घोषणा के और कूटनीतिक प्रक्रिया के दौरान किसी राष्ट्राध्यक्ष की हत्या करना उस भावना के विपरीत है, जो किसी भी देश की क्षेत्रीय अखंडता या राजनीतिक स्वतंत्रता के खिलाफ बल प्रयोग पर रोक लगाती है। उन्होंने तर्क दिया कि अगर ऐसे मामलों में दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की ओर से सिद्धांत आधारित आपत्ति दर्ज नहीं होती, तो अंतरराष्ट्रीय मानकों का क्षरण सामान्य होता जाएगा। सोनिया गांधी ने यह भी लिखा कि जब वैश्विक दक्षिण के कई देश और ब्रिक्स साझेदार दूरी बनाए हुए थे, उस समय भारत का यह रुख गलत संदेश दे सकता है।

# बिहार की राजनीति में सत्ता परिवर्तन से जुड़े सवाल

**नीतिश कुमार को लंबे समय से सुशासन पुरुष के रूप में जाना जाता रहा है। उन्होंने बिहार को लंबे समय तक स्थिर राजनीतिक नेतृत्व दिया और शासन व्यवस्था को कई स्तरों पर व्यवस्थित करने का प्रयास किया। सड़कों, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, पंचायत सशक्तिकरण और प्रशासनिक सुधार जैसे अनेक क्षेत्रों में उनके कार्यों की चर्चा होती रही है। उनके शासनकाल में बिहार ने अराजकता और अपराध की छवि से बाहर निकलकर विकास और स्थिरता की ओर कदम बढ़ाने का प्रयास किया, इसलिए उनका मुख्यमंत्री पद छोड़कर राज्यसभा की ओर जाना केवल एक पद परिवर्तन नहीं, बल्कि राजनीतिक भूमिका के पुनर्निर्धारण के रूप में भी देखा जा रहा है। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि राष्ट्रीय राजनीति में उनकी भूमिका को अधिक व्यापक बनाने के लिए यह कदम उठाया गया है, जबकि कुछ इसे बिहार की सत्ता में नई पीढ़ी और नए नेतृत्व को अवसर देने की रणनीति के रूप में भी देखते हैं।**

बिहार की राजनीति में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक मोड़ उस समय सामने आया जब राज्य के लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे नीतिश कुमार ने मुख्यमंत्री पद छोड़कर राज्यसभा जाने का निर्णय स्वीकार किया और इसके लिए नामांकन भी दाखिल कर दिया। उनके नामांकन के अवसर पर देश के गृह मंत्री अमित शाह का पटना पहुँचना भी इस राजनीतिक घटनाक्रम को और अधिक महत्वपूर्ण बना देता है। लगभग दो दशकों तक बिहार की राजनीति के केंद्र में रहे नीतीश कुमार का यह निर्णय केवल एक व्यक्तिगत राजनीतिक निर्णय नहीं है, बल्कि बिहार की सत्ता और राजनीति के स्वरूप में आने वाले बड़े परिवर्तन का संकेत भी है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब बिहार की राजनीति पहले से ही गठबंधनों, समीकरणों और सत्ता-संतुलन के दौर से गुजर रही है। इस निर्णय के साथ यह स्पष्ट हो गया कि बिहार की राजनीति एक नए दौर में प्रवेश करने जा रही है। यह परिवर्तन जहां एक ओर नई संभावनाओं का संकेत देता है, वहीं दूसरी ओर कई सवाल भी खड़े करता है, क्या यह जनादेश का सम्मान है या उससे विचलन? क्या यह बिहार के लिए नई दिशा का मार्ग है या राजनीतिक रणनीति का एक नया अध्याय? नीतिश कुमार को लंबे समय से सुशासन पुरुष के रूप में जाना जाता रहा है। उन्होंने बिहार को लंबे समय तक स्थिर राजनीतिक नेतृत्व दिया और शासन व्यवस्था को कई स्तरों पर व्यवस्थित करने का प्रयास किया। सड़कों, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, पंचायत सशक्तिकरण और प्रशासनिक सुधार जैसे अनेक क्षेत्रों में उनके कार्यों की चर्चा होती रही है। उनके शासनकाल में बिहार ने अराजकता और अपराध की छवि से बाहर निकलकर विकास और स्थिरता की ओर कदम बढ़ाने का प्रयास किया, इसलिए उनका मुख्यमंत्री पद छोड़कर राज्यसभा की ओर जाना केवल एक पद परिवर्तन नहीं, बल्कि राजनीतिक भूमिका के पुनर्निर्धारण के रूप में भी देखा जा रहा है। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि राष्ट्रीय राजनीति में उनकी भूमिका को अधिक व्यापक बनाने के लिए यह कदम उठाया गया है, जबकि कुछ इसे बिहार की सत्ता में नई पीढ़ी और नए नेतृत्व को अवसर देने की रणनीति के रूप में भी देखते हैं। बिहार में अपेक्षित संभावनाएं पूरी तरह आकार नहीं ले पायी, इसलिये भी भाजपा खुद का मुख्यमंत्री लाकर बिहार को विकास से जोड़ना चाहती है। नीतिश कुमार के इस निर्णय के बाद विपक्षी दलों ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। विपक्ष का आरोप है कि विधानसभा चुनाव में जनता ने नीतिश कुमार के नेतृत्व में सरकार बनाने के लिए वोट दिया था और पाँच वर्षों के जनादेश के बीच में मुख्यमंत्री पद छोड़ना जनता के विश्वास के साथ न्याय नहीं है। विपक्षी दलों का यह भी कहना है कि यह निर्णय राजनीतिक समीकरणों का परिणाम है और इसमें जनता की भावना को पर्याप्त महत्व नहीं दिया गया। कुछ विपक्षी नेताओं ने इसे जनादेश के साथ खिलवाड़ और राजनीतिक समझौते की राजनीति करार दिया है। उनका तर्क है कि यदि मुख्यमंत्री बदलना ही था तो जनता के पास फिर से जाने का रास्ता अपनाया जाना चाहिए था। इस प्रकार यह बहस केवल सत्ता परिवर्तन की नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक नैतिकता की भी बन गई है। दूसरी ओर, इस पूरे घटनाक्रम को भाजपा की दीर्घकालिक रणनीति के रूप में भी देखा जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा बिहार में अपनी स्वतंत्र राजनीतिक पहचान को और अधिक मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। यदि राज्य में भाजपा का मुख्यमंत्री आता है, तो यह बिहार की राजनीति के लिए एक नया अध्याय हो सकता है। भाजपा लंबे समय से यह दावा करती रही है कि वह राज्य में विकास, सुशासन और अपराध-मुक्त प्रशासन को और अधिक प्रभावी रूप में लागू करना चाहती है। पार्टी के नेताओं का कहना है कि बिहार में विकास की गति को और तेज करने, निवेश को बढ़ाने, रोजगार के अवसर पैदा करने और प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी बनाने के लिए नई नेतृत्व संरचना की आवश्यकता है। किसी भी लोकतंत्र में सत्ता परिवर्तन एक सामान्य और आवश्यक प्रक्रिया होती है। यह परिवर्तन यदि लोकतांत्रिक ढंग से और राजनीतिक सहमति के साथ होता है, तो यह व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाता है। बिहार में पिछले दो दशकों में राजनीतिक स्थिरता अपेक्षाकृत बनी रही है और इसका एक बड़ा श्रेय नीतिश कुमार के नेतृत्व को दिया जाता है। अब जब वह सक्रिय प्रशासनिक भूमिका से हटकर संसदीय राजनीति की ओर जा रहे हैं, तो यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि नया नेतृत्व उस स्थिरता को किस प्रकार बनाए रखता है। सत्ता परिवर्तन का एक सकारात्मक पक्ष यह भी है कि इससे शासन व्यवस्था में नए विचार, नई ऊर्जा और नई प्राथमिकताएँ सामने आती हैं। इस घटनाक्रम के साथ बिहार की राजनीति में नई पीढ़ी के प्रवेश और नेतृत्व परिवर्तन की चर्चा भी तेज हो गई है। कई राजनीतिक पर्यवेक्षक यह मानते हैं कि यह परिवर्तन केवल एक व्यक्ति या दल तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आने वाले समय में राज्य की राजनीति के पूरे स्वरूप को प्रभावित करेगा। यदि नई नेतृत्व संरचना बिहार के विकास, रोजगार, शिक्षा और सामाजिक समरसता के मुद्दों पर प्रभावी ढंग से काम करती है, तो यह परिवर्तन राज्य के लिए लाभकारी सिद्ध हो सकता है। यदि सत्ता परिवर्तन के बाद नई सरकार इन अपेक्षाओं पर खरी उतरती है, तो यह निर्णय बिहार के लिए सकारात्मक परिणाम ला सकता है। बिहार में प्रस्तावित सत्ता परिवर्तन को भाजपा एक व्यापक राजनीतिक और प्रशासनिक अवसर के रूप में देख रही है। पार्टी का मानना है कि लंबे समय से विकास, सुशासन, भ्रष्टावार-मुक्ति और सुरक्षा के जिन मुद्दों पर बिहार पिछड़ता रहा है, उन्हें एक निर्णायक नेतृत्व और कठोर प्रशासनिक इच्छाशक्ति के माध्यम से बदला जा सकता है। इस संदर्भ में कई लोग उत्तर प्रदेश का उदाहरण भी देते हैं, जहाँ योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद अपराध और माफिया पर कठोर कार्रवाई, प्रशासनिक अनुशासन और विकास योजनाओं के विस्तार ने राज्य की छवि और जनजीवन में उल्लेखनीय परिवर्तन लाने का प्रयास किया। इसी दृष्टि से बिहार में भी यह उम्मीद व्यक्त की जा रही है कि यदि भाजपा को स्पष्ट नेतृत्व का अवसर मिलता है, तो वह अपराध नियंत्रण, भ्रष्टाचार-मुक्ति, प्रशासनिक पारदर्शिता और विकास के नए मानक स्थापित करने की दिशा में काम कर सकती है। आज भी यह व्यापक धारणा व्यक्त की जाती है कि बिहार में शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में अपेक्षित गति से विकास नहीं हो पाया है और कई क्षेत्रों में अपराध तथा असुरक्षा की भावना जनजीवन को प्रभावित करती रही है। ऐसे में यदि नई सरकार दृढ़ नीतियों के साथ विकास, कानून-व्यवस्था और सामाजिक सुरक्षा को प्राथमिकता देती है, तो यह सत्ता परिवर्तन राज्य के लिए नई दिशा और नई दशा का वाहक बन सकता है। यही कारण है कि कुछ राजनीतिक विश्लेषक इसे बिहार के लिए संभावित अवसर के रूप में देखते हैं-एक ऐसा अवसर, जिसमें सुशासन, विकास और सुरक्षित जनजीवन की नई धारा प्रवाहित हो सकती है और राज्य प्रगति के एक नए अध्याय की ओर अग्रसर हो सकता है। बिहार की राजनीति में नीतिश कुमार का राज्यसभा की ओर जाना केवल एक राजनीतिक घटना नहीं, बल्कि एक बड़े परिवर्तन की शुरुआत है। इसमें जहाँ विपक्ष जनादेश के सवाल को उठा रहा है, वहीं सत्ता पक्ष इसे नए नेतृत्व और नई दिशा के अवसर के रूप में प्रस्तुत कर रहा है। इतिहास गवाह है कि कई बार राजनीतिक परिवर्तन ही विकास की नई संभावनाओं का मार्ग खोलते हैं। यदि यह सत्ता परिवर्तन बिहार में बेहतर प्रशासन, अपराध नियंत्रण, भ्रष्टाचार-मुक्तिए आर्थिक प्रगति और सामाजिक समरसता को मजबूत करता है, तो यह राज्य के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो सकता है। आने वाला समय ही तय करेगा कि यह निर्णय बिहार की राजनीति में किस प्रकार का अध्याय लिखता है लेकिन इतना निश्चित है कि यह बदलाव राज्य की राजनीति को नई बहसों, नई चुनौतियों और नई संभावनाओं की ओर अवश्य ले जाएगा। -ललित गर्ग



# मध्य प्रदेश में ग्राम सभाओं से सशक्त होंगी महिलाएं

**प्रद्युम्न शर्मा**

हर वर्ष आठ मार्च को मनाया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के अधिकारों, समानता और सम्मान के संघर्ष का प्रतीक है। यह दिन समाज को यह याद दिलाने का अवसर भी है कि महिलाओं की भागीदारी और सशक्तिकरण के बिना समावेशी विकास संभव नहीं है। इसी सोच को व्यवहार में उतारने की दिशा में मध्यप्रदेश सरकार ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। राज्य सरकार ने इस विशेष प्रसंग के अवसर पर प्रतिवर्ष प्रदेश की ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया है। इन ग्राम सभाओं का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के अधिकारों, सुरक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण से जुड़े मुद्दों पर व्यापक चर्चा करना और स्थानीय स्तर पर ठोस निर्णय लेना है। मध्यप्रदेश में पंचायत व्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। ग्रामीण स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए न्यूनतम पचास प्रतिशत पदों के आरक्षण की व्यवस्था की गई है। वर्तमान त्रिस्तरीय पंचायतों के पंचवर्षीय कार्यकाल में निर्वाचित महिला पंचायत प्रतिनिधियों का प्रतिशत पचास से भी अधिक, लगभग बावन प्रतिशत है। यह स्थिति दर्शाती है कि पंचायत व्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है और वे अब केवल औपचारिक प्रतिनिधित्व तक सीमित नहीं हैं। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाली ग्राम सभाओं को सार्थक और प्रभावी बनाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी इन्हीं महिला पंचायत प्रतिनिधियों के कंधों पर है। यदि वे सक्रिय रूप से अपनी भूमिका निभाती हैं, तो ग्राम स्तर पर महिलाओं से जुड़े मुद्दों के समाधान की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति संभव है। यदि हम एक नजर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर डालें तो इसका इतिहास महिलाओं के अधिकारों के संघर्ष से जुड़ा हुआ है। बीसवीं सदी के प्रारंभ में यूरोप और उत्तरी अमेरिका में महिला श्रमिकों ने अपने अधिकारों के लिए आंदोलन शुरू किए थे। इन आंदोलनों का मुख्य उद्देश्य कार्य के बेहतर घंटे, उचित पारिश्रमिक और समाज में व्याप्त लैंगिक असमानता को समाप्त करना था। धीरे-धीरे यह आंदोलन वैश्विक स्तर पर फैल गया और महिलाओं के अधिकारों की आवाज मजबूत होती गई। वर्ष 1975 में संयुक्त राष्ट्र संघ ने अंतरराष्ट्रीय महिला वर्ष घोषित किया और उसी वर्ष आठ मार्च को आधिकारिक रूप से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत की। तब से यह दिन दुनिया भर में महिलाओं की उपलब्धियों को सम्मान देने और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है। पंचायतों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी के बावजूद एक महत्वपूर्ण प्रश्न अक्सर सामने आता है कि क्या महिला पंचायत प्रतिनिधि वास्तव में स्वतंत्र रूप से अपने अधिकारों और कर्तव्यों का निर्वहन कर रही हैं। कई स्थानों पर महिलाएं सक्रिय रूप से पंचायत के कार्यों में भाग ले रही हैं और विकास योजनाओं के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, किंतु कुछ जगहों पर अभी भी ऐसी स्थिति देखने को मिलती है जहां महिला प्रतिनिधियों के स्थान पर उनके परिवार के पुरुष सदस्य पंचायत के निर्णय लेते हैं और कार्यों का संचालन करते हैं। इसे प्रॉक्सी प्रतिनिधित्व कहा जाता है। यह स्थिति महिलाओं के वास्तविक सशक्तिकरण में बाधा उत्पन्न करती है। इसलिए महिला पंचायत प्रतिनिधियों का क्षमता संवर्धन अत्यंत आवश्यक है। उन्हें योजनाओं, प्रशासनिक प्रक्रियाओं और कानूनों की जानकारी देकर आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाना जरूरी है। महिला सशक्तिकरण के लिए समाज की सक्रिय भूमिका भी आवश्यक है। महिलाओं की शिक्षा, आर्थिक स्वतंत्रता और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देना समय की मांग है। आज महिला साक्षरता पहले की तुलना में काफी आगे बढ़ी है, किंतु सिर्फ साक्षरता ही पर्याप्त नहीं। महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, रोजगार के अवसर और सामाजिक सम्मान मिलना भी जरूरी है। साथ ही पारंपरिक सामाजिक सोच और पुरुषों के अनावश्यक हस्तक्षेप को भी कम करना होगा, ताकि महिलाएं स्वतंत्र रूप से निर्णय लेने में सक्षम बन सकें। ग्राम सभाएं ग्रामीण लोकतंत्र की आधारशिला मानी जाती हैं। यही वह मंच है जहां गांव के विकास से जुड़े निर्णय सामूहिक रूप से लिए जाते हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित विशेष ग्राम सभाएं महिलाओं के मुद्दों पर चर्चा करने का एक प्रभावी मंच बन सकती हैं। इन सभाओं में महिला पंचायत प्रतिनिधियों के साथ-साथ गांव की अन्य महिलाओं और किशोरी बालिकाओं की समस्याओं, आवश्यकताओं और संभावनाओं पर भी खुलकर चर्चा की जा सकती है। इससे स्थानीय स्तर पर समाधान खोजने और महिलाओं के हित में ठोस निर्णय लेने का अवसर मिलता है।

## सेहत मंत्र

# चौंकिए मत! केले खाने से होंगे यह आश्चर्यजनक लाभ

आपने अक्सर लोगो के मुंह से सुना होगा कि एन एप्पल इन ए डे, कीप्स ए डॉक्टर अवे। अर्थात अगर आप रोज एक सेब खाते हैं तो इससे आप हेल्दी बनते हैं। लेकिन केला खाने से भी आपको बहुत से लाभ प्राप्त होते हैं। केले को ऊर्जा का पावरहाउस कहा जाता है। इतना ही नहीं, इससे मिलने वाले फायदों के कारण ही छोटे बच्चों से लेकर वृद्ध व्यक्तियों तक को इसे खाने की सलाह दी जाती है। तो चलिए जानते हैं केले से मिलने वाले फायदों के बारे में- पैक विद पोटेशियमः केले में पोटेशियम काफी मात्रा में पाया जाता है। इसलिए अगर आप इसका सेवन प्रतिदिन करते हैं तो इससे आपका रक्तचाप तो नियंत्रित होता है ही, साथ ही इससे आपके हदय की कार्यप्रणाली भी बेहतर तरीके से काम करती है। तनाव करे दूरः शायद आपको जानकर हैरानी हो लेकिन केला खाने से आपके शरीर में तनाव का स्तर घटता है। दरअसल, केला अमिनो एसिड टीप्टोफन का एक अच्छा स्त्रोत है और यह अमिनो एसिड टीप्टोफन आपके शरीर में जाकर सेरोटोनिन में परिवर्तित हो जाता है। यही सेरोटोनिन आपके शरीर में तनाव के स्तर को कम करके आपको मानसिक रूप से शांति प्रदान करता है। मिलती है प्राकृतिक रूप से ऊर्जाः अगर आप थके हुए महसूस कर रहे हैं या फिर आपको नेचुरल रूप से ऊर्जा की आवश्यकता है तो भी केले का सेवन बेहद लाभकारी माना जाता है। दरअसल, केले में विटामिन्स, कार्बोहाइड्रेट्स और खनिज पदार्थ पाए जाते हैं जो शरीर को ऊर्जा प्रदान करने का काम करते हैं। इसके अतिरिक्त इसमें मौजूद ग्लूकोज, फ्रक्टोज और सक्रोज इंस्टेट एनर्जी देने के लिए जाने जाते हैं। इसलिए अगर आप इसका सेवन करते हैं तो आपका तुरंत उर्जा प्राप्त होती है। फाइबर होता है प्रचुरः केले में पोटेशियम के अतिरिक्त फाइबर भी प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। जिसके कारण इसे खाने से आपको बार-बार भूख नहीं लगती। साथ ही इसमें मौजूद फाइबर आपके पाचन तंत्र को भी बेहतर बनाने में मदद करता है।

## धर्म मंत्र

# डराने वालों के झाँसे में न आयें, शनिदेव हैं कल्याणकारी

ज्योतिष एक पवित्र विद्या है परंतु कुछ लोग इस पवित्र विद्या को बदनाम कर रहे हैं। ज्योतिष मार्गदर्शन की विद्या है। लेकिन यह मार्ग दर्शन की विद्या न रहकर कुछ ज्योतिषियों के जीवनोपार्जन का साधन बन गया है। ये लोग खासतौर से शनि की साढ़ेसाती के नाम पर लोगों को ठगते हैं। प्रत्येक आदमी के जीवन पूर्व जन्म के कर्मों के योग की कहानी है। इससे कोई भी नहीं बच सकता। मानव के कर्म हर जन्म में उसका पीछा करते रहते हैं। जन्मों-जन्मों तक उसको अपने किए कर्मों का फल मिलता रहता है, मानव के कर्म उसके पीछे उसी तरह लगे रहते हैं जैसे गाड़ी का चक्का उसे खींचने वाले बैलों का काम करता है। 'क्या है शनि की साढ़ेसाती'- शनि का गोचर यदि जन्म कुंडली के चन्द्रमा से 12वें भाव में होता है तो उस आदमी की साढ़ेसाती आरंभ हो जाती है ओर जब तक गति चंद्रमा से दूसरे भाव में गोचर करता है तब तक साढ़ेसाती रहती है। यदि हम गति के गोचर से लेकर गणना करें तो एक व्यक्ति के जीवन में तीन बार साढ़ेसाती आ सकती है। क्योंकि गति एक राशि में ढाई साल रहता है और इस तरह बारह राशियों में तीस साल रहता है। प्रत्येक साढ़ेसाती साढ़े सात साल की होती है। इस हिसाब से एक व्यक्ति के जीवन में साढ़े बाइस साल साढ़ेसाती हुई। तो क्या प्रत्येक आदमी को साढ़े बाइस साल अशुभ फल देने वाले होंगे। जोकि किसी भी रूप में संभव नहीं है क्योंकि व्यक्ति के जीवन में घटने वाली घटनाएं उसकी कुंडली के ग्रहों की स्थिति एवं जीवन में मिलने वाली दशाएं ही निर्धारित करती है।

## पर्यटन



# खूबसूरत जैसलमेर के बाजारों में भी रहती है खूब रौनक

जैसलमेर को अगर 'जादुई शहर' कहा जाए तो यह अतिशयोक्ति नहीं होगी। ऐसा प्रतीत होता है कि किसी सुनहरी तूलिका से यहां के किले, हवेलियां, रेत के टीले, सुनहरे रंग से रंग दिए हों। ऐसा रंग व दृश्य राजस्थान में आपको यहीं देखने को मिलेगा। एक पौराणिक कथा के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण ने भविष्यवाणी की थी कि उनके यदुवंश का कोई वंशज त्रिकुट पहाड़ी पर कालान्तर में अपना राज्य बसायेगा, जिसे सदियों बाद 1155 ईसवीं में रावल जैसल ने सत्य कर दिखाया। निकट ही स्थित लौद्रवा से अपनी राजधानी हटाकर यहां उन्होंने एक परिनुमा किला बनवाया, जो जैसलमेर किले के नाम से जाना गया। भाटी शासकों का राज्य दिल्ली व सिंध के व्यापारिक मार्ग पर था, इसलिए माल-वाहकों से प्राप्त कर ही उनके राज्य की आय का परिपूर्ण स्त्रोत बन गया था। इस व्यापारिक मार्ग से शासकों का ही नहीं, स्थानीय व्यापारियों का भी लाभ होता था जिसका उपयोग उन्होंने अपने लिए शानदार हवेलियां बनाने में किया। यहां आपको कई सुंदर नक्काशीयुक्त हवेलियां मिलेंगी, जिनमें नथमल की हवेली, पटवों की हवेली व सालिम सिंह की हवेली कला की दृष्टि से बेजोड़ हैं। शहर में पैदल घूमना एक अनूठा अनुभव है, बस एक बार चलना शुरू कीजिए, और शहर का वास्तु-वैभव व बाजारों की रौनक देखते हुए कब आप अपनी मंजिल पर पहुंच जायेंगे, इसका पता ही नहीं चलेगा। विश्व पर्यटन जगत में तेजी से लोकप्रिय होते ही यहां पर्यटकों के लिए स्तरीय आवास व आहार सुविधाओं का विकास हुआ है। यह एक ऐसा अनोखा शहर है, जहां का हर व्यक्ति पर्यटकों को लुभाने व रिझाने में माहिर है। अन्य लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में गढ़ीसर-झील, लोद्रवा, वुड फॉसिल पार्क, अमर सागर, बड़ा बाग व मशहूर सम के धीरे (पीले रेत के टीले) कुलधरा गांव आदि हैं। निश्चय ही यहां घूमते समय आपके मन में यह विचार जरूर आएगा कि काश! आप यहां की अनूठी व सुंदर नक्काशीयुक्त हवेलियां भी अपने साथ ले जा सकते, पर ऐस संभव नहीं है, बेहतर होगा कि आप यहां के हस्त-शिल्पकला के नमूने, कढ़ाई करे कपड़े, ऊनी शॉल, कम्बल, ऊंट के चमड़े के बने सामान वगैरहा देख, अपनी पसंदीदा वस्तुओं की खरीददारी करें, जिन्हें साथ ले जाने में भी आसानी होगी।

# ज़िला जज ने बार पदाधिकारियों को दिलाई शपथ, भव्य आयोजन




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

फतेहपुर बाराबंकी। स्थानीय सभागार में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में जनपद न्यायाधीश प्रतिमा श्रीवास्तव ने दि बार एसोसिएशन के नव निर्वाचित बार पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। अध्यक्ष समेत सभी पदाधिकारीयों ने पद व गोपनीयता की शपथ ली।आयोजन में ग्राम न्यायालय फतेहपुर के न्यायाधिकारी ललित कुमार सिंह भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।एल्डर्स कमेटी चेयरमैन शीतला प्रसाद श्रीवास्तव व चुनाव अधिकारी मुरलीधर वर्मा ने मुख्यअतिथि और विशिष्ट अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया। चेयरमैन शीतलाप्रसाद श्रीवास्तव ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाणपत्र वितरित किए। फतेहपुर बार अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाल, महामंत्री मनीष श्रीवास्तव,वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव नयन तिवारी, उपाध्यक्ष प्रथम सत्यदेव गुप्ता,उपाध्यक्ष द्वितीय सर्वेश श्रीवास्तव,संयुक्तमंत्री प्रशासनसुनीलसिंह,संयुक्तमंत्री पुस्तकालय शैलेन्द्र श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष रंगनाथ त्रिपाठी, संयुक्तमंत्री प्रशासन अजयसिंह, सदस्य कार्य कारिणी अनुज जोशी व नियाज वारिसे ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली।इस अवसर पर न्यायाधिकारी ललित कुमार सिंह ने आशा व्यक्त की कि सभी निर्वाचित पदाधिकारी बार व बेंच के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखकर न्यायिक व्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।मुख्य अतिथि जिला जज प्रतिमा श्रीवास्तव ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।उन्होंने विश्वास जताया कि नवगठित कमेटी?? फतेहपुर बार एसोसिएशन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता ओमप्रकाश यादव ने किया। इस दौरान हरनाम सिंह वर्मा, राजेंद्र प्रसाद वर्मा, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, श्रवण वर्मा, कुलदीप सिंह, गणेश शंकर मिश्रा, मोहम्मद अनवर, रामानंद रावत, मनोज यादव सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता और स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# अफवाहों के बीच पेट्रोल पम्पों पर उमड रही भीड़



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

निंदूरा बाराबंकी। अमेरिका ईरान युद्ध व खाड़ी देशों में बढ़ते तनाव के बीच पेट्रोल-डीजल संकट को लेकर सोशल मीडिया पर वायरल खबरों का असर विकासखंड निंदूरा क्षेत्र में भी देखने को मिला। अफवाह फैलते ही शुक्रवार को क्षेत्र के कई पेट्रोल पंपों पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

रीवा सीवा, बड्डूपुर सहित आसपास के पेट्रोल पंपों पर लोग टंकियां, बड़े-बड़े कनस्तर लेकर पेट्रोल-डीजल भरवाने के लिए लाइन में लग गए। सुबह से ही भीड़ देखने को मिली। हालांकि जनप्रतिनिधियों से लेकर जिलाधिकारी तक ने लोगों से अपील की है कि पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है और घबराकर इसे स्टोर करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और सामान्य रूप से पेट्रोल-डीजल लेने की बात कही है।

वहीं कुछ जागरूक लोग सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को समझा रहे हैं कि पहले भी नमक को लेकर ऐसी अफवाह फैल चुकी है, इसलिए किसी भी अपुष्ट खबर पर विश्वास न करें और अफवाहों से सावधान रहे।

## शिक्षक पुत्र ने रचा इतिहास आइएएस बने अभिजीत वर्मा



बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। एक शिक्षक पुत्र ने जन पटल पर बाराबंकी का मान बढ़ाया है। नगर में सुबह क्या शैक्षणिक संस्था रामसेवक यादव स्मारक इंटर कालेज लखपेड़ाबाग के प्रधानाचार्य जगन्नाथ वर्मा के पुत्र अभिजीत नंदन ने यूपीएससी परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। शिक्षक समाज में खुशी की लहर है,जनपदवासी गौरवान्वित हैं।

## फसल विविधता अपनाएं देखा सजीव टीवी प्रसारण

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। निंदूरा ब्लॉक सभागार में शुक्रवार को कृषि नवाचार कार्यक्रम के तहत क्षेत्र के कई गांवों से आए किसानों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा टीवी पर सजीव प्रसारण देखा। प्रधानमंत्री ने किसानों से कहा कि वे केवल एक बार ही फसल पर निर्भर न रहें, बल्कि फसल विविधता अपनाएं। इससे किसानों की आय बढ़ेगी और जोखिम भी कम होगा। उन्होंने कहा कि खाद्य तेल व दलहन पर राष्ट्रीय मिशन तथा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देकर कृषि क्षेत्र को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भारत आज दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है और पशुधन के स्वास्थ्य के लिए खुरपका-मुंहपका रोग से बचाव हेतु 125 करोड़ से अधिक टीके लगाए जा चुके हैं। साथ ही प्राकृतिक खेती और तकनीक के उपयोग पर भी जोर दिया। इस मौके पर एडीओ कृषि हरि प्रकाश चौधरी, जिला पंचायत सदस्य पूनम कनौजिया सहित कई किसान मौजूद रहे।

## क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक आज

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड निंदूरा के सभागार में शनिवार को आयोजित क्षेत्र पंचायत की महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख रामू गुप्ता करेंगे। बैठक में क्षेत्र के बीडीसी सदस्य तथा ग्राम प्रधान शामिल होंगे। इस दौरान विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा के साथ-साथ क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं और नई योजनाओं पर चर्चा की जाएगी। पंचायत क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों, साफ-सफाई, सड़क, जल निकासी सहित अन्य जनहित से जुड़े मुद्दों पर भी विचार-विमर्श होने की संभावना है।

## जगदीशपुर पुलिस ने सत्रह ग्राम हेरोइन के साथ युवक को पकड़ा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना जगदीशपुर पुलिस ने सत्रह ग्राम हेरोइन के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत शुक्रवार को थाना जगदीशपुर के प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार यादव मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान हीरो स्पेलेण्डर मोटरसाइकिल संख्या यूपी 36 एच 6503 सवार अभियुक्त कल्लू पुत्र गया प्रसाद निवासी ग्राम पूरे घीसाराय मजरे नौडाड थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से सत्रह ग्राम हेरोईन बरामद हुई है।मोटरसाइकिल उपरोक्त के कागज मांगने पर दिखा नही सका। इस सम्बंध में थाना जगदीशपुर के प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## प्रॉपर्टी डीलर हत्याकांड में आरोपित प्रेमिका सहित चार गिरफ्तार

नोएडा। थाना सेक्टर 113 पुलिस ने होली वाले दिन सेक्टर 75 स्थित एक सोसाइटी में हुई प्रॉपर्टी डीलर की हत्या के मामले में उसकी प्रेमिका सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक नाबालिग है। अपर पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) मनीषा सिंह ने शुक्रवार को बताया कि थाना सेक्टर- 113 क्षेत्र के सेक्टर 75 स्थित एक सोसाइटीज में रहने वाले साहिल सिंघल की होली वाले दिन गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही थी। उन्होंने बताया कि एक सूचना के आधार पर पुलिस ने शुक्रवार को लब्बू उर्फ लोकेंद्र सोलंकी पुत्र सुभाष सोलंकी, निखिल सोलंकी पुत्र सुभाष सोलंकी तथा प्रिया सिंह पुत्री सुभाष सोलंकी को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि एक आरोपित की उम्र 16 वर्ष है, उसे हिरासत में लेकर बाल न्यायालय में पेश किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इनके पास से पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त 32 बोर की अवैध पिस्टल, हत्या में प्रयुक्त बिना नंबर की कार आदि बरामद किया है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि साहिल सिंघल की प्रिया सिंह से अवैध संबंध थे। शादी करने को लेकर हुए विवाद के बाद प्रिया और उसके भाइयों ने मिलकर साहिल की हत्या की थी। उन्होंने बताया कि मृतक साहिल सिंघल के आरोपित प्रिया से चार वर्षों से अवैध संबंध थे, जबकि वह पहले से शादीशुदा था। आरोपित प्रिया बी-टेक पास है।

## अमर शहीद ठाकुर दरियाव सिंह का मनाया गया 169 वां बलिदान दिवस

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में शुक्रवार को प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन के नेतृत्वकर्ता अमर शहीद ठाकुर दरियाव सिंह का 169वां बलिदान दिवस मनाया गया। खागा नगर के गढ़ी स्थित शहीद स्मारक स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक खागा कृष्णा पासवान, विशिष्ट अतिथि गया प्रसाद 'सनेही' साहित्यकार व खागा नगर पंचायत अध्यक्ष गीता सिंह रही। कार्यक्रम का संचालन महेंद्र नाथ त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष डॉ. राजकुमार सिंह की पुस्तक ''राजनीति का धर्म और धर्म की राजनीति'' का विमोचन किया गया। समिति के मंत्री राम प्रताप सिंह और अशोक सिंह ने अमर शहीद ठाकुर दरियांव सिंह और उनके पुत्र सुजान सिंह के 1857 की क्रांति के संघर्ष और उनके बलिदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 1857 की क्रांति के अवसर पर फतेहपुर जिले में क्रांतिकारी नाना साहब से प्रेरित होकर दरियांव सिंह के नेतृत्व में जिले को अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त करा दिया था।

# अभियान, छुट्टा पशु पकड़े भेजा गोशाला

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। बदोसराय ग्राम पंचायत में छुट्टा पशुओं को पकड़ने का अभियान चलाया गया। पशु व विकास विभाग की टीम ने इस दौरान एक दर्जन से अधिक जानवरों को पकड़ा और उन्हें गौशाला भेजवाया।यह अभियान उप पशुचिकित्साधिकारी डॉ. गया प्रसाद के नेतृत्व में शुक्रवार सुबह से दोपहर तक चला। पकड़े गए जानवरों को रामसहाय और हजरतपुर स्थित गौशालाओं में भेजा गया है। प्रशासन ने यह कदम छुट्टा जानवरों से होने वाली दुर्घटनाओं और फसलों को होने वाले नुकसान की आशंका को देखते हुए उठाया है।डॉ. गया प्रसाद ने बताया कि अभियान के तहत पहले जानवरों को इंजेक्शन लगाकर मूर्छित किया जाता है। इसके बाद उन्हें सुरक्षित रूप से वाहन पर लादकर गौशाला पहुंचाया जाता है। इस प्रक्रिया से जानवरों की सुरक्षा सुनिश्चित होती है और हादसों की संभावना भी समाप्त हो जाती है।डॉ. गया प्रसाद के अनुसार, संयुक्त टीम सुबह से लगातार यह अभियान चला रही है। उन्होंने यह भी बताया कि यह अभियान पिछले कई दिनों से जारी है और आगे भी जारी रहेगा।

## हज़रत इमाम हसन के जन्मदिवस के अवसर पर महफ़िल का आयोजन

सुल्तानपुर। वृहस्पतिवार को हज़रत इमाम हसन अलैहिस्सलाम के जन्मदिवस के अवसर पर मौलाना आसिफ नकवी के मकान पर एक तरही महफ़िल का आयोजन किया गया। महफ़िल में इरफान सुलतानपुरी, जीशान सुलतानपुरी, सरकार मेंहदी सुलतानपुरी आलम सुलतानपुरी, हैदर सुलतानपुरी, सुलतान सुलतानपुरी, कौसर सुलतानपुरी ?मजाहिर सुलतानपुरी नकी रजा सुलतानपुरी मौलाना कल्बे हसनैन खावर सुलतानपुरी मौलाना आसिफ नकवी ने शेर सुनाया ?सभी शायरों ने महफ़िल में अच्छे शेर?सुना कर समा??बांध दिया और मौलाना ना कल्बे अब्बास खान ने तकरीर ?की। इस मौके पर ?मौलाना तौसीफ खान अबरार हुसैन कमर अब्बास एम एच खान गौरी अलमदार? हुसैन कमर हैदर खां आदि ने भी भाग लिया इसकी जानकारी हैदर अब्बास खान अध्यक्ष हुसैनी ?शिया वेलफ़ेयर एसोसिएशन सुलतानपुर ने दी है।

# संघ परिवार के होली स्नेह मिलन समारोह में दिखी काशी की लोक परंपरा की झलक

**एजेंसी**

वाराणसी। वाराणसी के महमूरगंज क्षेत्र के निवेदिता बालिका विद्यालय के प्रांगण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के काशी विभाग की ओर से आयोजित होली स्नेह मिलन समारोह में काशी की लोक परंपरा की झलक दिखी। लोक परंपरा के गीतों से सजे मंच पर गीतों की प्रस्तुति गायिका तनुश्री की प्रस्तुति से हुई और इसे गायिका सरोज वर्मा ने आगे बढ़ाया। गायिका सरोज वर्मा ने बम भोला गीत गाकर सभी श्रोताओं का मन मोह लिया। इसके बाद लोक गीत पर पारुल सिंह और उनकी टोली की बालिकाओं ने नृत्य की प्रस्तुति दी और श्रोताओं का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लिया। तदोपरांत राधिका मिश्र ने अपनी प्रस्तुति दी। इसके बाद संघ के क्षेत्र कार्यवाह वीरेंद्र जायसवाल ने कहा कि होली के बाद ही अपना नया वर्ष शुरू होता है। वहीं वर्ष प्रतिपदा का अवसर पंद्रह दिन के बाद आता है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने होली समारोह के श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी में होली के पर्व पर उपस्थित हूँ। मैं स्वयंसेवक हूँ। होली के अवसर पर फाग गाया जाता है, ब्रज की होली की चर्चा होती है। इसके बाद अयोध्या में प्रभु राम की होली और काशी में होली के गीतों का आनंद है। होली का त्यौहार ऐसा है, होली में सभी रंग और दिल आपस में मिल जाते हैं। काशी में जो होता है, वह देश के लिए आदेश होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संसदीय क्षेत्र है काशी। होली में कोई दंगा नहीं हुआ है, यूपी में होली सकुशल सम्पन्न हो चुकी है। भारत में वंदे मातरम का शासनादेश हो गया है। आगे कहा कि काशी में धाम बनेगा जिससे एक विवाद खत्म हो जाएगा। मथुरा में भी विवाद समाप्त होगा। होली समारोह में मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य पूरे समय उपस्थित रहे। साथ में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार रविन्द्र जायसवाल, विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी, विधायक सौरभ श्रीवास्तव, एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल, महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र कार्यवाह वीरेंद्र जायसवाल, प्रांत प्रचारक रमेश, विभाग संघचालक जेपी लाल, विभाग प्रचारक नितिन सहित विभाग कार्यवाह, सह विभाग कार्यवाह, तीनों भागों के कार्यवाह और बड़ी संख्या में संघ परिवार के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## स्थानीय लोक संस्कृतियां हमारी सामूहिकता, संस्कृति और एकता का प्रतीक : आयुक्त

फिरोजाबाद। जनपद की समृद्धि सांस्कृतिक पहचान को अक्षुण्य बनाए रखने और इसे अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयुक्त आगरा मंडल आगरा नगेंद्र प्रताप ने शुक्रवार को विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का फीता काटकर उद्घाटन किया। आयुक्त नगेन्द्र प्रताप ने सिरसागंज में आयोजित होने वाले ऐतिहासिक रामलीला एवं मेला तीज मेले का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोक संस्कृतियां हमारी सामूहिकता, संस्कृति और एकता का प्रतीक हैं, इनका संरक्षण और संवर्धन जरूरी है। इसके पश्चात आयुक्त ने जिलाधिकारी रमेश रंजन और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के साथ सामौर बाबा धाम में आयोजित विशाल महोत्सव का उद्घाटन किया। यहां की भव्यता और दिव्यता की उन्होंने मुक्त कंठ से प्रशंसा की। आयुक्त ने सामौर बाबा मंदिर के गर्भगृह में जाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। साथ ही साथ महोत्सव परिसर में लगाए गए विभिन्न सांस्कृतिक एवं विकास स्टॉलों का अवलोकन भी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन हमारी परंपराओं को जीवित रखते हैं और हमारी संस्कृति की विशालता, समरसता और गौरवशाली परंपरा को भी पुनर्जीवित करते हैं। इस अवसर पर आयुक्त ने जिलाधिकारी के साथ सामौर बाबा परिसर में पीपल का पौधा रोपित भी किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी रमेश रंजन और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित, जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य और उपजिलाधिकारी मौजूद रहे।

## टी-20 सेमी फाइनल मैच में ऑनलाइन सट्टा लगा रहे पांच आरोपित गिरफ्तार

नोएडा। बृहस्पतिवार की रात को संपन्न हुए भारत- इंग्लैंड टी-20 सेमी फाइनल मैच के दौरान ऑनलाइन सट्टा लगा रहे पांच आरोपितों को थाना सेक्टर 113 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से लैपटॉप, टैबलेट ,मोबाइल फोन, आठ हजार रुपये नकद आदि बरामद हुआ है।

# ईंधन की किल्लत की अफवाहों पर प्रशासन सख्त, पेट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



### कोतवाल अभिमन्यु मल्ल बोले अफवाहों से बचें, तेल की डंपिंग करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

हैदरगढ़ बाराबंकी। क्षेत्र में पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नायब तहसीलदार सौरभ सिंह एवं प्रभारी निरीक्षक अभिमन्यु मल्ल ने हैदरगढ़ कस्बे की विभिन्न पेट्रोल टंकियों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पेट्रोल पंपों पर तेल की उपलब्धता, निर्धारित मूल्य सूची तथा मशीनों द्वारा दी जा रही मात्रा की बारीकी से जांच की। इस दौरान घटतौली की संभावना को देखते हुए पंपों की माप-तौल प्रणाली का भी परीक्षण कराया गया और संचालकों को सख्त निर्देश दिए गए कि उपभोक्ताओं को निर्धारित मात्रा में ही ईंधन उपलब्ध कराया जाए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पेट्रोल पंप संचालकों से बातचीत करते हुए कहा कि वर्तमान अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों, विशेषकर ईरान-अमेरिका के बीच चल रहे तनाव को देखते हुए बाजार में किसी भी प्रकार की अफवाह फैलने की संभावना रहती है। ऐसी स्थिति में आम जनता में अनावश्यक भय या भ्रम पैदा न हो, इसके लिए पंप संचालक पूरी जिम्मेदारी के साथ काम करें। प्रभारी निरीक्षक अभिमन्यु मल्ल ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति को तेल की जमाखोरी (डंपिंग) करने के उद्देश्य से बड़ी मात्रा में पेट्रोल या डीजल न दिया जाए। यदि कोई व्यक्ति संदिग्ध रूप से अधिक मात्रा में ईंधन लेने का प्रयास करता है तो इसकी सूचना तत्काल प्रशासन को दी जाए।

नायब तहसीलदार सौरभ सिंह ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि आम नागरिकों को बिना किसी परेशानी के निर्धारित मूल्य पर पर्याप्त मात्रा में ईंधन उपलब्ध हो। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कहीं भी घटतौली, जमाखोरी या नियमों का उल्लंघन पाया गया तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

प्रशासन की इस औचक कार्रवाई से पेट्रोल पंप संचालकों में हड़कंप की स्थिति रही, वहीं आम नागरिकों ने इसे पारदर्शिता और व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में सराहनीय पहल बताया।

# फाइनल में भी मैच विजेता पारी खेलना चाहते हैं शानदार फॉर्म में चल रहे संजू सैमसन

एजेंसी



मुंबई। पिछले दो मैच में शानदार पारियां खेलकर भारत को टी20 विश्व कप के फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने वाले संजू सैमसन न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को होने वाले खिताबी मुकाबले में भी मैच विजेता पारी खेलने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

सैमसन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ नाबाद 97 रन बनाकर भारत को सेमीफाइनल में पहुंचाया और इसके बाद इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम चार के मुकाबले में 89 रन की शानदार पारी खेली। सैमसन ने कहा कि उन्हें खुशी है कि उन्होंने भारत को अहमदाबाद में होने वाले फाइनल में जगह दिलाने में अपना योगदान दिया। सैमसन ने इंग्लैंड के खिलाफ सात रन से जीत के बाद पत्रकारों से कहा, ''बहुत अच्छा लग रहा है और यह राहत भरा अहसास है। मैं वास्तव में कुछ वर्षों से अपने देश के लिए ऐसा कुछ करने की कोशिश कर रहा था। उन्होंने कहा, ''मैं पूरे धैर्य, कड़े अभ्यास और मानसिक रूप से मजबूत बनकर इंतजार कर रहा था। निश्चित रूप से मुझे खुशी है लेकिन मुझे लगता है कि अभी हमारा काम खत्म नहीं हुआ है। हमें अभी एक कदम और आगे बढ़ाना है और अगर हम उसमें सफल रहे तो सब कुछ सार्थक हो जाएगा। एक और मैच विजेता पारी वाकई बहुत अच्छी रहेगी। सैमसन ने सात छक्के और आठ चौके लगाकर केवल 42 गेंदों में 89 रन बनाए जिससे भारत ने सात विकेट पर 253 रन बनाए। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने अपनी लय बनाए रखने के लिए कोलकाता में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेली गई अपनी 97 रन की नाबाद पारी को श्रेय दिया। उन्होंने कहा, ''पिछली पारी ने निश्चित रूप से इस पारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मैं गेंद को बहुत अच्छी टाइमिंग से हिट कर रहा था और अच्छे निर्णय ले रहा था। मैंने सोचा कि अगर आप फॉर्म में हैं, तो आपको इस मैच में भी अपनी टीम के लिए योगदान देना चाहिए। यह वास्तव में मेरे जीवन के सबसे अच्छे पलों में से एक है। सैमसन ने कहा कि आईपीएल सहित कई टी20 मैच खेलने के अनुभव से वह परिपक्व बन गए हैं। उन्होंने कहा, ''मैं काफी लंबे समय से इस प्रारूप में खेल रहा हूं। मैंने लगभग 300 या 400 (329) टी20 मैच खेले होंगे। मैं पहले नंबर से लेकर छठे नंबर तक खेला हूं। मैंने एक फ्रेंचाइजी की कप्तानी भी की है। इसलिए मैं जानता हूं की टीम को किस समय में किस चीज की जरूरत है और इस स्तर पर मेरी सटीक भूमिका क्या है। इस स्पष्टता से निश्चित रूप से मनचाहे तरीके से रन बनाने में मदद मिलती है।''

# विश्व कप के फाइनल में पहुंचना अविश्वसनीय एहसास: सूर्यकुमार

एजेंसी



मुंबई। इंग्लैंड को टी20 विश्व कप के रोमांचक सेमीफाइनल में सात रन से हराने के बाद भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने जीत का श्रेय गेंदबाजों और शानदार क्षेत्ररक्षण को देते हुए कहा कि इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचना अविश्वसनीय एहसास है। भारत ने सात विकेट पर 253 रन बनाने के बाद इंग्लैंड को सात विकेट पर 246 रन पर रोक दिया। सूर्यकुमार ने मैच के बाद प्रसारकों से कहा, ''यह एक अविश्वसनीय एहसास है। फाइनल के लिए अहमदाबाद जाना खिलाड़ियों के लिए बेहद खास भावना है।'' उन्होंने टीम के बड़े स्कोर में संजू सैमसन (89) के योगदान की तारीफ करते हुए कहा, ''सैमसन को जब बल्लेबाजी के लिए उतरना था, तब उन्हें पूरी तरह पता था कि उन्हें क्या करना है। टीम को उनसे उसी प्रदर्शन की जरूरत थी और उन्होंने वैसा ही किया। उन्होंने कहा, '' मैंने हैरी (ब्रूक) से कहा था कि आपके खिलाफ हमें और कितने रन बनाने की जरूरत है। वे हमेशा मुकाबले में बने हुए थे और लक्ष्य का पीछा भी अच्छी तरह कर रहे थे। लेकिन जिस तरह बुमराह, अर्शदीप और बाकी गेंदबाजों ने मैच को वापस हमारी ओर मोड़ा, वह अविश्वसनीय था। यह एक शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन था। अक्षर पटेल ने मैच में दो शानदार कैच पकड़े जबकि हार्दिक पंड्या ने अहम मौके पर इंग्लैंड के शतकवीर जैकब बेथलद को रन आउट किया। सूर्यकुमार ने कहा, '' हमें अपने क्षेत्ररक्षण कोच टी. दिलीप को भी थोड़ा श्रेय देना होगा। खिलाड़ी शानदार प्रतिक्रिया दे रहे हैं और अतिरिक्त मेहनत कर रहे हैं, जिसका असर मैदान पर दिख रहा है। उन्होंने कहा, '' मैच के दौरान मैं काफी नर्वस था, उस समय मेरी दिल की धड़कन शायद 160-175 के बीच रही होगी। जब हम मैदान में उतरे, तब स्टेडियम लगभग 80 प्रतिशत भर चुका था। उम्मीद है कि हमने दर्शकों को अच्छा मैच दिया होगा।

## मानसिक रूप से अधिक मजबूत सैमसन अब परिपक्व हो चुका है: शास्त्री

मुंबई। भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने संजू सैमसन के मानसिक दृढ़ता की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि इस अनुभवी बल्लेबाज ने मौजूदा टी20 विश्व कप में प्रदर्शन में निरंतरता और बेहतर शॉट चयन की जरूरत को समझते हुए अपनी परिपक्वता साबित कर दी है। सलामी बल्लेबाज सैमसन ने इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 42 गेंदों में 89 रन बनाकर भारत को गुरुवार को सात रन से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इससे पहले उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ नाबाद 97 रन बनाकर भारत को जीत दिलाई थी। शास्त्री ने 'द आईसीसी रिव्यू' में कहा, ''मुझे लगता है कि आखिरकार उन्हें यह अहसास हो रहा है और वह इस बात को स्वीकार कर रहे हैं कि उन्हें अपने प्रदर्शन में अधिक निरंतरता की जरूरत है। उन्हें अपने शॉट चयन में अधिक समझदारी दिखानी होगी और अपने मजबूत पक्षों पर भरोसा करना होगा।

# वरुण की फॉर्म भारत के लिए चिंता का विषय, लेकिन अक्षर ने कहा वह अब भी तुरुप का इक्का

एजेंसी



मुंबई। पिछले कुछ मैचों में वरुण चक्रवर्ती के खराब प्रदर्शन को देखकर लग रहा है कि उनकी रहस्यमयी गेंदबाजी का रहस्य अब सुलझता नजर आ रहा है लेकिन उनके साथी खिलाड़ी अब भी इस लेग स्पिनर को अपनी टीम का तुरुप का इक्का मानते हैं। अगर टीम प्रबंधन रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप के फाइनल में दुनिया के शीर्ष गेंदबाज को टीम में बनाए रखने का फैसला करता है, तो वह भारत के लिए कमजोर कड़ी साबित हो सकते हैं। टूर्नामेंट के सुपर आठ चरण के बाद से उनकी फॉर्म में लगातार गिरावट को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। चक्रवर्ती को टूर्नामेंट के अंतिम चरण में खराब प्रदर्शन करने के बाद अपने मन में मौजूद शंकाओं को दूर करने की जरूरत होगी। इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार को खेले गए सेमीफाइनल मैच में जैकब बेथेल ने चक्रवर्ती को अपने निशाने पर रखा था। इस भारतीय गेंदबाज ने चार ओवर में 64 रन देकर एक विकेट लिया। भारत के उप कप्तान अक्षर पटेल ने हाल ही में चक्रवर्ती से बातचीत की है और इस बात पर जोर दिया कि जब चीजें अनुकूल नहीं चल रही हों तब भी अपनी रणनीति पर कायम रहना कितना महत्वपूर्ण है। अक्षर ने कहा, ''हमने चक्रवर्ती की मौजूदा समस्याओं के बारे में बात की है। हमने इस समय कई नॉकआउट मैच खेले हैं, इसलिए सही मानसिकता का होना बहुत महत्वपूर्ण है। कौशल और बाकी चीजें भी मायने रखती हैं, लेकिन हमने उससे यही कहा कि जब उसकी गेंदों पर रन बनने लगें तो अपनी रणनीति को नहीं बदलें। उन्होंने कहा, ''पहले आपकी रणनीति विकेट को निशाना बनाकर गेंदबाजी करने की होती है और फिर अचानक आप लाइन बदल देते हैं। दबाव वाली परिस्थितियों में गलतियां हो सकती हैं। हम उसे लगातार यही कहते रहते हैं कि तुम टीम के लिए तुरुप का इक्का हो। खुद पर भरोसा रखो और पूरे आत्मविश्वास के साथ गेंदबाजी करो। वरुण ने सेमीफाइनल से पहले नेट पर जमकर अभ्यास किया, लेकिन पावरप्ले में गेंदबाजी करने के बाद वह अपनी लय हासिल नहीं कर पाए। इंग्लैंड ने चक्रवर्ती के लिए पूरी तैयारी कर रखी थी और बाएं हाथ के बल्लेबाज बेथेल ने उन्हें किसी भी समय लय हासिल नहीं करने दी। उन्होंने चक्रवर्ती के पहले ही ओवर में तीन छक्के जड़े। बेथेल ने चक्रवर्ती की 13 गेंदों में 42 रन बनाए। चक्रवर्ती पिछले कुछ समय से बहुत शॉर्ट या फिर ओवर पिच गेंदबाजी कर रहे हैं जिससे बल्लेबाजों के लिए उनकी गेंदों को समझना आसान हो गया है अक्षर ने कहा, ''अगर आप देखें तो कुछ छक्के खाने के बाद भी उसने जोस बटलर का विकेट लिया। वह नंबर एक टी20 गेंदबाज है और वह जानता है कि उसे क्या करना है। यह मानसिकता की बात है। हमें अभी एक और मैच खेलना है और उम्मीद है कि वह फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत के पास हर नंबर पर बेहतरीन बल्लेबाज, बुमराह इस समय सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं: ब्रूक

**मुंबई।** इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रुक ने जसप्रीत बुमराह की जमकर तारीफ करते हुए भारत के इस तेज गेंदबाज को 'वर्तमान समय का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज' करार दिया। बुमराह ने टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल के आखिरी ओवरों में सटीक यॉर्करों की बौछार से इंग्लैंड के बल्लेबाजों को हतप्रभ कर दिया। भारत ने यह मैच सात रन से जीता। मौजूदा चैंपियन भारत ने संजू सैमसन की 42 गेंदों में खेली गई शानदार 89 रन की पारी की बदौलत सात विकेट पर 253 रन बनाए। इसके जवाब में इंग्लैंड ने सात विकेट पर 246 रन बनाए। ब्रूक ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, ''उनको हराना आसान नहीं है। उनके पास हर नंबर पर बहुत अच्छे बल्लेबाज हैं। उनके पास कुछ बेहद अच्छे बल्लेबाज हैं और वे सटीक शॉट लगाते हैं। अगर आप थोड़ा सा भी चूक जाते हैं, तो छक्का या चौका लग जाता है। उन्होंने कहा, ''दुर्भाग्य से हमने उतना अच्छा प्रदर्शन नहीं किया जितना हम कर सकते थे और कुछ कैच छूटने से हमें थोड़ा नुकसान हुआ। भारतीय पारी के तीसरे ओवर में ब्रुक ने तब सैमसन का आसान कैच छोड़ दिया, जब वह 15 रन पर थे। इसकी इंग्लैंड को भारी कीमत चुकानी पड़ी। इंग्लैंड ने हालांकि आखिर तक हार नहीं मानी। एक समय उसे 18 गेंद पर 45 रन की जरूरत थी और जैकब बेथेल (105) क्रीज पर थे। लेकिन बुमराह ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए 18वें ओवर में केवल छह रन दिए और अपनी सटीक यॉर्कर की जिससे इंग्लैंड के सामने अंतिम दो ओवरों में 39 रन बनाने का असंभव लक्ष्य आ गया। ब्रुक ने बुमराह के बारे में कहा, ''वह बहुत अच्छा गेंदबाज है, शायद इस समय का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज है। वह लंबे समय से बहुत अच्छा गेंदबाज रहा है। उन्होंने कहा, ''इसके अलावा भारतीयों ने भी शानदार फील्डिंग की, अक्षर पटेल का वह कैच (जिससे ब्रूक आउट हो गए थे) निश्चित रूप से मैंने जितनी भी कैच देखे हैं उनमें से सर्वश्रेष्ठ कैच में से एक था। इसके लिए उनकी जितनी भी तारीफ की जाए कम है। ब्रूक ने कहा कि इंग्लैंड का प्रदर्शन शानदार रहा और वह अपने इस अभियान पर गर्व कर सकता हूं। उन्होंने कहा, ''मुझे निराशा है कि हम फाइनल में नहीं पहुंच पाए लेकिन मुझे अपनी टीम के प्रदर्शन पर गर्व है। सच कहूं तो एक कप्तान के रूप में मैं इससे ज्यादा की उम्मीद नहीं कर सकता था। मुझे लगता है कि हमारा अभियान शानदार रहा है। इंग्लैंड के कप्तान ने कहा, '''जैसा कि मैंने कुछ दिन पहले कहा था, हम कभी भी मुकाबले से बाहर नहीं होते और आज रात (गुरुवार) यह फिर से साबित हो गया। हम आखिरी ओवर तक मुकाबले में बने रहे। मुझे अपने खिलाड़ियों पर बेहद गर्व है और सभी खिलाड़ियों को भी खुद पर बेहद गर्व होना चाहिए। ब्रुक ने 22 वर्षीय बेथेल की जमकर प्रशंसा की, जिनके शतक ने इंग्लैंड को भविष्य के लिए बहुत उम्मीदें जगाईं। उन्होंने कहा, ''वह एक असाधारण खिलाड़ी है। जैसा कि हमने आज भारत के खिलाफ उनके घरेलू मैदान पर दबाव वाली स्थिति में भी उसके प्रदर्शन को देखा। जिस तरह से उसने वह पारी खेली, वह वाकई असाधारण थी। मुझे उम्मीद है कि भविष्य में मुझे उसके साथ काफी समय बिताने का मौका मिलेगा।

### अमेरिकी छूट के बाद भारतीय रिफाइनरी कंपनियों ने समुद्र में फंसे रूसी तेल की खरीद शुरू की

**नयी दिल्ली।** भारतीय रिफाइनरी कंपनियों ने देश के पास समुद्र में फंसे लगभग 1.5 करोड़ बैरल से अधिक रूसी कच्चे तेल की खरीद शुरू कर दी है। रिफाइनरियां यह कदम पश्चिम एशिया में आपूर्ति बाधाओं से पैदा हुई चिंताओं के बीच उठा रही हैं। सूत्रों ने कहा कि अमेरिकी वित्त विभाग ने भारत को समुद्र में फंसे रूसी तेल कार्गो खरीदने की अनुमति देने के लिए 30 दिवसीय लाइसेंस जारी किया है, जिसके बाद रिफाइनरियों ने अपनी खरीद तेज कर दी है। रूस के तेल के शीर्ष खरीदारों में शामिल भारत ने अमेरिका के दबाव के बाद अपनी रूसी तेल की खरीद कम कर दी थी। फरवरी में भारत का रूसी कच्चे तेल का आयात घटकर 10.4 लाख बैरल प्रति दिन रह गया, जो नवंबर 2022 के बाद सबसे निचला स्तर है। अमेरिका ने भारतीय वस्तुओं पर शुल्क में कटौती को भारत द्वारा रूसी कच्चे तेल की खरीद कम करने से जोड़ दिया था। सूत्रों ने कहा कि इसके कारण रूसी तेल के कई जहाज समुद्र में ही फंस गए थे। भारत अब पश्चिम एशिया की आपूर्ति में व्यवधान के बीच अपनी खरीद को समायोजित कर रहा है। ऐसे में भारतीय रिफाइनरियां अब घरेलू ईंधन की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए समुद्र में मौजूद रूसी कार्गो और अन्य स्रोतों से खरीद के बीच संतुलन बना रही हैं। सूत्रों ने कहा कि अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में रूसी तेल के एक दर्जन से अधिक टैंकर मौजूद हैं। इसके अलावा आठ अन्य जहाज सिंगापुर के पास खड़े हैं जो कुछ ही दिन में भारत पहुंच सकते हैं। जिंस कारोबार का विश्लेषण करने वाली कंपनी केप्लर के सुमित रितोलिया ने कहा कि छूट मिलने के बाद रिफाइनरियां तेजी से खरीद शुरू कर सकती हैं, जिससे निकट भविष्य में रूसी तेल का आयात 16 से 20 लाख बैरल प्रतिदिन तक पहुंच सकता है।

# ईटीपीएल की फ्रेंचाइजी खरीदेंगे द्रविड़ और अश्विन

एजेंसी



लंदन। दिग्गज खिलाड़ी राहुल द्रविड़ और रविचंद्रन अश्विन उस भारतीय समूह का हिस्सा हैं जो यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग (ईटीपीएल) में एक फ्रेंचाइजी खरीदने जा रहा है। बीबीसी स्पोर्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार गर्मियों में होने वाले छह टीमों के टूर्नामेंट में ग्लासगो स्थित फ्रेंचाइजी को खरीदने के लिए इस समूह ने एक समझौते पर सहमति जताई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ईटीपीएल नीदरलैंड के रॉटरडैम स्थित अपनी फ्रेंचाइजी को भी दक्षिण अफ्रीका के निवेशकों के एक समूह को बेचने की तैयारी में है। इस समूह में दक्षिण अफ्रीका के पूर्व खिलाड़ी फाफ डुप्लेसी, हेनरिक क्लासेन और जोंटी रोड्स भी शामिल हैं। संभावना है कि इस महीने के आखिर में एक कार्यक्रम में दोनों फ्रेंचाइजी की आधिकारिक घोषणा की जाएगी। एम्स्टर्डम, बेलफास्ट और एडिनबर्ग में स्थित ईटीपीएल फ्रेंचाइजी को जनवरी में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के निवेशकों को बेच दिया गया था। अभी यह पता नहीं चल पाया है कि अश्विन ईटीपीएल में खेलेंगे या नहीं। इस 39 वर्षीय खिलाड़ी ने दिसंबर 2024 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और पिछले साल इंडियन प्रीमियर लीग से संन्यास ले लिया था। अब वह वैश्विक फ्रेंचाइजी लीग में खेलने के लिए स्वतंत्र हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, ''अश्विन की भागीदारी बेहद दिलचस्प है। इससे उनके ईटीपीएल में खेलने की संभावना बन गई है, जो आयोजकों के लिए बड़ी उपलब्धि होगी। अश्विन ने भारत के लिए 106 टेस्ट, 116 वनडे और 65 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले और कुल 765 विकेट लिए। द्रविड़ पूर्व में स्कॉटलैंड की क्रिकेट से जुड़े रहे हैं और माना जा रहा है कि यही कारण है कि उन्होंने ग्लासगो स्थित फ्रेंचाइजी के साथ जुड़ने का फैसला किया। स्कॉटलैंड जब इंग्लिश काउंटी क्रिकेट में भाग लेता था तब द्रविड़ 2003 में उसके लिए खेले थे। भारत के दिग्गज बल्लेबाज द्रविड़ ने नेशनल क्रिकेट लीग में 11 मैच खेले, जिसमें उन्होंने तीन शतकों सहित 600 रन बनाए। द्रविड़ ने भारत के लिए 164 टेस्ट और 344 वनडे मैच खेले। उन्होंने इनमें 48 शतकों सहित 24,000 से अधिक रन बनाए। वह नवंबर 2021 से जून 2024 तक भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के मुख्य कोच भी रहे।

# लियोनेल मेस्सी ने डोनाल्ड ट्रंप को रत्नजड़ित गुलाबी फुटबॉल भेंट की

एजेंसी




वाशिंगटन। दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी ने पिछले साल मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) कप जीतने पर इंटर मियामी को सम्मानित करने के लिए व्हाइट हाउस में आयोजित एक समारोह के दौरान अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को रत्नजड़ित गुलाबी फुटबॉल भेंट की। इंटर मियामी ने दिसंबर में वैंकूवर व्हाइटकैप्स को हराकर मेजर लीग सॉकर का खिताब जीता था। अर्जेंटीना के सुपरस्टार मेस्सी को लगातार दूसरे सत्र में सबसे मूल्यवान खिलाड़ी (एमवीपी) चुना गया था। ट्रंप ने कहा, ''लियो (मेस्सी) आप टीम से जुड़े और आपकी टीम ने जीत हासिल की। आपके लिए अच्छा प्रदर्शन करना आसान नहीं था। सच कहूं तो आप पर जितना दबाव था, उतना किसी को पता भी नहीं होगा, क्योंकि उम्मीद की जा रही थी कि आप जीत दिलाने में सफल रहेंगे और आपने ऐसा किया। मेस्सी ने ट्रंप के साथ समारोह में प्रवेश किया। वर्ष 2023 में मियामी से जुड़ने वाले मेस्सी ने कार्यक्रम के दौरान भाषण नहीं दिया। ट्रंप ने मेस्सी को संबोधित करते हुए कहा, ''आप दुनिया में कहीं भी जा सकते थे। आप दुनिया की कोई भी टीम चुन सकते थे, लेकिन आपने मियामी को चुना। मैं आपका आभार व्यक्त करना चाहता हूं कि आपने हम सभी को इस सफर में शामिल किया। आप प्रतिभाशाली और एक बेहतरीन इंसान हैं।''

# ईडी का अनिल अंबानी और रिलायंस पावर लिमिटेड से जुड़ी कई कंपनियों पर छापा

एजेंसी




नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उद्योगपति अनिल अंबानी के समूह की कंपनी 'रिलायंस पावर लिमिटेड' के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के तहत मुंबई और हैदराबाद में कई स्थानों पर शुक्रवार को छापेमारी की है। अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ईडी के अधिकारी अनिल अंबानी और रिलायंस पावर लिमिटेड से जुड़ी कंपनियों पर छापेमारी कर रहे हैं। ईडी की 15 टीमों ने आज सुबह इस कंपनी से जुड़े लोगों के खिलाफ छापेमारी की कार्रवाई की है। बताया गया है कि केंद्रीय जांच एजेंसी के अधिकारी अनिल अंबानी की कंपनी और उसके अधिकारियों से जुड़े लगभग 10-12 ठिकानों पर दोनों शहरों में छापेमारी कर रही है। इस कार्रवाई के तहत मुंबई और हैदराबाद में छापेमारी की जा रही है। एजेंसी ने इन स्थानों में कंपनी के कार्यालय, अधिकारियों के निजी ठिकाने और अन्य संबंधित परिसर को शामिल किया है। छापेमारी के दौरान एजेंसी की टीमों ने दस्तावेज, वित्तीय रिकॉर्ड और अन्य जरूरी सामग्री जब्त की है। ईडी की यह कार्रवाई एजेंसी की व्यापक जांच का हिस्सा है, जिसमें बैंक धोखाधड़ी से जुड़े लेन-देन और वित्तीय अनियमितताओं की गहन पड़ताल की जा रही है। ईडी ने पहले ही संकेत दिया था कि अनिल अंबानी से जुड़े विभिन्न समूह कंपनियों की वित्तीय गतिविधियों का विश्लेषण किया जा रहा है और संदिग्ध लेन-देन की पहचान की जा रही है।

# यस बैंक कामकाजी महिलाओं के लिए शुरू करेगा 'यस इसेंस महिला वेतन खाता'

एजेंसी




नई दिल्ली। निजी क्षेत्र के यस बैंक ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से पहले काम काजी महिलाओं की वित्तीय एवं जीवनशैली संबंधी जरूरतें पूरा करने में मददगार एक विशेष वेतन खाता शुरू करने की घोषणा की है। यस बैंक की यह नई पेशकश वित्तीय सुरक्षा, निवारक स्वास्थ्य देखभाल, जीवनशैली विशेषाधिकार और संपत्ति सृजन जैसी विशेष सर्विस को एक ही मंच पर उपलब्ध कराएगी। बैंक ने बताया कि इस नए खाते का नाम 'यस इसेंस महिला वेतन खाता' रखा गया है। इसके तहत पहले वर्ष के लिए विशेष मुफ्त लॉकर सुविधा, एक वर्ष के लिए पांच लाख रुपये का टॉप-अप स्वास्थ्य कवर और वर्ष में एक बार वार्षिक निवारक स्वास्थ्य जांच जैसी सुविधाएं होंगी। बैंक ने कहा कि इसे खास तौर पर उन महिलाओं के लिए डिजाइन किया गया है, जो नौकरी या प्रोफ़ेशनल काम के जरिए अपनी आय अर्जित करती हैं। बैंक का कहना है कि यह खाता महिलाओं को बेहतर बैंकिंग अनुभव देने के साथ-साथ उनके वित्तीय भविष्य को मजबूत बनाने में भी मदद करेगा।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रो पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई–निविदायें सिंगल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं० | 106–टेली / टेंडर / 29 / 2025–26 |
| कार्य का नाम | लखनऊ मंडल उत्तर रेलवे के कम इन्सुलेशन वाले 6 क्वाड केबल और आपातकालीन सॉकेट की मरम्मत का कार्य। |
| अनुमानित लागत | रू 5,05,83,377.07 / – |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रू 4,02,900.00 / – |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 300 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 24/03/2026 at 15:30 hrs |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय / मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर / उत्तर रेलवे / लखनऊ |

ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट **www.ireps.gov.in** के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू०सं०–106–टेली / टेन्डर / 29 / 2025–26 दिनांक: 03.03.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 737/26

# भेदभाव-स्वार्थ त्यागकर देश के लिए समर्पित हों, तभी भारत संपूर्ण मानवता को शांति-समृद्धि का मार्ग दिखाएगा: मोहन भागवत



जैसलमेर। राजस्थान के जैसलमेर में दादा गुरुदेव आचार्य श्री जिनदत्त सूरी के 871वें चादर महोत्सव के अवसर पर सामाजिक समरसता का अनुपम दृश्य देखने को मिला। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जैन और सनातन परंपरा के संतों सहित समाज के सभी वर्गों के लोगों का संगम हुआ। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत भी उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम पूर्णतः समरसता और सामाजिक एकता के भाव पर आधारित था, जिसमें गच्छाधिपति जिनमणिप्रभ सागर के नेतृत्व में धर्म, तीर्थ एवं संस्कृति की रक्षा का संकल्प दोहराया गया।

इस अवसर पर डॉ. भागवत ने समाज से केवल उपदेशों तक सीमित न रहकर आचरण में परिवर्तन लाने का आग्रह किया। उन्होंने लोगों से कहा कि अपने मित्रों और परिचितों के दायरे में विभिन्न जातियों, पंथों, भाषाओं और प्रदेशों के लोगों को शामिल करें। जब हम सुख-दुख, खान-पान और सामाजिक जीवन साझा करेंगे, तभी वास्तविक सामाजिक शक्ति प्रकट होगी।

डॉ. भागवत ने भारतीय संस्कृति की चिरंतनता, विविधता में एकता और सामाजिक समरसता पर प्रकाश डाला। उन्होंने दादा गुरुदेव आचार्य जिन दत्त सूरी की 871 वर्ष पुरानी चादर को भारत की सनातन संस्कृति की जीवटता का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि यह चादर उस सत्य का प्रतीक है जिसे न अग्नि जला सकती है, न शस्त्र काट सकते हैं और न ही जल भिगो सकता है। यह हमारे पूर्वजों द्वारा पहचाने गए उस शाश्वत सत्य का प्रमाण है जो सर्वत्र विद्यमान है। उन्होंने सभी को यह संकल्प दिलाया कि यदि हम आपसी भेदभाव और स्वार्थ को त्यागकर देश के लिए समर्पित हो जाएं, तो भारत न केवल परम वैभव संपन्न राष्ट्र बनेगा बल्कि एक विश्वगुरु के रूप में संपूर्ण मानवता को शांति और समृद्धि का मार्ग दिखाएगा। डॉ. भागवत ने जैन दर्शन के अनेकांतवाद सिद्धांत की सराहना करते हुए कहा कि सत्य इतना व्यापक है कि उस तक पहुंचने के मार्ग अलग-अलग होना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि विविधता वास्तव में एकता का शृंगार और उत्सव है, न कि विभाजन का कारण। अपने भाषण में उन्होंने एक रेल यात्रा की मार्मिक घटना का उल्लेख करते हुए बताया कि समाज में झगड़े और संघर्ष इसलिए होते हैं क्योंकि लोग एक-दूसरे को पहचान नहीं पाते और अपने एकत्व के भाव को भूल जाते हैं। जब मनुष्य ह समझ जाता है कि हम सब एक ही चेतना के अंश हैं, तब स्वार्थ और भेदभाव स्वतः समाप्त हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि लीग ऑफ नेशंस और संयुक्त राष्ट्र संघ जैसी वैश्विक संस्थाएं युद्धों को नहीं रोक सकतीं। इसके लिए मानव के भीतर करुणा और एकात्मता का भाव होना आवश्यक है। इस अवसर पर गच्छाधिपति जिन मणिप्रभसागर महाराज ने कहा कि समरसता ही राष्ट्र की वास्तविक शक्ति है। भारत का ध्वज पूरे विश्व में सम्मानपूर्वक लहराने के लिए सभी संप्रदायों के संतों को एकता और अहिंसा का मार्ग अपनाना होगा। उन्होंने भगवान महावीर और भगवान राम के जीवन का उदाहरण देते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में जातिवाद और छुआछूत का कोई स्थान नहीं है। उन्होंने युवाओं को सही दिशा देने और समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर संघ और समाज के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान चादर महोत्सव की स्मृति में डाक टिकट, विशेष सिक्के और दादा गुरुदेव पर आधारित पुस्तक का भी विमोचन किया गया।

# जेवर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट को मिला एरोड्रम लाइसेंस

एजेंसी

नई दिल्ली/नोएडा। उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर जिले के जेवर में स्थित नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (एनआईए) के लिए यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड (वाईआईएपीएल) को एयरोड्रोम लाइसेंस मिल गया है। जेवर एयरपोर्ट को इसका लंबे समय से इंतजार था। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में बताया कि विमानन नियामक नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर के जेवर में स्थित नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के लिए यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड को एयरोड्रोम लाइसेंस दे दिया है। इससे पहले जेवर एयरपोर्ट को सिक्योरिटी क्लीयरेंस भी मिल चुका है। मंत्रालय के मुताबिक इस एयरपोर्ट को ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल एजी की पूरी तरह से मालिकाना हक वाली सब्सिडियरी कंपनी वाईआईएपीएल ने उत्तर प्रदेश सरकार और भारत सरकार के साथ




सरकारी निजी कंपनी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत विकसित किया है। इसका कंसेशन पीरियड 1 अक्टूबर, 2021 को 40 साल के लिए शुरू हुआ। मंत्रालय के मुताबिक इस एयरपोर्ट को हर मौसम में ऑपरेशन के लिए पब्लिक यूज कैटेगरी के तहत लाइसेंस मिला है। इसमें 10/28 ओरिएंटेशन वाला रनवे है। इसका डाइमेंशन 3,900 द्वै45 द्व है, जिसे इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (आईएलएस) और एरोनॉटिकल ग्राउंड लाइटिंग (एजीएल) सिस्टम से सपोर्ट मिलता है, जिससे इसका 247 ऑपरेशन हो सकता हैं। एयरोड्रम में 24 कोड ए और 02 कोड एयरक्राफ्ट के लिए पार्किंग स्टैंड हैं।

# पेज एक का शेष

## केमिकल-फ्री...

नारियल का उत्पादन होता है, लेकिन कई स्थानों पर पेड़ पुराने हो चुके हैं और उनकी उत्पादकता कम हो गई है। इसलिए बजट में नारियल उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं, जिससे किसानों की आय बढ़ेगी।

उन्होंने कहा कि हिमालयी राज्यों में टेम्पर्ड नट फसलों को बढ़ावा देने का भी प्रस्ताव किया गया है। जैसे-जैसे निर्यात उन्मुख उत्पादन बढ़ेगा, वैसे-वैसे प्रोसेसिंग और वैल्यू एडिशन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। इसके लिए सरकार, कृषि विशेषज्ञों, उद्योग और किसानों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यदि उच्च मूल्य वाली कृषि को सामूहिक प्रयासों से बढ़ावा दिया जाए तो भारत का कृषि क्षेत्र वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बन सकता है। इसके लिए गुणवत्ता, ब्रांडिंग और अंतरराष्ट्रीय मानकों को बढ़ावा देना जरूरी है, ताकि भारतीय कृषि उत्पादों की वैश्विक बाजारों में मजबूत पहचान बन सके।

उन्होंने पशुपालन क्षेत्र को ग्रामीण अर्थव्यवस्था का तेजी से उभरता स्तंभ बताते हुए कहा कि भारत आज दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है और अंडा उत्पादन में दूसरे स्थान पर है। इस क्षेत्र को और आगे बढ़ाने के लिए बेहतर नस्ल, रोग नियंत्रण और वैज्ञानिक प्रबंधन पर ध्यान देने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ग्रामीण समृद्धि के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और स्वामित्व योजना जैसी योजनाओं ने गांवों की अर्थव्यवस्था को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों को वित्तीय सहायता देकर महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने वर्ष 2029 तक तीन करोड़ और ञ्लखपति दीदीङ्क बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की आय और आर्थिक भागीदारी बढ़ेगी। प्रधानमंत्री ने राज्यों से भी कृषि क्षेत्र पर अधिक ध्यान देने और किसानों को नई तकनीकों तथा बाजारों से जोड़ने के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया।

प्रधानमंत्री...

दक्षिण दिल्ली और हवाई अड्डे के बीच बेहतर संपर्क स्थापित होगा। प्रधानमंत्री करीब 15,200 करोड़ रुपये की लागत से जनरल पूल रेजिडेंशियल अकॉमोडेशन (जीपीआरए) पुनर्विकास योजना के तहत कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे। सरोजिनी नगर, नेताजी नगर, कस्तूरबा नगर और श्रीनिवासपुरी सहित प्रमुख स्थानों पर फैली ये परियोजनाएं सरकारी कर्मचारियों के लिए आधुनिक आवास और प्रशासनिक ढांचे के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही हैं। इस पुनर्विकास योजना के तहत 9,350 से अधिक आधुनिक फ्लैट बनाए जाएंगे, साथ ही लगभग 48 लाख वर्ग फुट कार्यालय क्षेत्र भी विकसित किया जाएगा, जिससे प्रशासनिक दक्षता में सुधार होगा।

## केंद...

अमेरिका और इजराइल ने कहा कि ईरान के मिसाइल हमले में काफी कमी आई है। इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल इयाल जमीर ने दावा कि उनके हमलों की लहरों ने ईरान के 80 प्रतिशत एयर डिफेंस और 60 प्रतिशत मिसाइल लॉन्चर तबाह कर दिए हैं। जमीर ने कहा कि हमला अभी जारी रहेगा। जमीर ने माना कि ईरान ने मध्य इजराइल पर रात को क्लस्टर वॉरहेड दागा। इससे कोई नुकसान नहीं हुआ।

अमेरिका के रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका के पास हमले जारी रखने के लिए सैन्य साजो सामान का बड़ा जखीरा है। हेगसेथ ने फ्लोरिडा में सेंट्रल कमांड के मुख्यालय में संवाददाताओं से कहा, ''ईरान उम्मीद कर रहा है कि हम हमले जारी रख नहीं पाएंगे। यह उसकी बहुत बड़ी गलतफहमी है। हमारे भंडारण केंद्रों में हथियार भरे हुए हैं। हमारी इच्छाशक्ति मजबूत है।''

द यरुशलम पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, इजराइल के हमलों से भयभीत लेबनान के लोग राजधानी बेरूत छोड़कर भाग रहे हैं। दक्षिणी लेबनान, बेरूत और कुछ दूसरी जगहों पर रहे लगभग 500,000 हिजबुल्लाह समर्थकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया है। दक्षिणी लेबनान से 400,000 से ज्यादा लोगों को निकाला गया है। आईडीएफ ने हिजबुल्लाह के गढ़ों में पिछले 24 घंटों में 26 हमले किए हैं। इससे कई शहर भूतिया नजर आने लगे हैं। आज तक इजराइली हमलों की संख्या बढ़कर 450 हो गई है। इजराइल को इस समय लेबनान में छुपे हिजबुल्लाह प्रमुख नईम कासिम की तलाश है। उसने 2024 में हसन नसरल्लाह और हशेम सफ़ीद्दीन की हत्या के बाद उनकी जगह ली थी।

अन्य रिपोर्ट्स के अनुसार, महत्वपूर्ण है कि ईरान ने भी इजराइल और अमेरिक के सैन्य ठिकानों और क्षेत्र के कई देशों पर मिसाइल और ड्रोन हमलों की नई लहर शुरू कर दी। युद्ध शुरू होने के बाद अब तक ईरान में लगभग 1230 लोगों, लेबनान में 100 से ज्यादा और इजराइल में करीब एक दर्जन लोगों की जान जा चुकी है। आईडीएफ ने कहा कि उसे छह ईरानी बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्चरों को नष्ट कर दिया है। यही नहीं हालिया हमलों में ईरान की तीन उन्नत रक्षा प्रणालियों को नेस्तनाबूद कर दिया। सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय का कहना है कि उसने रियाद के उत्तर-पूर्व में एक और ड्रोन को रोककर नष्ट कर दिया। ईरान के हमले में कुवैत के 67 जवान घायल हो गए हैं। सैकड़ों मिसाइलें और ड्रोन लक्ष्य पर पहुंचने से पहले ही नष्ट कर दिए हैं। कुवैत के सरकारी संचार केंद्र की एक ब्रीफिंग में शुक्रवार को रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। रक्षा मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता सऊद अल-अतवान ने कहा कि घायल लोगों का अस्पताल में इलाज जारी है और उनकी हालत स्थिर है। लेबनान में रह रहे ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के कई दर्जन अधिकारी बेरूत को छोड़कर अन्य स्थानों पर चले गए हैं। आईआरजीसी के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल अली मोहम्मद नैनी ने शुक्रवार को कहा कि ईरान लंबे युद्ध के लिए पूरी तरह तैयार है। उधर, हिजबुल्लाह ने शुक्रवार को टेलीग्राम में इजराइल की थल सेना पर हुए हमलों की जिम्मेदारी ली है। उसने कहा कि यह हमले लेबनान में इजराइल के जवानों पर किए गए। ईरान की अर्ध-सरकारी फार्स न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, बहरीन की राजधानी मनामा पर रात भर हुए हमलों में फाइनेंशियल हार्बर टावर्स वाणिज्यिक परिसर को निशाना बनाया गया। इस परिसर पर हमला इसलिए किया गया क्योंकि इजराइली दूतावास इसी परिसर पर है।

पश्चिम एशिया में जारी सैन्य संघर्ष के बीच ईरान ने बहरीन एवं संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) स्थित अमेरिकी कंपनी अमेजन के डेटा सेंटर समेत कई प्रतिष्ठानों पर हमला किया। इन हमलों की पुष्टि अमेजन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) ने भी की है। तुर्किये की सरकारी न्यूज एजेंसी अनादोलु एजेंसी ने ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी फार्स के हवाले से बताया कि ईरान की आईआरजीसी ने बहरीन में अमेज़न के एक डेटा सेंटर पर ड्रोन हमला किया। एक अन्य मीडिया रिपोर्ट में राजधानी मनामा स्थित दो होटलों और एक रिहायशी इमारत को भी निशाना बनाए जाने की खबर है। बहरीन के गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इन हमलों से भौतिक क्षति हुई है, लेकिन किसी की जान नहीं गई। उल्लेखनीय है कि अमेजन एक अमेरिकी मल्टीनेशनल टेक्नोलॉजी कंपनी है, जो ई-कॉमर्स, क्लाउड कंप्यूटिंग, ऑनलाइन एडवरटाइजिंग, डिजिटल स्ट्रीमिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में काम करती है। फ़ार्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि यह हमला बहरीन स्थित अमेजन की एक फ़ैसिलिटी सेंटर को निशाना बनाकर किया गया। यह कार्रवाई दुबई में अमेजन के डेटा सेंटर और क्षेत्र की अन्य रणनीतिक साइटों के खिलाफ ईरान के हालिया अभियानों की एक शृंखला का हिस्सा थी। इस बीच अमेजन के क्लाउड कंप्यूटिंग डिवीजन अमेजन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) ने एक बयान में कहा कि यूएई में उसकी दो फैसिलिटी सेंटर पर सीधा हमला हुआ, जबकि बहरीन में उसकी एक फैसिलिटी सेंटर के पास ड्रोन हमले के कारण उसके इंफ्रास्ट्रक्चर को काफी नुकसान पहुंचा है। एडब्ल्यूएस ने बताया कि इन हमलों से ढांचे को नुकसान हुआ है, बिजली आपूर्ति बाधित हुई है और कुछ मामलों में आग बुझाने के प्रयास करने पड़े। आग बुझाने के दौरान इस्तेमाल किए गए पानी के कारण भी इंफ्रास्ट्रक्चर को अतिरिक्त नुकसान हुआ है।

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी सैन्य संघर्ष ने पश्चिम एशिया के अधिकांश इलाके को अपनी चपेट में ले लिया है। ईरान खाड़ी के देशों में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों और उससे संबंधित इलाकों को लगातार निशाना बना रहा है। गुरुवार देर रात बहरीन की राजधानी मनामा में फाइनेंशियल हार्बर टावर्स को निशाना बनाया गया। वहीं बहरीन, कतर, सऊदी अरब और जॉर्डन में एयर डिफेंस सिस्टम लगातार उसके हमलों को इंटरसेप्ट कर रहे हैं। मौजूदा हालात के मद्देनजर कई देशों ने सुरक्षा अलर्ट जारी कर लोगों से घरों में रहने की अपील की है।

तुर्किये की सरकारी न्यूज एजेंसी अनादोलु एजेंसी और ईरान की न्यूज एजेंसी फार्स के अनुसार बहरीन की राजधानी मनामा में रात के समय हुए हमलों में फ़ाइनेंशियल हार्बर टावर्स और कमर्शियल कॉम्प्लेक्स को निशाना बनाया गया, जहां शहर में इज़राइली दूतावास स्थित है। बहरीन डिफ़ेंस फ़ोर्स ने एक बयान में कहा कि ईरान की ओर से बहरीन के क्षेत्र को निशाना बनाकर दागी गई 78 मिसाइलें और 143 ड्रोन एयर डिफेंस सिस्टम ने नष्ट कर दिए। बहरीन डिफेंस फोर्स अपने सैनिकों की तैयारी और सतर्कता की सराहना करते हुए नागरिकों से घरों में रहने और केवल अत्यंत आवश्यक होने पर ही बाहर निकलने की अपील की है।

सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि सेंट्रल अल-खारज गवर्नरेट के पूर्व में एक क्रूज मिसाइल को इंटरसेप्ट कर दिया। बाद में मंत्रालय ने यह भी जानकारी दी कि रियाद क्षेत्र के पूर्व में तीन ड्रोन को भी मार गिराया गया। उधर कतर के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि उसकी एयर डिफेंस फोर्स ने दोहा स्थित अल उदीद एयर बेस को निशाना बनाकर किए गए एक ड्रोन हमले को विफल कर दिया। यह एयर बेस अमेरिका के लिए एक महत्वपूर्ण सैन्य ठिकाना माना जाता है। दोहा में सुबह करीब 4 बजे धमाकों की जोरदार आवाजें सुनीं गयीं, जो ईरान से आए ड्रोन को इंटरसेप्ट करने के दौरान हुई थीं। पिछले पांच दिनों में सैन्य बेस को निशाना बनाकर दो बैलिस्टिक मिसाइलें दागी गईं, जिनमें से एक को इंटरसेप्ट कर लिया गया जबकि दूसरी अपने लक्ष्य तक पहुंची, हालांकि नुकसान को लेकर अभी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है।

उन्होंने बताया कि कतर में सभी संवेदनशील इलाकों के आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। ईरान की ओर से पूरे गल्फ कोऑपरेशन काउंसिल (जीसीसी) क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों और अन्य लक्ष्यों को निशाना बनाने का एक पैटर्न दिखाई दे रहा है और आने वाले दिनों में ऐसे हमले जारी रहने की आशंका बनी हुई है। इससे पहले अधिकारियों ने सुरक्षा खतरे का स्तर बढ़ने की चेतावनी जारी करते हुए लोगों से घरों के अंदर रहने और खिड़कियों तथा खुली जगहों से दूर रहने की सलाह दी थी। गुरुवार को भी दोहा में कई धमाकों की आवाजें सुनी गई थीं।

इधर यूरोपीय संघ के नेताओं ने खाड़ी देशों के प्रति समर्थन जताया है। यूरोपीय संघ की विदेश नीति प्रमुख काजा कैलास और अन्य नेताओं ने ब्रसेल्स में जीसीसी अधिकारियों के साथ बैठक कर खाड़ी देशों के खिलाफ ईरान के हमलों की निंदा की। वहीं शुक्रवार को जॉर्डन के शहर इरबिद में भी एयर डिफेंस सिस्टम ने कई ड्रोन हवा में ही नष्ट कर दिए।

उल्लेखनीय है कि पश्चिम एशिया के प्रमुख देशों में सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, कुवैत, ओमान, बहरीन, यमन, इराक, ईरान, इजराइल, जॉर्डन, लेबनान, सीरिया, तुर्किये, साइप्रस और फिलिस्तीन शामिल हैं।

इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने स्थानीय समयानुसर शुक्रवार सुबह ईरान की राजधानी तेहरान में बड़े पैमाने पर नए हमले किए। इजराइल ने तेहरान में आतंकी ढांचे को निशाना बनाया। इसके अलावा लेबनान की राजधानी बेरूत में हिजबुल्लाह के ठिकानों में बमबारी की गई है। ईरान ने जवाब में मिसाइलें दागी हैं।

फॉक्स न्यूज चैनल और द यरुशलम पोस्ट अखबार के मुताबिक, इजराइल की सेना ने तेहरान में वहां की आतंकी संरचना को लक्ष्य किया। साथ ही बेरूत के दहियाह इलाके में आतंकी समूह हिजबुल्लाह के गढ़ पर हमला किया । हमले के दौरान दक्षिणी लेबनानी बॉर्डर पर सायरन बजाए गए। ईरान के मिसाइलें दागते ही इजराइल में भी सायरन बजाए गए।

इस बीच हिजबुल्लाह ने टेलीग्राम मैसेजिंग ऐप में लोगों से शुक्रवार सुबह बॉर्डर के पास के इलाकों को खाली करने की अपील की। आतंकी समूह ने कहा, ''लेबनान की आजादी और नागरिकों की सुरक्षा के लिए इजराइली हमले को चुनौती दी जाएगी।''

इजराइल के हमले से भड़के ईरान ने बहरीन की राजधानी में एक होटल और दो रिहायशी इमारतों पर हमला किया है। अधिकारियों ने बताया कि ईरानी सेना ने गुरुवार को बहरीन में एक होटल और दो रिहायशी इमारतों पर हमला किया। बहरीन के गृह मंत्रालय ने एक्स पोस्ट में मनामा में एक इमारत पर हमले की पुष्टि की। पोस्ट में कहा गया, ''ईरानी हमले ने मनामा में एक होटल और दो रिहायशी इमारतों को निशाना बनाया।'' गृह मंत्रालय ने कहा, ''किसी की जान का नुकसान नहीं हुआ। सिविल डिफेंस ने दो इमारतों में से एक के फ्लैट में लगी आग बुझा दी है।''

## 31 मार्च ...

ने न केवल अपनी जिम्मेदारियों को मजबूती से निभाया है, बल्कि बदलती सुरक्षा चुनौतियों के अनुसार खुद को आधुनिक भी बनाया है।

उन्होंने कहा, वीरता, त्याग और आत्मबलिदान भारत के गौरवशाली इतिहास की पहचान हैं। इन मूल्यों को समर्पण और आधुनिक हथियारों के साथ जोड़कर सीआईएसएफ ने हर चुनौती का सामना करने का साहस दिखाया है।ङ्क शाह ने कहा कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को हासिल करने और देश के औद्योगिक विस्तार को सुरक्षित रखने में सीआईएसएफ की भूमिका आगे भी महत्वपूर्ण बनी रहेगी।

## ममता...

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और अब तृणमूल कंग्रेस के शासन में गुंडागर्दी को बढ़ावा मिला है। कहा कि तृणमूल कंग्रेस की दबंगई अब नहीं चलेगी और भारतीय जनता पार्टी इसका मुकाबला करेगी। बाद में केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने पश्चिम मेदिनीपुर जिले के नारायणगढ़ से भाजपा की परिवर्तन यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह यात्रा विधानसभा चुनाव से पहले जनसंपर्क अभियान के तहत राज्य के विभिन्न हिस्सों में निकाली जा रही है।

## रांची...

गई। हालांकि, कई घंटों तक चली जांच के दौरान कहीं से भी कोई संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री बरामद नहीं हुई। इसके बाद पुलिस ने राहत की सांस ली, लेकिन मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच जारी रखी गई है।

पुलिस अब उस ईमेल की तकनीकी जांच कर रही है, जिसके जरिए धमकी दी गई थी। साइबर टीम की मदद से मेल भेजने वाले व्यक्ति की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। डीएसपी ने बताया कि पूरे परिसर की जांच की गई है और मामले की तकनीकी जांच जारी है।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी रांची में इसी तरह की धमकी का मामला सामने आ चुका है। कुछ समय पहले रांची सिविल न्यायालय और समाहरणालय को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। उस समय भी अज्ञात व्यक्ति ने ईमेल के जरिए आरडीएक्स से विस्फोट करने की बात कही थी। हालांकि, उस मामले में भी व्यापक तलाशी अभियान के बावजूद कोई विस्फोटक सामग्री बरामद नहीं हुई थी।

## नागपुर...

उन्होंने भंडारा जिले के शाहपुर में डीएसए अकादमी से अपने सैन्य पूर्व-प्रशिक्षण को पूरा किया था। लगभग तीन वर्ष पूर्व वे भारतीय वायुसेना से पास आउट हुए थे। उनके साहसपूर्ण कार्यों और समर्पित सेवा के लिए पूरे विदर्भ सहित देशभर में शोक व्यक्त किया जा रहा है।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए दोनों वैमानिकों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि, ''सुखोई विमान दुर्घटना में स्क्वॉड्रन लीडर अनुज और फ्लाइट लेफ्टनेंट पूर्वेश दुरगकर के निधन की खबर अत्यंत दुःखद है। राष्ट्रसेवा के प्रति उनका समर्पण और साहस भारतीय वायुसेना की सर्वोच्च परंपरा का प्रतीक है। देश उनके बलिदान को नमन करता है।''

## राजनाथ...

सिंह ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि सुखोई-30 विमान हादसे में दोनों पायलटों स्क्वाड्रन लीडर अनुज और फ्लाइट लेफ्टिनेंट पूर्वेश दुर्गाकर के निधन की खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। देश के लिए उनकी हिम्मत और सेवा को हमेशा गर्व और आभार के साथ याद किया जाएगा। दुखी परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। दुख की इस घड़ी में देश उनके साथ मजबूती से खड़ा है।

राहुल गांधी ने अपनी शोक संवेदना में कहा कि भारतीय वायुसेना के वीर जवान स्क्वाड्रन लीडर अनुज और फ्लाइट लेफ्टिनेंट पूर्वेश का विमान दुर्घटना में शहीद होने का समाचार अत्यंत दुःखद और पीड़ादायक है। इन वीर सपूतों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। इस दुख की घड़ी में पूरा देश उनके साथ खड़ा है।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि असम में हुई विमान दुर्घटना में दोनों वीर जवानों की शहादत का समाचार अत्यंत दुखद है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक-संतप्त परिवारों को इस कठिन समय में संबल प्रदान करने की कामना की।

बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि भारतीय वायुसेना के एसयू-30एमकेआई विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की खबर अत्यंत दुःखद है। इस दुर्घटना में स्क्वाड्रन लीडर अनुज और फ्लाइट लेफ्टिनेंट पूर्वेश के निधन से राष्ट्र ने अपने दो वीर सपूत खो दिए। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिजनों को इस कठिन समय में धैर्य और संबल दें।

## पुलिस...

2017 से पहले के एक अराजक, बिगड़े, दंगाग्रस्त, कर्फ्यू ग्रस्त राज्य को सेफ यूपी के रूप में बदल दिया।

उन्होंने कहा कि विकास की पहली शर्त सुरक्षा होती है, लेकिन 2017 से पहले न व्यक्ति सुरक्षित था और न ही परिवार तो कैसे निवेश आएगा लेकिन 2017 के बाद भारत की आत्मा उत्तर प्रदेश को संजोने संवारने के लिए हमने वह सब कुछ किया जो जरूरी था और यह परिणाम 09 वर्ष में सबके सामने है। उन्होंने समारोह को विशेष महत्व का बताते हुए कहा कि 09 वर्ष में यह ओवरऑल परिवर्तन व परसेप्शन बदला इसके लिए कुछ सुधार किये गए। ट्रांसफॉर्मेशन बगैर रिफॉर्म के नहीं हो सकता।

उन्होंने अपनी सरकार में पुलिस में किए गए सुधार व उपलब्ध कराए गए संसाधनों की चर्चा करते हुए कहा कि वर्ष 2017 में यूपी पुलिस के पास पीआरवी के कुल 9500 वाहन थे, आज उनकी संख्या प्रदेश में 15,500 से अधिक है। इसी प्रकार 2017 में टू व्हीलर की संख्या 3000 थी लेकिन आज इनकी संख्या बढकर 9200 से अधिक है। यह केवल संख्या नहीं है, इसने पुलिस के रिस्पॉन्स टाइम को न्यूनतम लाने में सफलता प्राप्त की है। अगर देखें तो आपातकालीन स्थिति में जितनी त्वरित कार्रवाई होगी वही विश्वास में बदलती है और यह विश्वास ही ट्रांसफारमेशन का कारण बनता है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी हमेशा कहते हैं कि मॉडल पुलिसिंग के लिए जो तीन महत्वपूर्ण स्तंभ हैं, उसमें इंफ्रास्ट्रक्चर, टेक्नोलॉजी और मोबिलिटी और इन तीनों का अपना महत्व है। उत्तर प्रदेश पुलिस बल का जो पहले बजट था, वह 2017 के पहले साँस अटकते-अटकते 16,000 करोड़ तक पहुँच पाता था और वह भी खर्च नहीं हो पाता था। वर्षों पहले जिले बने थे लेकिन जिला मुख्यालय नहीं, पुलिस लाइन नहीं, ऐसे में क्या पुलिस परिणाम देती? इतना ही नहीं पुलिस के पास पुराने असलहे, कोई सुविधा नहीं, अवस्थापना सुविधाएँ जीरो, टूटे हुए बैरक में, टूटे हुए एज्बेस्ट्स शीट के नीचे रहने के लिए पुलिसकर्मी दिन भर की 12 घंटे की ड्यूटी के बाद जब आते थे। मौसम में सर्दी, गर्मी, बरसात में उस टूटे हुए खपरैल के नीचे उन्हें रहने के लिए मजबूर होना पड़ता था। मुख्यमंत्री ने लखनऊ की पुलिस लाइन के भ्रमण के दौरान संसाधनों की कमी का जिक्र किया कि किस तरह जवान रहने के लिए मजबूर होते थे।

मुख्यमंत्री योगी ने अपने कार्यकाल में पुलिस संसाधनों के विस्तार की चर्चा करते हुए कहा कि आज मॉडल थाने बन रहे हैं, मॉडल फायर स्टेशन बन रहे हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस बल की ट्रेनिंग की क्षमता 2017 में केवल 3000 ट्रेनिंग की क्षमता थी ऐसे में चिंता थी कि ट्रेनिंग कैसे दी जाएगी। नौजवान परेशान थे, क्योंकि वर्षों से भर्ती नहीं हो पाई थी और निष्पक्ष भर्ती तो एक प्रश्न बना हुआ था कैसे होगा। मेरे सामने समस्या थी कि हम 3000 से अधिक भर्ती एक बार नहीं कर सकते थे । मुख्यमंत्री ने कहा 2017 के बाद तेजी से काम हुआ और विश्व स्तरीय फारेंसिक लैब बनाए गए हैं। कई जिले में निर्माणाधीन हैं। फारेंसिक वैन भी तैनात है। बड़ी संख्या में पुलिस कार्मिकों की भर्ती की और सभी की ट्रेनिंग यूपी के ही ट्रेनिंग सेंटर में हो रही है। उन्होंने कहा कि मैं विश्वास दिलाता हूं उत्तर प्रदेश सरकार और उत्तर प्रदेश पुलिस अपनी 'ज़ीरो टॉलरेंस' की नीति के तहत और 'ज़ीरो करप्शन' की उस नीति को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगी और उत्तर प्रदेश को एक 'सेफ स्टेट' और 'सेफ समृद्ध स्टेट' के रूप में भारत के 'ग्रोथ इंजन' के रूप में प्रस्तुत करेगी । आज हम किसी भी चुनौती का सामना करने की स्थिति में है। आज उत्तर प्रदेश की पुलिस और पीएसी की मांग अन्य राज्यों में हो रही है। मुख्यमंत्री योगी ने 50 वाहनों की उपलब्धता के लिए हांडा फाउंडेशन को पुलिस पर भरोसा जताने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया और कहा कि उद्यम आगे बढ़ता रहे और सामाजिक सुरक्षा,औद्योगिक निवेश में तेजी आए। यह समारोह शासन, उद्योग जगत और समाज का है, और जब यह तीनों एक दिशा में सोचते हैं तो विकास होता है।

## कानपुर...

विधानसभा चुनाव को लेकर संगठनात्मक रणनीति, जनसंपर्क अभियान और अन्य राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ किदवई नगर स्थित भाजपा विधायक महेश त्रिवेदी के आवास पहुंचे और हाल ही में दाम्पत्य जीवन में प्रवेश करने वाले विधायक के पुत्र व पुत्रवधू को आशीर्वाद दिया। वहीं प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी बैठक स्थल से सीधा एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गये।

# अमित शाह आज हरिद्वार में उत्तराखंड के विकास पर केंद्रित प्रदर्शनी का करेंगे अवलोकन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। केंद्रीय गृह एवं सहकारितामंत्री अमित शाह आज हरिद्वार के बैरागी कैंप में उत्तराखंड के विकास पर केंद्रित प्रदर्शनी का अवलोकन और जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, राज्य सरकार के मंत्री, सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे। सात मार्च से शुरू होने वाली 'न्याय संहिता' विषयक इस राज्यस्तरीय प्रदर्शनी का समापन नौ मार्च को होगा। यह विशेष प्रदर्शनी मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में बीते चार वर्ष के दौरान उत्तराखंड में किए गए विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं के अलावा लिए गए अन्य महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक निर्णयों पर केंद्रित होगी। प्रदर्शनी में राज्य के बुनियादी ढांचे के विकास, सड़क एवं संपर्क मार्गों के सुदृढ़ीकरण, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, शिक्षा क्षेत्र में सुधार, निवेश प्रोत्साहन, पर्यटन विकास, धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण और सीमांत क्षेत्रों के विकास के लिए किए गए महत्वपूर्ण कार्य को देखा और समझा जा सकेगा। प्रदर्शनी में राज्य में सुशासन, पारदर्शिता तथा नागरिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में किए गए प्रयासों को भी रेखांकित किया जाएगा। प्रदर्शनी में लगभग सभी विभागों की झलक देखने को मिलेगी। यह प्रदर्शनी केंद्र सरकार के नए आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जनजागरुकता के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। प्रदर्शनी में नई न्याय संहिता की प्रमुख विशेषताओं को सरल और प्रभावी माध्यमों से प्रस्तुत किया जाएगा। इसमें समयबद्ध जांच एवं आरोप-पत्र की अनिवार्यता, शून्य प्राथमिकी तथा इलेक्ट्रॉनिक प्राथमिकी की व्यवस्था, सात वर्ष से अधिक दंडनीय अपराधों में अनिवार्य विधि-विज्ञान जांच, इलेक्ट्रॉनिक एवं डिजिटल साक्ष्यों की वैधता, महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध अपराधों के लिए सशक्त प्रावधान, संगठित अपराध, साइबर अपराध एवं आतंकवाद से संबंधित स्पष्ट दंड प्रावधान, पीड़ित प्रतिकर योजना तथा संपत्ति की शीघ्र वापसी की व्यवस्था को प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा। नाट्य प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र होंगी।

# फांसी घर मामला : दिल्ली विधानसभा में आज कुछ ही लोगों के प्रवेश की अनुमति

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में विशेषाधिकार समिति की बैठक में फांसी घर मामले पर चर्चा के दौरान शुक्रवार को कुछ ही लोगों के प्रवेश की अनुमति दी गयी। दिल्ली विधानसभा परिसर में आज विशेषाधिकार समिति के सदस्यों, विधानसभा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मुख्यमंत्री/मंत्रियों, मुख्य सचेतक, नेता प्रतिपक्ष और (जिन लोगों को समन जारी है) को प्रवेश की अनुमति दी गयी। विशेषाधिकार समिति ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल और पूर्व मंत्री राखी बिड़ला को समन जारी किया हुआ है। यह निर्देश दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष के जरिए जारी किया गया है। इसकी जानकारी आज विधानसभा सचिव रंजीत सिंह ने दी। निर्देशों के मुताबिक, आज विशेषाधिकार समिति द्वारा राष्ट्रीय महत्व के एक अत्यंत संवेदनशील मामले की सुनवाई निर्धारित है। साथ ही कुछ सदस्यों द्वारा मीडिया में किए गए पोस्ट के कारण अव्यवस्था उत्पन्न होने की गंभीर आशंका और खतरा भी है। इसके अतिरिक्त अध्यक्ष ने यह भी निर्देश दिया है कि यदि कोई सदस्य/व्यक्ति विधानसभा परिसर में ऐसी किसी गतिविधि में संलग्न पाया जाता है जिससे विधानसभा सचिवालय के कार्य या समिति की कार्यवाही में बाधा या व्यवधान उत्पन्न हो, तो उसके विरुद्ध विशेषाधिकार हनन तथा अवमानना की कार्यवाही की जाएगी। अतः सदस्यों से अनुरोध है कि वे अध्यक्ष के निर्देशों का पालन करें और सहयोग प्रदान करें।

# 8040 पीस कोडिन युक्त सिरप तथा 21,000 टेन टैबलेट के साथ एक अपराधी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

भागलपुर। जिले के इशाकचक थानान्तर्गत 8040 पीस कोडिन युक्त सिरप तथा 21,000 टेन टैबलेट के साथ एक अपराधकर्मी को गिरफ्तार किया गया है। उक्त आशय की जानकारी शुक्रवार को सिटी एसपी शैलेंद्र सिंह ने एक प्रेस वार्ता के दौरान दी। सिटी एसपी ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अवैध शराब, आर्म्स, मादक पदार्थ आदि की बरामदगी के लिए सघन गश्ती एवं चोरी और छिनतई के हॉट स्पॉट पर छापेमारी की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को सूचना प्राप्त हुआ कि इशाकचक थाना अंतर्गत इस्लामनगर स्थित दीलकश रमीज के अन्य घर में बडी मात्रा में कोडीन युक्त सिरप संग्रह कर खरीद-बिक्री किया जा रहा है। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए एसएसपी के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक, नगर भागलपुर के निगरानी तथा पुलिस उपाधीक्षक, नगर-01 भागलपुर एवं डी0आई0यू0 टीम के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। गठित टीम ने इशाकचक थानान्तर्गत इस्लामनगर स्थित दीलकश रमीज के अन्य घर में देखा कि एक व्यक्ति बैठा हुआ है जो पुलिस बल को देखकर भागने लगा। सशस्त्र बल के सहयोग से पिछा कर मो0 फरहान पिता-मो0 रमिज सा0-करामत अली लेन थाना-ततारपुर जिला-भागलपुर को पकड़ लिया गया। उक्त अपराधकर्मी से पूछ-ताछ एवं तलाशी के क्रम में इनके पास से 8040 पीस कोडिन युक्त सिरप तथा 21,000 टेन टैबलेट बरामद किया गया है। गिरफ्तार अपराधकर्मी के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार फरहान का आपराधिक इतिहास रहा है। पुलिस उपाधीक्षक, नगर-01 भागलपुर के नेतृत्व में गठित छापामारी दल रौशन कुमार थानाध्यक्ष इशाकचक थाना, पुलिस अवसर निरीक्षक राजीव कुमार, पी0टी0सी0 गौतम कुमार, सिपाही मनीष कुमार, विक्की कुमार, विजय कुमार और स्विटी कुमारी शामिल थे।

# बिहार में राजनीति हलचल के बीच जदयू के प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए उमेश कुशवाहा ने नामांकन किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने की घोषणा और नामांकन के बाद शुक्रवार को जदयू के अंदर गतिविधियां तेज हो गयी है। आज शाम को नीतीश कुमार सांसद, विधायक और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक करने वाले है। इससे पूर्व पार्टी में प्रदेश अध्यक्ष के चयन को लेकर कवायद शुरू हुई है। शुक्रवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए उमेश कुशवाहा ने नामांकन दाखिल किया। प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए नामांकन की अंतिम तिथि शुक्रवार थी। उमेश कुशवाहा के नामांकन में कई वरिष्ठ नेताओं ने प्रस्तावक की भूमिका निभाई। इनमें सांसद रामनाथ ठाकुर, बिहार सरकार की मंत्री लेसी सिंह, मंत्री श्रवण कुमार सहित पार्टी के कई विधायक शामिल रहे। पार्टी नेताओं से मिल रही जानकारी के मुताबिक अब तक किसी अन्य नेता ने इस पद के लिए नामांकन नहीं किया है। ऐसे में उमेश कुशवाहा का तीसरी बार निर्विरोध जदयू प्रदेश अध्यक्ष चुना जाना लगभग तय माना जा रहा है। नामांकन के बाद उमेश कुशवाहा ने कहा कि शुक्रवार शाम 5 बजे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में जदयू विधायकों की महत्वपूर्ण बैठक होने जा रही है। इस बैठक में मुख्यमंत्री मौजूदा राजनीतिक हालात को लेकर पार्टी विधायकों से चर्चा करेंगे और अपनी बात रखेंगे। मौके पर मौजूद बिहार सरकार की मंत्री लेसी सिंह ने आज शाम होने वाली पार्टी की इस बैठक को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आवास पर शाम 5 बजे होने वाली बैठक में जदयू के सभी विधायक शामिल होंगे। लेसी सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति कार्यकर्ताओं का भावुक होना स्वाभाविक है, क्योंकि पिछले करीब 20 वर्षों में उन्होंने राज्य के विकास के लिए काम किया है और पार्टी के हर कार्यकर्ता ने उनका साथ दिया है।

## लंबे इंतजार के बाद सिमराही नगर पंचायत में सड़क निर्माण कार्य का शुरू

सुपौल। लगभग तीन वर्षों के लंबे इंतजार के बाद आखिरकार नगर पंचायत सिमराही में विकास कार्यों की शुरुआत हो गई है। इससे नगर क्षेत्र के लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को नगर पंचायत सिमराही के वार्ड नंबर 13 में सड़क निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। सड़क निर्माण कार्य का उद्घाटन वार्ड पार्षद गोपीकान्त झा तथा समाजसेवी रामानंद चौधरी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर दोनों ने अपने हाथों से फावड़ा पकड़कर कार्य का शुभारंभ किया। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि अब नगर पंचायत क्षेत्र में अन्य विकास कार्यों को भी गति मिलेगी। बताया जा रहा है कि यह सड़क वार्ड नंबर 13 में अभिषेक होटल से लेकर रामानंद चौधरी के घर तक बनाई जा रही है। लंबे समय से इस सड़क की स्थिति काफी जर्जर थी, जिसके कारण स्थानीय लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। बरसात के दिनों में स्थिति और भी खराब हो जाती थी, जिससे राहगीरों और स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती थी।

## हंगामे, वॉकआउट के बीच पंजाब विधानसभा का बजट सत्र शुरू

चंडीगढ़। राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया के अभिभाषण से पंजाब विधानसभा का बजट सत्र शुक्रवार पूर्वाह्न 11:00 बजे यहां विधान भवन में शुरू हुआ। यह 11 दिवसीय बजट सत्र वर्तमान सरकार का विधानसभा चुनावों से पहले का अंतिम बजट होगा। बजट आठ मार्च को पेश किया जाएगा। राज्यपाल के अभिभाषण के शुरू होते ही सदन में कांग्रेस विधायकों ने हंगामा शुरू कर दिया और कानून-व्यवस्था के मुद्दे को लेकर सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध जताया। पंजाब के कैबिनेट के सभी मंत्रियों ने भी राज्यपाल के अभिभाषण को बीच में ही छोड़ कर बाहर आकर मीडिया को संबोधित करना शुरू कर दिया। सदन के बाहर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बैंड और बाजा लेकर कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन किया।

# पीला पंजा: सडक चौडीकरण में बाधक दो भवनों को तोड़ने की कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हल्द्वानी। शहर में एक बार फिर से सड़क चौड़ीकरण का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज प्रशासन और नगर निगम की टीम भारी पुलिस बल के साथ नगर निगम क्षेत्र के ऊंचापुल चौराहे के पास पहुंची। टीम ने सड़क चौड़ीकरण में बाधक बन रहे दो भवनों को तोड़ने की कार्रवाई शुरु की।

सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी और नगर आयुक्त परितोष वर्मा के नेतृत्व में लोक निर्माण विभाग और नगर निगम की टीम द्वारा ऊंचापुल चौराहे पर दो अवैध मकान जिनके द्वारा सरकारी जमीन पर मकान बना दिया गया था, जिसे आज तोड़े जाने की कार्रवाई की गई है। दोनों मकान काफी बड़े हैं, इसीलिए कार्रवाई अधिक दिन तक चलेगी, इसके बाद ऊंचापुल चौराहे पर सड़क चौड़ीकरण का कार्य शुरू हो जाएगा, साथ ही स्थानीय लोगों को जाम से निजात मिलेगी। सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने बताया शहर में कई जगह पर सड़क चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है, लोगों से लगातार अपील की जा रही है कि अपने अतिक्रमण को खुद हटा ले, नहीं तो प्रशासन सख्ती से कार्रवाई करेगा, जरूरत पड़ी तो बलपूर्वक भी अतिक्रमण को हटाया जाएगा।

## बिहार की राजनीति के लिए ऐतिहासिक और गौरव का समय: प्रेम रंजन पटेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक प्रेम रंजन पटेल ने बयान जारी कर कहा कि मुख्यमंत्री नितीश कुमार का राज्यसभा के लिए नामांकन कर केंद्र की राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाने का निर्णय, बिहार की आवाज को राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक मजबूत करने के साथ राज्य के विकास से जुड़े मुद्दों को भी नई गति प्रदान करेगा। उनके लंबे प्रशासनिक अनुभव और संतुलित नेतृत्व का लाभ अब राष्ट्रीय नीति निर्माण में होगा, जिससे बिहार के हितों को और अधिक मजबूती से रखा जा सकेगा। उन्होंने कहा कि बिहार के ऊर्जावान युवा नेता नितिन नविन का भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना और राज्यसभा में नामांकन के माध्यम से राष्ट्रीय राजनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा बनना पूरे बिहार के लिए गौरव का विषय है। युवा नेतृत्व, संगठनात्मक क्षमता और राजनीतिक अनुभव के साथ वे राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी को नई दिशा देने के साथ-साथ बिहार की जन आकांक्षाओं को मजबूती प्रदान करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि लंबे समय से सार्वजनिक जीवन में सक्रिय, अनुभवी और लोकप्रिय नेता नंद किशोर यादव को राज्यपाल के महत्वपूर्ण दायित्व से सम्मानित किया जाना भी बिहार के लिए गर्व का विषय है। अपने लंबे राजनीतिक और प्रशासनिक अनुभव के कारण वे संवैधानिक पद की गरिमा को और अधिक सुदृढ़ करेंगे तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। यह बिहार के लिए अत्यंत सकारात्मक और प्रेरणादायक स्थिति है कि राज्य से जुड़े अनुभवी, दूरदर्शी और समर्पित नेता राष्ट्रीय राजनीति के विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर अपनी भूमिका निभा रहे हैं।

# सैयद अता हसनैन को बिहार और नंदकिशोर यादव को नागालैंड का राज्यपाल बनाए जाने पर संजय सरावगी ने दी बधाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बिहार प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन को बिहार का नया राज्यपाल नियुक्त किए जाने और बिहार विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष नंदकिशोर यादर को नागालैंड का राज्यपाल बनाए जाने पर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

संजय सरावगी ने कहा कि सैयद अता हसनैन भारतीय सेना के वरिष्ठ और अनुभवी अधिकारी रहे हैं। उन्होंने अपने लगभग 40 वर्षों के सैन्य करियर में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं। विशेष रूप से जम्मू-कश्मीर में उनकी भूमिका को बेहद अहम माना जाता है। उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में उनकी रणनीति और नेतृत्व की काफी सराहना हुई है। उन्होंने कहा कि सेना में उनका करियर उत्कृष्ट नेतृत्व, रणनीतिक सोच और राष्ट्रसेवा के लिए जाना जाता है। सेवानिवृत्ति के बाद भी सैयद अता हसनैन सार्वजनिक जीवन में सक्रिय रहे और वर्ष 2018 में उन्हें कश्मीर केंद्रीय विश्वविद्यालय का कुलाधिपति बनाया गया, जहां उन्होंने अपनी जिम्मेदारियां सफलतापूर्वक निभाईं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सैयद अता हसनैन का प्रशासनिक अनुभव और जनसेवा की भावना बिहार के लिए लाभकारी साबित होगी। उनके दूरदर्शी नेतृत्व से राज्य को नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने ईश्वर से उनके सफल और उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। संजय सरावगी ने साथ ही भाजपा के वरिष्ठ नेता नंद किशोर यादव को नागालैंड का राज्यपाल नियुक्त किए जाने पर भी बधाई दी। उन्होंने इस निर्णय के लिए केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नेतृत्व ने ल्लबिहार की मिट्टी के लालङ्क और बिहार विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष को उनके व्यापक प्रशासनिक अनुभव के आधार पर यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने कहा कि नंदकिशोर यादव कई विभागों के सफल मंत्री रह चुके हैं और भाजपा के बिहार प्रदेश अध्यक्ष के रूप में भी उन्होंने संगठन को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नंदकिशोर यादव जैसे वरिष्ठ और अनुभवी नेताओं को सम्मान देना भाजपा की परंपरा रही है और यह निर्णय उसी परंपरा को आगे बढ़ाने का उदाहरण है। उन्होंने दोनों नेताओं को नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

# केंद्रीय विद्यालय सीवान की विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक में उत्कृष्ट शिक्षक व छात्र हुए सम्मानित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीवान। केंद्रीय विद्यालय संगठन के अंतर्गत संचालित केंद्रीय विद्यालय सीवान में शुक्रवार को विद्यालय प्रबंधन समिति की द्वितीय बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय ने की। बैठक के दौरान सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले शिक्षकों को जिलाधिकारी द्वारा प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित शिक्षकों में दीपिका पाठक, टी.पी. गुप्ता, अशोक श्रीवास्तव, धर्मुलाल, एस.के. तिवारी, मोहम्मद असलम तथा ममता कुमारी शामिल हैं।इस अवसर पर विद्यालय के मेधावी छात्र सोएब अख्तर को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। वहीं कक्षा नौ की छात्रा आराध्या कुमारी को राष्ट्रीय स्तर की खेल-कूद प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया।बैठक के दौरान केंद्रीय विद्यालय सीवान के प्राचार्य हेमंत कुमार ने विद्यालय के लिए स्थायी भवन हेतु भूमि आवंटन में सहयोग देने के लिए जिलाधिकारी के प्रति आभार व्यक्त किया। जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय ने विद्यालय के विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया। अंत में विद्यालय प्रबंधन की ओर से जिलाधिकारी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

रंगों के इस पावन पर्व होली की सभी क्षेत्रवासियों को बहुत बहुत बधाई हार्दिक शुभकामनाएं

पूरनपुर गैस सर्विस

डीलर :- इंसियन गैस

प्रोपराइटर :- प्रेम मलिक

प्रबंधक :- वरुण सिंह

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय  कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान  स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे।  फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com  RNI NO - UPHIN/2012/42063